वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

रविवार, 19 जुलाई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 11, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

ऋण के साथ सहायता भी प्रदान करता है सिडबी

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा सिडबी किसानों को केवल ऋण देने तक सीमित नहीं है, बल्कि सभी आवश्यक सहायता भी प्रदान करता है। } 10

गृहमंत्री अमित शाह ने अंतरराष्ट्रीय सीमा का लिया जायजा

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उत्तर बंगाल में संवेदनशील अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़ से लगे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और सीमा सुरक्षा बल के लिए 77 .06 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। } 12

सुरक्षा में सेंध लगाने वाले जायेंगे जहन्नुम : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमरोहा में 43 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

विशेष संवाददाता

अमरोहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि 2017 से पहले विकास, औद्योगिक निवेश व किसानों को गन्ना भुगतान संभव नहीं था। 2007 से 2017 के बीच सरकारों ने 29 चीनी मिलों को बंद किया था और 21 चीनी मिलों को औने-पौने दाम पर बेच दिया था। यदि वे सरकारें अभी होतीं तो अब तक यूपी का चीनी उद्योग बंद हो चुका होता। डबल इंजन की भाजपा सरकार 122 चीनी मिलों का संचालन कर रही है। 3.23 लाख करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है। गन्ना मूल्य भी बढ़कर 400 रुपये प्रति कुंतल हो गया है। यूपी अब चीनी, गन्ना, एथेनॉल उत्पादन करने वाला नंबर-वन राज्य है। सीएम ने कहा कि पिछली सरकारों में हर जनपद में दंगे होते थे, लोग असुरक्षित थे। हमने कहा कि सुरक्षा में सेंध लगाने वालों के लिए जेल या जहन्नुम ही जगह है। हमारी सरकार ने माफिया को मिट्टी में मिलाने का काम किया। सीएम योगी शनिवार को वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, गजरौला में अमरोहा व धनौरा विधानसभा क्षेत्र के लिए 207 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 43 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के उपरांत जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर जनपद के आध्यात्मिक इतिहास व महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमरोहा को अब कोई पिछड़ा नहीं कहेगा। इसने हस्तशिल्प व कारीगरी के माध्यम से दुनिया में अपना लोहा मनवाया है। ओडीओपी के जरिए अमरोहा के तबला व ढोलक की पहचान बनी है। यहां का किसान आम की उपज को वैश्विक बाजार में पहुंचा रहा है। मध्य गंगा नहर परियोजना भी पूरी हो रही है। गंगा एक्सप्रेसवे ने राह आसान कर दी है। 10 साल पहले कोई सोच नहीं सकता था कि अमरोहा से दिल्ली, लखनऊ, ...शेष पृष्ठ 10 पर

अब यूपी में न कर्फ्यू, न दंगा, सब है चंगा : सीएम

विशेष संवाददाता

बुलंदशहर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में भय, दहशत और असुरक्षा का माहौल था। उस समय बुलंदशहर सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में दंगे होते थे और कर्फ्यू लगता था। उस दौर में बेटियां और व्यापारी स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं करते थे तथा कई परिवारों ने अपनी बेटियों की पढ़ाई तक बंद करा दी थी। पहले हर जिले में माफिया और हर थाने में वसूली का सिंडिकेट सक्रिय था। गरीबों को न्याय नहीं मिलता था, महिलाओं की सुरक्षा नहीं थी और व्यापारियों को भय के माहौल में काम करना पड़ता था। आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। अब यहां सब चंगा है। सरकार ने माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने दोहराया कि माफिया को मिट्टी में मिलाएंगे और ऐसा करके दिखाया गया। बेटी और व्यापारी की सुरक्षा से खिलवाड़ करने ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

चढ़ावा चोरी मामला में पूरे स्टाफ से होगी पूछताछ

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले की जांच के तहच अब मंदिर के दैनिक कामकाज में शामिल सभी लोगों से पूछताछ की जाएगी। उच्च पदस्थ सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि मामले की जांच केवल दान के गबन तक सीमित नहीं होगी बल्कि ट्रस्ट द्वारा निर्माण और जमीन की खरीद में किए गए अन्य लेन-देन की भी जांच की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, लगभग 50 लोग मंदिर में भक्तों द्वारा दान किए गए नोटों की गिनती में लगे हुए थे और इनकी भर्ती ट्रस्ट के पदाधिकारियों या उनके साथ जुड़े अन्य लोगों द्वारा की गई सिफारिशों पर की गई थी।

पुजारी की डंडों से पीटकर हत्या

महोबा। जिले स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के पुजारी की अज्ञात हमलावरों ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के जैतपुर इलाके की है। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के जैतपुर में प्राचीन हनुमान मंदिर के पुजारी उदित नारायण मिश्रा का खून से लथपथ शव मंदिर परिसर में मिला। शव पर लाठी-डंडों के निशान पाए गए और ऐसा प्रतीत होता है कि अज्ञात हमलावरों ने शुक्रवार रात उनकी हत्या की है। एएसपी ने बताया कि पुजारी उदित नारायण मूल रूप से हमीरपुर जिले के निवासी थे और पिछले 15-16 से प्राचीन हनुमान मंदिर का प्रबंधन कर रहे थे।

सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

फिरोजाबाद/पीलीभीत। फिरोजाबाद जिले के मक्खनपुर थाना क्षेत्र में बिल्टीगढ़ बाईपास पर शनिवार देर शाम एक कार के सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा जाने से एक महिला एवं उसके बेटे की मौत हो गई तथा तीन अन्य लोग घायल हो गए। इस बीच, पीलीभीत में अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति और उसके चार वर्षीय पुत्र की मौत हो गई। मक्खनपुर थाना प्रभारी चमन शर्मा ने बताया कि मैनपुरी जिले के कुरावली क्षेत्र के निवासी सचिन कुमार कार से अपनी पत्नी राखी (30) और आठ वर्षीय पुत्र अग्रिम के साथ आगरा से मैनपुरी जा रहे थे। उन्होंने बताया कि कार में चालक सहित दो अन्य लोग भी सवार थे।

शिवसेना (उबाठा) के छह बागी सांसदों को विलय की मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को शिवसेना (उबाठा) के छह बागी सांसदों के महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में विलय को मंजूरी दे दी। साथ ही, एक कम चर्चित राजनीतिक दल नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया में शामिल हुए तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों के लिए लोकसभा में अलग बैठने की व्यवस्था को भी स्वीकृति प्रदान की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, इन छह सांसदों के विलय के बाद लोकसभा में शिवसेना के सांसदों की संख्या सात से बढ़कर 13 हो गई है। सूत्रों ने बताया कि तृणमूल के 20 बागी सांसद सदन में अपनी मूल पार्टी से अलग बैठेंगे। इन बागी सांसदों की इस मांग पर अभी कोई स्पष्टता नहीं है कि उन्हें एनसीपीआई के सांसदों के रूप में आधिकारिक मान्यता दी जाए।

अमेरिका और ईरान के बीच हमले तेज

एजेंसी

दुबई। अमेरिका और ईरान ने शनिवार को भी एक-दूसरे के बुनियादी ढांचे और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हमले किए। दुनिया के सबसे अहम समुद्री मार्गों में से एक होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण को लेकर दोनों देशों के बीच संघर्ष लगातार गहराता जा रहा है।

पिछले कई दिनों से दोनों पक्ष एक-दूसरे पर लगातार हमले कर रहे हैं। अंतरिम युद्धविराम टूटने के बाद, इस संघर्ष के जल्द समाप्त होने के कोई संकेत नहीं हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि उसने लगातार सातवीं रात ईरान के खिलाफ अभियान में उसकी सैन्य ताकत ...शेष पृष्ठ 10 पर

देश का पहला निजी रॉकेट विक्रम-1 कक्षा में स्थापित

पीएम मोदी समेत वरिष्ठ नेताओं ने दी बधाई

एजेंसी

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)। भारत में निजी क्षेत्र द्वारा विकसित पहले कक्षीय रॉकेट विक्रम-1 ने शनिवार को कई तकनीकी पेलोड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पोस्टकार्ड सहित विभिन्न पोस्टकार्ड को सफलतापूर्वक पृथ्वी की निचली कक्षा में पहुंचा दिया।

प्रधानमंत्री ने इस मिशन को भारत की अंतरिक्ष यात्रा का एक निर्णायक क्षण बताया। मिशन आगमन नाम से संचालित इस मिशन के साथ भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र ने पहली बार उपग्रहों को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करने वाले वैश्विक बाजार में औपचारिक रूप से प्रवेश कर लिया। इस मिशन का संचालन हैदराबाद आधारित निजी कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस ने किया। कंपनी ने इस मिशन को बड़ी सफलता करार दिया। अपने पहले अभियान में चार चरणों वाला और सात मंजिला इमारत जितना ऊंचा विक्रम-1 रॉकेट शनिवार को बादलों से घिरे मौसम के बीच दोपहर 12 बजकर पांच मिनट पर इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के पहले प्रक्षेपण परिसर से सफलतापूर्वक रवाना हुआ। प्रक्षेपण के दौरान रॉकेट से नारंगी रंग का धुआं निकला और इस अंतरिक्ष केंद्र से एक नए युग की शुरुआत हुई। इससे पहले दिशा-निर्देशन प्रणाली ...शेष पृष्ठ 10 पर

अवैध पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, नौ की मौत

एजेंसी

अहमदाबाद। गुजरात में अहमदाबाद शहर के रामोल क्षेत्र में शनिवार को एक अवैध पटाखा फैक्टरी में विस्फोट के बाद आग लगने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि अस्पताल में भर्ती कुछ घायलों की हालत गंभीर होने के कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। अधिकारी ने बताया कि रामोल-गात्राड मार्ग स्थित फैक्टरी में अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे विस्फोट हुआ, जिसके बाद आग लग गई। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 10 पर

सोनम वांगचुक को पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती

एजेंसी

नयी दिल्ली, 18 जुलाई (भाषा) दिल्ली पुलिस जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को चिकित्सकीय सलाह एवं उच्च न्यायालय के निर्देशों का हवाला देते हुए उनके अनशन के 21वें दिन शनिवार सुबह सफदरजंग अस्पताल ले गयी जिसके बाद विपक्षी दलों ने इस कार्वाई की कड़ी निंदा करते हुए सरकार पर असहमति की आवाज दबाने का आरोप लगाया। कॉकरोच जनता पार्टी ने प्रदर्शनस्थल खाली करने की पुलिस की अपील को नजरअंदाज करते हुए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर अपना आंदोलन और तेज कर दिया। पुलिस ...शेष पृष्ठ 10 पर

- अब अभिजीत दीपके ने शुरू किया अनशन

विशेष खबर

जस्टिस डीपी गुप्ता का सेवा भाव युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत : श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी कैंपस के डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में मना जस्टिस डीपी गुप्ता जन्म शताब्दी समारोह

जस्टिस डीपी गुप्ता का न्याय सिद्धांत सभी के लिए अनुकरणीय : जस्टिस दिनेश माहेश्वरी



शैलेन्द्र श्रीवास्तव

लखनऊ। बीबीडी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के तत्वावधान में शनिवार को पूर्व कार्यवाहक राज्यपाल व पूर्व कार्यवाहक लोकायुक्त राजस्थान, पूर्व मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय राजस्थान, जस्टिस डीपी गुप्ता का जन्म शताब्दी समारोह शनिवार को बीबीडी कैंपस के डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में मनाया गया। इस अवसर पर जस्टिस डीपी गुप्ता के जीवन और विरासत पर आधारित यादगार किताब का गणमान्य न्यायाधीशों व अतिथियों ने विमोचन किया। मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया एवं भारत के 23वें लॉ कमीशन के चेयरमैन, जस्टिस दिनेश माहेश्वरी ने जस्टिस डीपी गुप्ता को याद करते हुए कहा कि मैं उन सौभाग्यशाली में से हूं जिन्होंने महान विचारक न्यायमूर्ति जस्टिस डीपी गुप्ता के न्यायालय का अनुशासन को न केवल देखा बल्कि उसी के अनुरूप कार्य भी किया और उसी का प्रतिफल रहा कि न्यायिक क्षेत्र में मैंने ऊंचाइयों को हासिल किया। जस्टिस डीपी गुप्ता का न्याय सिद्धांत सभी के लिए अनुकरणीय है। बीबीडी यूनिवर्सिटी की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता ने कहा कि उनकी बेटी होने के नाते मैं यह कह सकती हूं कि जस्टिस डीपी गुप्ता का मानना था कि ज्यूडिशियरी की ताकत ईमानदारी, स्पष्टवादी और संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता पर टिकी है। न्यायाधीश, मद्रास हाईकोर्ट जस्टिस शमीम अहमद ने जस्टिस डीपी गुप्ता को शानदार व्यक्तित्व का धनी बताते कहा कि उनकी पुस्तक का विमोचन न केवल एक पुस्तक है वह एक विरासत का प्रेरणादायक पत्र के रूप में है, जिससे समाज का हर व्यक्ति लाभान्वित होगा। उन्होंने न्याय के क्षेत्र के साथ ही राज्यपाल व लोकायुक्त के रूप में समाज के प्रति नये कीर्तिमान गढ़े। पूर्व मुख्य न्यायाधीश मद्रास हाईकोर्ट एवं सेफमा एक्ट के तहत अपीलीय ट्रिब्यूनल के चेयरमैन जस्टिस एमएन भंडारी ने कहा कि जस्टिस डीपी गुप्ता मूट कोर्ट कम्पटीशन के नाम से आयोजन उनकी प्रति सम्मान को दर्शाता है। उनके द्वारा गढ़े गये न्यायिक मूल्यों, सेवा के प्रति समर्पण भाव आज भी सभी के लिए प्रेरणादायक है। बीबीडी यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर विराज सागर दास ने कहा कि उनके नाना जी जस्टिस डीपी गुप्ता के बारे में न्याय के क्षेत्र की विभूतियों का वक्तव्य सुनकर खुद ...शेष पृष्ठ 12 पर

- जस्टिस डीपी गुप्ता के जीवन के आधारित पुस्तक का विमोचन
- मूट कोर्ट प्रतियोगिता के विजेताओं को दिया गया एक लाख का नगद इनाम व ट्राफी

फोटो : समीर भटनागर

सर्वाधिक सैनिक देने वाला जनपद है बुलंदशहर

मुख्यमंत्री ने जापान के उदाहरण के साथ बच्चों को दिया आत्म अनुशासन व परिश्रम का मंत्र

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को आत्म अनुशासन, परिश्रम का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि अनुशासन ही जीवन का सबसे बड़ा मंत्र है। आगे वही बढ़ा है और इतिहास भी उसी ने बनाया है, जो अनुशासित, परिश्रमी होकर प्रयास करता रहा है। आप भी नए इतिहास को बनाने की दिशा में प्रयास करें। सीएम ने बच्चों से कहा कि राष्ट्र प्रथम का भाव अंतःकरण में होना चाहिए। दुनिया के जिस सबसे बड़े सामाजिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सभी के सामने आदर्श प्रस्तुत किया है, आपको उसका सानिध्य प्राप्त हो रहा है। इससे कुछ सीख पाए तो जीवन सार्थक होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को बुलंदशहर पहुंचे। उन्होंने यहां रज्जू भैया सैनिक विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान का अभिनंदन करते हुए सीएम योगी ने कहा कि निजी ट्रस्ट भी सैनिक स्कूल प्रारंभ कर सकते हैं, इस अभियान का हिस्सा बनकर बुलंदशहर में सैनिक स्कूल की स्थापना की गई। सर्वाधिक सैनिक व सैन्य अधिकारी देने वाले बुलंदशहर में सैनिक स्कूल की स्थापना अत्यंत महत्वपूर्ण है। सीएम ने सैनिक स्कूल को 32 बीघा जमीन देने वाले बाबा राजपाल सिंह का अभिनंदन किया। कहा कि बाबा राजपाल सिंह ने इस कदम से बता दिया कि उनका जीवन भी साधना राष्ट्र को समर्पित है। उन्होंने रज्जू भैया के पैतृक जनपद में उनकी स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए यह जमीन दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में देशवासियों को संकल्प दिलाया था कि अभी से आजादी के शताब्दी महोत्सव की तैयारी प्रारंभ कर उसके अनुरूप आचरण करना होगा। इसके लिए उन्होंने हर भारतीय के लिए पंच प्रण सुनिश्चित किया। यह पंच प्रण हर नागरिक के लिए आवश्यक है। सीएम ने कहा कि सैनिक स्कूल अनुशासित और संस्कारित वातावरण की ओर ध्यान आकृष्ट करता है। सैनिक के लिए देश प्रथम होता है। स्वहित की तिलांजलि देकर वह देशहित को प्राथमिकता देता है और देश की रक्षा करते हुए बलिदान हो जाता है। सीएम ने बार्डर पर सर्दी और राजस्थान की 50-52 डिग्री तापमान में झुलसाती भयंकर गर्मी में सैनिकों के परिश्रम की चर्चा की, फिर कहा कि सैनिक के लिए देश पहले, फिर परिवार, सबसे अंत में स्वहित होता है। सैनिक माइनस 20-40 डिग्री तापमान में कारगिल की पहाड़ियों में पहरेदारी करते हैं, तब देश सुरक्षित रहता है। मुख्यमंत्री ने बच्चों के समक्ष अपने जापान दौरे की चर्चा की, कहा कि 1945 में जापान में परमाणु बम का दुरुपयोग हुआ था। वहां की सबसे बड़ी आबादी के दो शहर परमाणु बम की चपेट में आए थे। इसमें लाखों लोग मारे गए थे। जापान आर्थिक रूप के साथ ही मनोबल से भी टूट गया था, फिर भी जापान आज विकसित अर्थव्यवस्था है। 1947 में भारत आजाद हुआ, कमोबेश दोनों देशों की परिस्थितियां एक जैसी ही थीं। 12 वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की हुई प्रगति अभिनंदनीय है। भारत आज चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है तो वहीं परमाणु बम के प्रहार के बावजूद जापान कभी रुका, झुका, थका और डिगा नहीं। सीएम ने कहा कि मैंने जापान की टेक्नोलॉजी और आत्म अनुशासन को देखा। आत्म अनुशासन ही किसी जाति, समाज व देश की प्रगति का आधार बनता है। जापान आत्म अनुशासन की वजह से ही विकसित देश बना है। सीएम ने रज्जू भैया को प्रेरणा का स्रोत बताते हुए छात्रों को अनुशासन का मंत्र दिया, कहा कि उनका जीवन भारत-भारतीयता, सनातन मूल्यों के संरक्षण व संवर्धन के लिए समर्पित था। वे प्रख्यात वैज्ञानिक और इलाहाबाद विश्वविद्यालय में भौतिकी के प्रोफेसर थे। हमारी सरकार ने रज्जू भैया के नाम पर प्रयागराज में विश्वविद्यालय बनाया। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चतुर्थ सर संघचालक (सन 1994 से 2000) थे। उन्होंने देश-दुनिया के लाखों स्वयंसेवकों को नेतृत्व दिया। अनेक प्रकल्पों पर कार्य प्रारंभ कर उसे नई दिशा दी। उनका व्यक्तित्व काफी अद्भुत व चमत्कारिक था। सौम्य स्वभाव वाले रज्जू भैया के मन में संतत्व का भाव था। उनके नाम पर बना यह सैनिक विद्या मंदिर देश को सैन्य अधिकारियों देने में महत्वपूर्ण कदम उठाएगा। सीएम ने कहा कि 1960 में देश का पहला सैनिक विद्यालय स्थापित हुआ था। तब डॉ. संपूणार्नंद जी प्रदेश के मुख्यमंत्री हुआ करते थे। हम लोगों ने उस विद्यालय को अच्छे ढंग से बढ़ाया। हमने राज्य सरकार द्वारा संचालित देश के पहले सैनिक स्कूल (लखनऊ) में बालिकाओं का प्रवेश प्रारंभ कराया। अब भारत सरकार ने देश में सभी सैनिक स्कूलों के लिए व्यवस्था प्रारंभ की है। आने वाले समय में इस सैनिक विद्या मंदिर में भी बेटियां प्रवेश लेंगी। सरकार यहां रज्जू भैया की मां के नाम पर बालिकाओं के लिए छात्रावास बनाएगी। सीएम ने रज्जू भैया के पिता का भी जिक्र किया, कहा कि वे सिंचाई विभाग में चीफ इंजीनियर थे। पश्चिमी उप्र में सिंचाई के अच्छी नेटवर्किंग में उनका भी योगदान है।

जदयू की विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर समीक्षा शुरू

लखनऊ। जनता दल (यूनाइटेड), उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक शनिवार, को लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह सभागार, सहकारिता भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष श्री अनूप सिंह पटेल ने की। बैठक में बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 2027 चुनाव को ध्यान में रखते हुए मण्डल सम्मेलन, जिला सम्मेलन, विधानसभा सम्मेलन कराने के पश्चात राज्य स्तरीय सम्मेलन कराया जाएगा जिसमे जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री संजय झा शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं बिहार सरकार के मंत्रियों के विधानसभा, जिला एवं मंडल स्तर पर व्यापक जनसंपर्क और संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रदेश में पार्टी संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के अंतर्गत सभी जिलों एवं प्रदेश पदाधिकारियों से संभावित एवं इच्छुक प्रत्याशियों के नाम समीक्षा हेतु आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही जिला, विधानसभा एवं बूथ स्तर तक संगठन के विस्तार और उसकी प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत पार्टी उत्तर प्रदेश में किन-किन विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ेगी, इसकी औपचारिक घोषणा की जाएगी।

हर भारतवासी को करना होगा संस्कृति और परम्परा का सम्मान

संभल और चंदौसी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए सीएम ने दी 569 करोड़ की सौगात

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को संभल में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भारत में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को यहां की संस्कृति और परंपरा का सम्मान करना होगा। उन्होंने कहा कि जो लोग आज भी अपने आपको बाबर की संतान समझते हैं, उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि नया भारत न तो गुलामी की मानसिकता में जीने वाला है और न ही उसे स्वीकार करने वाला है। उन्होंने कहा कि बहन-बेटियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को डबल इंजन की सरकार किसी भी कीमत पर बख्शने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि अब तुर्क की तुर्कई नहीं चलेगी, संभल में वही होगा, जो हरिहर मंदिर का आदेश होगा। मुख्यमंत्री ने संभल और चंदौसी विधानसभा क्षेत्रों के लिए 569 करोड़ रुपये की 66 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के दौरान ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि यहां 10 हजार एकड़ जमीन पर माफिया ने कब्जा कर रखा था। जिन हिंदुओं की हत्या की गई थी, वह कभी कांग्रेस की सरकार और समाजवादी पार्टी के पापियों द्वारा किए गए अत्याचारों का परिणाम था। इसका दुष्परिणाम यहां के गरीब लोग भुगत रहे थे। अब 10 हजार एकड़ जमीन खाली हुई है। सीएम ने कहा कि उसे गरीबों, दलितों, वंचितों और पिछड़े वर्ग के लोगों में बांटी जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिन्होंने अवैध कब्जे किए हैं, उन्हें माफिया घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की सरकारों के दौरान इस तरह की साजिश की गई कि जमीन के रिकॉर्ड और अन्य साक्ष्य ही न बचें। उन्होंने कहा कि इन सरकारों ने लैंड रिकॉर्ड नष्ट कर दिए, लेकिन वे रिकॉर्ड नष्ट कर सकते हैं, सत्य को नहीं। सत्य अंततः अपना स्वरूप दिखाता ही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आज प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर खड़ा हो गया है, उसी प्रकार सत्य भी सामने आकर रहता है। अब 68 तीर्थों पर कोई कब्जा नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा कि भारत में रहना है तो भारत की संस्कृति और परंपरा का सम्मान करना होगा। जो अपने को बाबर की संतान समझते हैं, वे जान लें कि नया भारत गुलामी की मानसिकता में जीने वाला नहीं। उन्होंने कहा कि आज सभी को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है, जबकि पहले केवल सैफई सिंडिकेट का कब्जा था। सीएम योगी ने कहा कि भगवान कल्कि की इस पावन भूमि पर संभल और चंदौसी की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में आने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ। चंदौसी, जिसे क्षेत्र का वृंदावन भी कहा जाता है, यहां 145 फुट ऊंची भगवान गणपति की प्रतिमा तथा मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की 51 फुट ऊंची प्रतिमा के अनावरण का भी मुझे मौका मिला ये बड़े भाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि यह श्री हरि विष्णु की पावन धरा है। ठीक 500 वर्ष पहले, वर्ष 1526 में विदेशी आक्रांताओं ने इसे अपवित्र किया था। आक्रांता जब आते हैं तो वे केवल खजाना ही नहीं लूटते, बल्कि धर्म और संस्कृति को भी रौंदते हैं। यही पाप यहां भी किया गया था। श्री हरि विष्णु के पवित्र हरिहर मंदिर को तोड़ दिया गया था। यहां के 68 तीर्थों को भी अपवित्र किया गया था और 19 कूपों पर भी कब्जा कर लिया गया था। संभल के अस्तित्व के साथ खिलवाड़ करके 1976 और 1978 में यहां दंगे कराए गए। सैकड़ों निर्दोष लोगों को मार दिया गया, लेकिन किसी को सजा नहीं हो पाई। 500 वर्ष पहले जो पाप हुआ था, उसमें कुछ लोगों का जबरन धर्मांतरण कर दिया गया था। लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार है। अब संभल में 68 तीर्थों के पुनरुद्धार और 19 कूपों को पुनर्जीवित करने का कार्य भी प्रारंभ हो गया है।

अपार आईडी निर्माण में उत्तर प्रदेश अव्वल

योगी सरकार ने स्कूल और उच्च शिक्षा में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

विशेष संवाददाता (vol)

- डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश बना मिसाल
- स्कूल शिक्षा में 2,95,90,359 अपार आईडी तैयार कीं

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने एक बार फिर शिक्षा के डिजिटलीकरण के क्षेत्र में देशभर में अपनी अग्रणी भूमिका साबित की है। डिजिटल इंडिया के तहत अपार (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) आईडी निर्माण में उत्तर प्रदेश ने स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा दोनों श्रेणियों में देश में पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शिक्षा व्यवस्था को डिजिटल, पारदर्शी और छात्र केंद्रित बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का परिणाम मानी जा रही है।

विभाग की ओर से दिए गए आंकड़ों के अनुसार, उच्च शिक्षा में उत्तर प्रदेश ने 73,20,603 अपार आईडी बनाकर देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। दूसरे स्थान पर महाराष्ट्र (55,52,064) और तीसरे स्थान पर राजस्थान (42,16,422) हैं। वहीं स्कूल शिक्षा में भी उत्तर प्रदेश ने 2,95,90,359 अपार आईडी तैयार कर देश के सभी राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। महाराष्ट्र (2,09,53,061) दूसरे और बिहार (1,58,86,050) तीसरे स्थान पर हैं। योगी सरकार ने प्रदेश में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने, विद्यार्थियों के शैक्षणिक रिकॉर्ड को एकीकृत करने और भविष्य में प्रवेश, छात्रवृत्ति, परीक्षा तथा रोजगार संबंधी प्रक्रियाओं को सरल बनाने के उद्देश्य से अपार आईडी निर्माण अभियान को तेजी से आगे बढ़ाया। इसके परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश दोनों श्रेणियों में राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। अपार आईडी प्रत्येक छात्र-छात्राओं के लिए एक स्थायी डिजिटल अकादमिक पहचान है। इसके माध्यम से छात्र का शैक्षणिक रिकॉर्ड एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रहता है, जिससे स्कूल बदलने, उच्च शिक्षा में प्रवेश, छात्रवृत्ति और अन्य शैक्षणिक सेवाओं में सुविधा मिलती है। दरअसल, अभी हाल ही में हुई मुख्य सचिव की बैठक के दौरान बताया गया कि सभी शैक्षणिक रिकॉर्ड (डिग्री, डिप्लोमा, ट्रांसक्रिप्ट, प्रमाण पत्र आदि) को अपार आईडी से मैप किया जा रहा है। छात्र-केंद्रित सेवाओं को सक्षम करने के लिए एनएडी एवं एबीसी जैसे प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया जाना है। शैक्षणिक वर्ष 2025 के सभी शैक्षणिक रिकॉर्ड जुलाई 2026 तक समय पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए। सभी परीक्षाओं एवं मूल्यांकनों के लिए निर्धारित 6 महीने की समयसीमा का सख्ती से पालन करें। लंबित कार्यों की निगरानी और समय पर अपलोड सुनिश्चित करने के लिए मजबूत आंतरिक निगरानी तंत्र स्थापित करें। अपार आईडी के साथ पूर्ण मैपिंग करें और सभी शैक्षणिक दस्तावेजों (मार्कशीट, डिग्री, डिप्लोमा, ट्रांसक्रिप्ट, प्रमाण पत्र) को व्यापक रूप से अपलोड करना सुनिश्चित किया जा रहा है। उच्च शिक्षा में 73.20 लाख अपार आईडी (देश में प्रथम) और स्कूल शिक्षा में 2.95 करोड़ से अधिक अपार आईडी (देश में प्रथम) दोनों श्रेणियों में उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। योगी सरकार का लक्ष्य प्रदेश में प्रत्येक विद्यार्थी को डिजिटल अकादमिक पहचान उपलब्ध कराना है, ताकि नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था को और अधिक आधुनिक, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाया जा सके।

मजबूत बूथ ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत : अवधेश द्विवेदी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर कार्यसमिति द्वारा हजरतगंज स्थित हलवासिया कोर्ट में अवध क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी के लखनऊ महानगर में प्रथम आगमन पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी ने कहा कि लखनऊ महानगर संगठन की ऊर्जा का केंद्र है। उत्तर प्रदेश में अवध और अवध में लखनऊ महानगर संगठन की विशेष जिम्मेदारी रहती है।₹ उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम पर विस्तार से चर्चा की तथा कहा कि प्रत्येक बूथ पर कम से कम 20 कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे वे पार्टी की रीति-नीति, विचारधारा एवं संगठनात्मक कार्यप्रणाली को बेहतर ढंग से समझकर जनता तक पहुंचा सकें। उन्होंने आगामी बूथ सम्मेलन, बूथ सत्यापन अभियान तथा संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए सभी पदाधिकारियों से सक्रिय रहें । उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है और प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सफलता की आधारशिला है। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए संगठन की आगामी योजनाओं, कार्य विस्तार एवं संगठनात्मक रचना पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने महानगर के सभी पदाधिकारियों से बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। इस मौके पर महामंत्री घनश्यामदास अग्रवाल, सत्येन्द्र कुमार सिंह, टिंकू सोनकर, उपाध्यक्ष दीपक कुमार शुक्ला दीपू, योगेन्द्र पटेल, सीता नेगी, विनायक पाण्डेय, मानवेन्द्र प्रताप सिंह, सौरभ बाल्मीकि, जीडी शुक्ला, मंत्री आनंद कुमार पाण्डेय, सचिन वैश्य, राजेश चौधरी, सतीश चन्द्र मिश्रा, अपूर्व भार्गव सहित बड़ी संख्या में कार्यसमिति सदस्य उपस्थित रहें।

बुनियादी शिक्षा को मजबूत करना सर्वोच्च प्राथमिकता : संदीप

जिला और विद्यालय स्तर पर होगी नियमित मॉनिटरिंग और समीक्षा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि योगी सरकार में बुनियादी शिक्षा को मजबूत करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप निपुण भारत मिशन को अब बालवाटिका से कक्षा-5 तक विस्तारित किया जा रहा है, ताकि हर बच्चे की मजबूत शैक्षणिक नींव तैयार हो सके।

हमारा लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा निर्धारित अधिगम लक्ष्यों से पीछे न रहे। इसके लिए हमने एनसीएफ और परख के अनुरूप कक्षावार लक्ष्य तय करने, शिक्षकों के क्षमता संवर्धन और सतत मूल्यांकन की ठोस कार्ययोजना बनाई है। योगी सरकार ने सरकारी स्कूलों को आधुनिक संसाधनों, प्रशिक्षित शिक्षकों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पद्धति से लैस किया है। यह रोडमैप प्रदेश में सीखने के परिणामों में ऐतिहासिक सुधार लाएगा और उत्तर प्रदेश बुनियादी शिक्षा में पूरे देश के लिए मॉडल बनेगा।

इस संबंध में अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा श्री पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को मिशन के विस्तारीकरण और निर्धारित लक्ष्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश जारी किए हैं। निपुण भारत मिशन के विस्तारीकरण की यह कार्ययोजना बुनियादी शिक्षा को नई दिशा देने वाली पहल मानी जा रही है। बालवाटिका से कक्षा-5 तक सीखने की एक सतत श्रृंखला विकसित कर प्रत्येक बच्चे को उसकी आयु और कक्षा के अनुरूप आवश्यक ज्ञान, कौशल एवं दक्षताओं से सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्ययोजना के अनुसार कक्षा-3 से 5 तक हिंदी, अंग्रेजी, गणित एवं पर्यावरण अध्ययन के लिए विषयवार और कक्षावार अधिगम लक्ष्य एनसीएफ, एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों तथा परख (ढअफअङ्ल) के मानकों के अनुरूप विकसित किए जाएंगे। इसके लिए विशेषज्ञों, एससीईआरटी, डायट तथा शिक्षकों के सहयोग से दक्षताओं का निर्धारण कर परामर्श कार्यशालाओं के माध्यम से उन्हें अंतिम रूप दिया जाएगा।

नई कार्ययोजना में पाठ्यक्रम पूरा कराने के साथ-साथ प्रत्येक बच्चे के वास्तविक सीखने के स्तर पर विशेष जोर दिया गया है। विद्यालय स्तर पर नियमित मूल्यांकन, फॉर्मेटिव असेसमेंट के माध्यम से बच्चों की प्रगति का निरंतर परीक्षण किया जाएगा और लर्निंग गैप वाले बच्चों के लिए कैच-अप शिक्षण और अतिरिक्त सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। शिक्षकों को गतिविधि आधारित शिक्षण, दक्षता आधारित शिक्षा, टीएलएम के प्रभावी उपयोग, डिजिटल संसाधनों तथा दीक्षा प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। बालवाटिका स्तर पर स्कूल रेडीनेस, विद्यालयों में पुस्तकालयों के प्रभावी उपयोग, पढ़ने की संस्कृति और अभिभावकों की सहभागिता पर भी विशेष बल दिया गया है। राज्य, जिला, विकासखंड और विद्यालय स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग एवं समीक्षा व्यवस्था भी विकसित की जाएगी।

सोनम वांगचुक को आमरण अनशन स्थल से उठाकर ले जाना निंदनीय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सोनम वांगचुक को बल-प्रयोग करके, जबरदस्ती उनके आमरण अनशन स्थल से उठाकर ले जाना अत्यंत निंदनीय है। आज सुबह घटी ये घटना थोड़ी ही देर में पूरे देश और संपूर्ण विश्व में फैल चुकी है। सारी दुनिया और देश भर में श्री सोनम वांगचुक जी को लेकर गहरी चिंता है और भाजपा सरकार के खिलाफ आक्रोश भी। जो लोग सादी वर्दी में इस कार्रवाई को अंजाम देने के लिए धोखे से अचानक घुसे थे, उनकी पहचान सार्वजनिक की जाए।

श्री यादव ने कहा कि हमारी पुरजोर माँग है कि सोनम वांगचुक की चिकित्सा न्यायिक निगरानी में हो क्योंकि सोनम वांगचुक का जीवन मानवता, पर्यावरण-संरक्षण, लोकतांत्रिक मूल्यों, युवा ऊर्जा की प्रेरणा, साइंस और इनोवेशन के लिए अनमोल है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की जनता व समस्त विश्व इस समय भाजपा सरकार को संदेह और सवाल भरी संदिग्ध नजर से देख रहा है। दमनकारी राजनीति करने वाली भाजपा सरकार की इस अवांछनीय कार्रवाई ने इंटरनेशनल लेवल पर हमारे देश की मानवीय और डेमोक्रेटिक इमेज को बेहद धूमिल और खंडित करने का काम किया है।

ईको-टूरिज्म से आत्मनिर्भर बन रहे गांव: मुख्यमंत्री धामी

स्थानीय युवाओं को मिल रहे नये अवसर

विशेष संवाददाता (vol)

देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने प्रकृति आधारित पर्यटन को स्थानीय रोजगार और ग्रामीण विकास से जोड़ने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए तराई पश्चिमी वन प्रभाग के अंतर्गत रामनगर के फांटो जोन में 180 प्रशिक्षित महिला एवं पुरुष नेचर गाइडों को रोजगार पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअल माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए सभी प्रशिक्षित युवाओं को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह प्रमाण-पत्र केवल रोजगार का दस्तावेज नहीं, बल्कि उत्तराखंड की प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण की जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन को केवल दर्शनीय स्थलों तक सीमित रखने के बजाय उसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था, स्वरोजगार और स्थानीय विकास का मजबूत आधार बना रही है। इसी उद्देश्य से नेचर गाइड जैसी योजनाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे युवाओं को अपने ही गांवों में सम्मानजनक रोजगार मिल रहा है और पलायन की चुनौती का प्रभावी समाधान भी सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित नेचर गाइड उत्तराखंड की जैव विविधता, वन्यजीव, लोकसंस्कृति और प्राकृतिक विरासत को देश-दुनिया के पर्यटकों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके माध्यम से पर्यटकों को केवल जंगलों और वन्यजीवों का परिचय ही नहीं मिलता, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता और जिम्मेदार पर्यटन का संदेश भी प्रभावी ढंग से प्रसारित होता है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य के अनेक युवा रोजगार की तलाश में महानगरों से वापस अपने गांव लौटकर नेचर गाइड, होमस्टे और पर्यटन से जुड़े अन्य व्यवसायों के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रहे हैं। यह उत्तराखंड में बढ़ते रिवर्स पलायन और ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित हो रहे नए आर्थिक अवसरों का सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि रामनगर का फांटो जोन सामुदायिक भागीदारी पर आधारित ईको-टूरिज्म का सफल मॉडल बनकर उभरा है। यहां की समृद्ध जैव विविधता, वन्यजीव, घने जंगल और टाइगर साइटिंग जैसी विशेषताओं ने बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित किया है। इसका सीधा लाभ स्थानीय लोगों की आय, रोजगार और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईको-टूरिज्म का दायरा केवल नेचर गाइडों तक सीमित नहीं है। इससे होमस्टे संचालकों, महिला स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय हस्तशिल्पकारों, वाहन संचालकों, कृषि एवं स्थानीय उत्पादों से जुड़े उद्यमियों तथा छोटे व्यापारियों को भी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिल रहा है। इससे गांवों में आर्थिक गतिविधियां तेज हुई हैं और लोगों का अपने गांवों में रहकर रोजगार करने का विश्वास मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार होमस्टे, एडवेंचर टूरिज्म, शीतकालीन पर्यटन, वेलनेस टूरिज्म, आध्यात्मिक पर्यटन, ईको-टूरिज्म और डेस्टिनेशन वेडिंग जैसी योजनाओं के माध्यम से पर्यटन के नए आयाम विकसित कर रही है। इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और प्रदेश में रिवर्स पलायन में 44 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते रोजगार और विकास का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने सभी नेचर गाइडों से पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा और जिम्मेदार पर्यटन को जनभागीदारी का अभियान बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि उत्तराखंड की प्राकृतिक संपदा राज्य की सबसे बड़ी पूंजी है। इसके संरक्षण और संवर्धन के साथ स्थानीय लोगों की समृद्धि सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। कार्यक्रम में वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रशिक्षित नेचर गाइड तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

योगी सरकार का प्रॉमिस वर्सेस डिलेवरी मॉडल बना उत्तर प्रदेश के विकास की पहचान : डॉ. राजेश्वर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने गोमतीनगर विस्तार में 66.40 करोड़ की लागत से निर्मित उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नवीन भवन के लोकार्पण को उत्तर प्रदेश की आपदा प्रबंधन व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, आधुनिक एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए समस्त सरोजनीनगर परिवार को बधाई दी है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि 1 जून 2023 को मुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ के कर-कमलों से उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास संपन्न हुआ था और अब रिकॉर्ड समय में निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत 19 जुलाई 2026 को मुख्यमंत्री के कर-कमलों से ही इस भव्य भवन का लोकार्पण होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक जनप्रतिनिधि के नाते वे भी इस महत्वपूर्ण अवसर पर उपस्थित रहेंगे। लोकार्पण समारोह में प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, राजस्व राज्य मंत्री सुरेन्द्र दिलेर, प्रमुख सचिव राजस्व श्रीमती अर्पणा यू., प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एस.पी. गोयल तथा उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेन्द्र डिमरी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे। सरोजनीनगर विधायक ने कहा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी और कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का प्रॉमिस वर्सेस डिलेवरी मॉडल प्रदेश के विकास को नई गति प्रदान कर रहा है। जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाता है, उनका समयबद्ध निर्माण सुनिश्चित कर लोकार्पण भी किया जा रहा है। 1 जून 2023 को शिलान्यास से 19 जुलाई 2026 को लोकार्पण तक राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भवन की यह विकास यात्रा संकल्प से सिद्धि का सशक्त उदाहरण है।

डॉ. सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य विधि विज्ञान संस्थान, विदेशी भाषा विश्वविद्यालय और अशोक लेलैंड फैक्ट्री के बाद अब राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का भव्य भवन सरोजनीनगर के मुकुट में एक और रत्न के रूप में जुड़ रहा है। इसके साथ ही जैतीखेड़ा, और लतीफनगर गर्ल्स डिग्री कॉलेज सहित अनेक महत्वपूर्ण विकास परियोजनाएं सरोजनीनगर को शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कौशल विकास और आधुनिक संस्थागत ढांचे के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने, त्

संक्षेप

अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ केस दर्ज

प्रतापगढ़। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे कदीम राँकी गाँव निवासी मिठाई लाल पुत्र विंध्यादीन शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि स्टेट बैंक आफ इंडिया शाखा ननौती में उसका खाता है। खाते में लिंक मोबाइल नम्बर पर मैसेज आया कि लोन चाहिए तो पाँच हजार रुपये दिए गये क्यू आर कोड पर भेजिए। पैसा मैंने भेज दिया लेकिन लोन नहीं हुआ। उसके बाद इक्कीस हजार माँगा गया मैंने उसको भी भेज दिया। इसी तरह झांसा देकर कुल चार लाख रुपये ठग ने ले लिया, लेकिन कोई लोन अभी तक नहीं हुआ। उदयपुर एसओ दीप नारायण के अनुसार जाँच कर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

3 पर मारपीट धमकी देने का केस दर्ज

प्रतापगढ़। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे पंडित जोगापुर निवासी आदर्श उपाध्याय पुत्र राम प्रताप उपाध्याय ने तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि उसके बड़े भाई मुकेश उर्फ जितेंद्र उपाध्याय ने तीन वर्ष पहले मारपीट कर उसको घर से भगा दिए। इसके बाद प्रार्थी अपने बहन के यहां जाकर रहने लगा। आरोप है कि आरोपी बहन के परिजनों को भी गाली गलौज मारपीट की धमकी देता है। पीड़ित के मुताबिक बृहस्पतिवार की शाम तीन बजे आरोपी भाई से कुछ बातचीत करने के लिए गया। इस दौरान आरोपी समेत उनके पुत्र नीरज उर्फ विद्युत उपाध्याय व पत्नी ऊषा देवी लाठी डंडा से मारापीटा। पीड़ित को मकान एवं जमीन में कहीं हिस्सा नहीं दे रहें हैं। हिस्सा माँगने पर भद्दी भद्दी गालियां एवं मारने पीटने की धमकी दिया करते हैं। उदयपुर थानाध्यक्ष दीप नारायण ने बताया कि आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर जाँच की जा रही है।

बारिश से किसानों के खिले चेहरे

प्रतापगढ़। शनिवार को हुई बारिश के बाद भीषण गर्मी और उमस से लोगों को राहत मिल गयी। वही कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की समस्या भी खड़ी कर दी। तहसील परिसर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मुख्य बाजार तथा कई प्रमुख मार्गों पर पानी भर जाने से राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। तहसील परिसर में जगह-जगह पानी जमा होने से लोगों को कीचड़ और जलभराव के बीच होकर गुजरना पड़ा। उधर उमस से परेशान लोगों ने बारिश के बाद राहत की सांस ली। धान की रोपाई का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरे भी खिल उठे। किसानों का कहना है कि बारिश से खेतों में खरीफ फसलों की बुवाई में तेजी आएगी।

जालौन में साइबर ठग गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

जालौन। जिले की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने भोले-भाले लोगों के नाम पर फर्जी बैंक खाते खुलवाकर और सिम कार्ड जारी कराकर विभिन्न राज्यों में ऑनलाइन ठगी करने वाले एक संगठित साइबर गिरोह का पदार्फाश करते हुए उसके एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त दो की-पैड मोबाइल फोन और एक सिम कार्ड बरामद किया गया है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

पत्रकारिता की रचनात्मकता से मजबूत होता है सामाजिक व राष्ट्रीय सरोकार

प्रेस क्लब प्रतापगढ़ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का समारोहपूर्वक हुआ शपथ ग्रहण

जिला संवाददाता (vol)

प्रतापगढ़। विकास भवन स्थित सभागार में शनिवार को प्रेस क्लब प्रतापगढ़ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का समारोहपूर्वक शपथ ग्रहण हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना निदेशक दयाराम यादव तथा वरिष्ठ पत्रकार जगत बहादुर सिंह एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। परियोजना निदेशक दयाराम यादव तथा विशिष्ट अतिथि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने नव निर्वाचित अध्यक्ष सत्येन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष अजय यादव, महासचिव नवीन श्रीवास्तव, सचिव योगेन्द्र नारायण, संगठन मंत्री अब्दुल मुहीब, कोषाध्यक्ष अंशुमान सिंह व प्रेस प्रवक्ता आसिफ सिददीकी को पद के उत्तरदायित्व का प्रतिज्ञान कराया। मुख्य अतिथि पीडी दयाराम यादव ने पत्रकारिता और लेखन को समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में आधार स्तम्भ कहा। विशिष्ट अतिथि ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि सामाजिक एवं राष्ट्रीय सरोकार की मजबूती में पत्रकारिता का अहम योगदान है। मुख्य वक्ता पूर्व अध्यक्ष दीपेन्द्र तिवारी ने मीडिया के समक्ष उत्पन्न वर्तमान चुनौतियों पर प्रकाश डाला। नव निर्वाचित अध्यक्ष सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता कहा। समारोह की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार जगत बहादुर सिंह ने कहा कि आज स्वस्थ पत्रकारिता तथा सदभावनापरक विचार सबसे बड़ी जरूरत है। परियोजना निदेशक के साथ निर्वाचन अधिकारी के रूप में जगत बहादुर सिंह ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा। वहीं आयोजन समिति द्वारा दयाराम यादव, ज्ञानप्रकाश शुक्ल व जगत बहादुर सिंह को बुकें एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे मौजूद साथी पत्रकारों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भी माल्यार्पण कर गर्मजोशी के स्वागत किया। समारोह का संचालन पूर्व अध्यक्ष हरिलाल विश्वकर्मा ने किया। निवर्तमान अध्यक्ष पंकज दुबे ने स्वागत भाषण तथा वासिफ खां ने आभार प्रदर्शन किया। समारोह को वरिष्ठ पत्रकार शिवशंकर तिवारी सोहगौरा, बीके शर्मा, प्रमोद श्रीवास्तव, अरविंद दुबे, लवलेश शुक्ला ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जयवीर सिंह, प्रदीप मिश्र, निलेश मिश्र, प्रदीप वर्मा, अमित दुबे, आदर्श शुक्ला, लाल अंकित प्रताप सिंह, आशीष सिंह, देवेन्द्र मिश्र, अरविंद पाण्डेय, शैलेष मिश्र, मो. शरीफ खां, जय बहादुर सिंह, मो. रईस, मो. इस्याक आदि मौजूद रहे।

105 शिकायतों में 11 का मौके पर निस्तारण

श्रावस्ती। तहसील भिनगा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम अन्नपूर्णा गर्ग और एसपी राहुल भाटी ने लोगों की शिकायतें सुनीं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए, ताकि लोगों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने कहा कि पुलिस से जुड़ी शिकायतों का तय समय में निस्तारण किया जाए। यदि किसी थानाध्यक्ष द्वारा शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरती गई तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। भिनगा तहसील में 28 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 5 का मौके पर निस्तारण किया गया। जमुनहा तहसील में 25 शिकायतें आईं, जिनमें 1 का तत्काल समाधान किया गया। वहीं, इकौना तहसील में 52 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। इस प्रकार तीनों तहसीलों में कुल 105 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 11 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के लिए भेज दिया गया। कार्यक्रम में सीएमओ डॉ. एके सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी भरत पासवान, तहसीलदार जागृति सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, राजस्व कर्मी और बड़ी संख्या में फरियादी उपस्थित रहे।

अंतर क्षेत्रक फुटबॉल प्रतियोगिता में लखीमपुर खीरी बना विजेता

श्रावस्ती। 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), भिनगा द्वारा आयोजित अंतर क्षेत्रक फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब क्षेत्रक मुख्यालय, एसएसबी, लखीमपुर खीरी ने अपने नाम कर लिया। पाँच मैचों की इस श्रृंखला में लखीमपुर खीरी की टीम ने तीन मुकाबले जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में लखीमपुर खीरी ने क्षेत्रक मुख्यालय, एसएसबी, गोरखपुर को 7-1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता का आयोजन उप महानिरीक्षक वी. विक्रमण के निर्देशन में किया गया। फाइनल मैच में लखीमपुर खीरी के खिलाड़ी बेनेट तारो ने शानदार खेल दिखाते हुए अकेले 5 गोल किए। उन्होंने पूरी प्रतियोगिता में कुल 7 गोल कर सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी का भी सम्मान हासिल किया। वहीं गुलजार अली ने 2 गोल कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। समापन समारोह में अधिकारियों ने विजेता और उपविजेता दोनों टीमों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह की खेल प्रतियोगिताएँ खिलाड़ियों में टीम भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देती हैं। साथ ही खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ भी दीं।

बस के चालक समेत स्टॉफ से मारपीट को लेकर आरोपियों के खिलाफ केस, एक भेजा गया जेल

प्रतापगढ़। दिल्ली से बनारस आ रही निजी लग्जरी बस के चालक व स्टाफ के साथ मारपीट तथा गालीगलौज तथा धमकी को लेकर लीलापुर पुलिस ने दो नामजद तथा कुछ अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है। पुलिस ने मुकदमे मे नामजद एक आरोपी को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया। उन्नाव जिले के बांगरमऊ निवासी नूर आलम पुत्र जहूर अहमद ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सत्रह जुलाई को बस लेकर दिल्ली से बनारस जा रहा था। बस पर दो यात्री तौसीफ तथा फैज भी सवार थे। किसी बात को लेकर हुई कहासुनी के चलते इन दोनों आरोपियो ने लीलापुर थाना क्षेत्र के गहिरी मोड़ पर फोन करके कुछ लोगों को पहले से बुलवा रखा था। मोड़ पर बस पहुंचते ही दोनों आरोपियो के साथ अज्ञात लोगों ने पीड़ित नूर आलम सहित बस के स्टाफ कानपुर देहात के सिकंदरा थाना के रसधान गांव निवासी शिवम राजपूत पुत्र धर्मेन्द्र कुमार तथा बनारस जिले के लोता थाना निवासी सेबू आलम पुत्र विस्मिल्लाह को गाली देते हुए लोहे की राड से मारने पीटने लगे। चुटहिलों के शोर मचाने पर बस मे मौजूद यात्रियों तथा राहगीरों के हस्तक्षेप करने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तौसीफ समेत दो नामजद तथा कुछ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस ने शनिवार को दबिश देकर नामजद आरोपी जेठवारा थाना के नेवादा निवासी फैज पुत्र नसीम को हिरासत मे ले लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।

पूर्व प्रधानाचार्य की पत्नी का निधन, मोना समेत लोगों ने जताया दुःख

प्रतापगढ़। नगर के एसबीएम रोड निवासी पूर्व प्रधानाचार्य एवं संस्कृत विद्वान डॉ0 शक्तिधरनाथ पाण्डेय की धर्मपत्नी उषा 65 का शुक्रवार की देर रात हृदयगति रूकने से निधन हो गया। निधन की जानकारी पर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने गहरा दुख जताया है। वहीं चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल, विशालमूर्ति मिश्र, डॉ0 राजकुमार पाण्डेय, अधिवक्ता कमलेश तिवारी, विनोद मिश्र, डॉ0 शिवमूर्ति शास्त्री, आचार्य राजेश मिश्र, पूर्व प्राचार्य दयाशंकर पाण्डेय, केशवराम ओझा, डॉ0 डीपी ओझा, डॉ0 ज्ञानेन्द्रनाथ त्रिपाठी ने भी उषा के निधन पर दुख जताया है।

नौगढ़ तहसील परिसर में पौधरोपण

सिद्धार्थनगर। जनपद में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से नौगढ़ तहसील परिसर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन., वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन तथा प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) नीला एम. ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर जनपदवासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि पौधरोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने का संकल्प है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर तहसील एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी ने पौधरोपण कर हरित एवं स्वच्छ सिद्धार्थनगर के निर्माण का संकल्प लिया।

भारी बारिश के बाद जलजमाव का डीएम ने किया निरीक्षण जल निकासी के दिये निर्देश

सिद्धार्थनगर। भारी बारिश से नगर पालिका परिषद क्षेत्र में हुए जलजमाव का जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने निरीक्षण किया। उन्होंने वी-मार्ट के सामने और हाइडिल तिराहा का जायजा लेकर अधिशासी अधिकारी अजय कुमार सिंह को नालों की सफाई कर प्रभावी जल निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जिन क्षेत्रों में जलभराव है, वहां तत्काल समुचित जल निकासी की व्यवस्था कर लोगों को राहत पहुंचाई जाए।

राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले की अगली सुनवाई पांच अगस्त को

सुलतानपुर। जिले की एक विशेष अदालत में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के खिलाफ जारी मानहानि मामले की सुनवाई शनिवार को नहीं हो सकी। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि संबंधित न्यायाधीश के प्रशिक्षण पर होने के कारण मामले की सुनवाई नहीं हो सकी और अब अगली सुनवाई पांच अगस्त को होगी। उन्होंने बताया कि अदालत ने अगली सुनवाई के लिए पांच अगस्त की तारीख तय की है। शुक्ला ने बताया कि मामले से संबंधित एक निगरानी याचिका अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) की अदालत में लंबित थी, जिसे पिछली सुनवाई में खारिज कर दिया गया था। निगरानी याचिका खारिज होने के बाद मूल पत्रावली अधीनस्थ न्यायालय में वापस आनी थी, जिसके बाद मामले में बहस होनी थी। उन्होंने बताया कि एडीजे कोर्ट संख्या-5 में लंबित यह निगरानी याचिका राहुल गांधी की आवाज के नमूने से संबंधित थी, जिसे अदालत ने 15 जुलाई को खारिज कर दिया था। याचिका में पत्रावली में संलग्न सीडी का राहुल गांधी की आवाज के नमूने से मिलान कराने का अनुरोध किया गया था। अदालत ने आदेश में कहा था कि यह अर्जी अत्यधिक विलंब से दायर की गयी थी और पूरी तरह आधारहीन है। अदालत ने यह भी कहा था कि अधीनस्थ न्यायालय ने अपने विवेक का उचित प्रयोग किया और उसके आदेश में हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। हीं शिकायतकर्ता विजय मिश्रा के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि वे इस आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती देंगे। इससे पहले दो मई को सांसद/विधायक अदालत ने आवाज के नमूने के मिलान का अनुरोध खारिज कर दिया था, जिसके बाद 21 मई को परिवादी की ओर से सत्र न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका दायर की गई थी। अदालत ने इस पर एक जुलाई को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था और 15 जुलाई को आदेश सुनाया था। यह मामला वर्ष 2018 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तत्कालीन अध्यक्ष एवं वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है।

पीएम व उप राष्ट्रपति समेत दिग्गज हस्तियों ने प्रमोद तिवारी के जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं

प्रतापगढ़। प्रधानमंत्री तथा उप राष्ट्रपति समेत कई केन्द्रीय मंत्रियों ने राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं। शनिवार को इसकी जानकारी यहां होने पर सांसद प्रमोद तिवारी के समर्थकों व कार्यकताओं के चेहरे खिल उठे दिखे। वहीं कार्यकताओं में इस बार सांसद प्रमोद तिवारी के जन्मदिन पर गृह जनपद के अलावा कई अन्य जिलों में हुए विविध आयोजनों को लेकर भी खुशी देखी गयी। नई दिल्ली स्थित पीएम कार्यालय से निर्गत हुए पत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सांसद प्रमोद तिवारी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य तथा बेहतर संसदीय भूमिका की सफलता को लेकर मंगलकामना की है। वहीं उप राष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने भी सांसद प्रमोद तिवारी को जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए उनके संसदीय ज्ञान को भी सराहते हुए राष्ट्र की सेवा में अनवरत समर्पण के साथ स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उड़ीसा के राज्यपाल डॉ0 हरि बाबू कंभमपाटि ने भी सांसद प्रमोद तिवारी को पत्र भेजकर जन्मदिन पर सामाजिक एवं राष्ट्रीय सरोकार में योगदान को बहुमूल्य बताते हुए सुखमय जीवन के प्रति मंगलकामनाएं प्रकट की हैं। कई केन्द्रीय मंत्रियों के द्वारा भी जन्मदिन पर सांसद प्रमोद तिवारी के प्रति सदभावना से जुड़े संदेश निर्गत हुए हैं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल की ओर से जारी विज्ञप्ति मे दी गयी है। इधर यहां कार्यकताओं की हुई संगठनात्मक बैठक में उच्च पदों पर आसीन लोगों द्वारा प्रकट की गई शुभकामनाओं को लेकर खुशी जताई गयी। बैठक में इसके साथ सांसद प्रमोद तिवारी के जन्मदिन पर गृह जनपद प्रतापगढ़ व प्रदेश के नोएडा, वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, बस्ती, कौशाम्बी समेत कई जनपदों में विभिन्न सामाजिक सरोकार से जुड़े आयोजनों के प्रति भी आभार प्रकट किया गया है।

महिलाओं को सुरक्षा व साइबर अपराध से बचाव की दी गयी जानकारी

श्रावस्ती। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए श्रावस्ती पुलिस द्वारा मिशन शक्ति चरण-5 (द्वितीय चरण) के तहत लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह और क्षेत्राधिकारियों के पर्यवेक्षण में शक्ति मोबाइल टीम ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। चौपाल और जनसंवाद के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों और पुलिस सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। उन्हें ₹शक्ति दीदी₹ बनकर निडरता से अपनी समस्याओं की जानकारी पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव के उपाय भी बताए गए। उन्हें ऑनलाइन ठगी, फर्जी फोन कॉल, फर्जी वेबसाइट और संदिग्ध इंटरनेट कड़ियों से सावधान रहने की सलाह दी गई। साथ ही एक बार उपयोग होने वाला गुप्त अंक (ओटीपी), बैंक खाते की जानकारी तथा अन्य गोपनीय सूचनाएं किसी के साथ साझा न करने की हिदायत दी गई। किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत साइबर सहायता नंबर 1930पर शिकायत करने की जानकारी भी दी गई। इसके अलावा महिला सहायता सेवाओं, उत्तर प्रदेश पुलिस नागरिक सेवा अनुप्रयोग (यूपीकॉप), अपराध एवं अपराधी अभिलेख तंत्र (सीसीटीएनएस), मिशन शक्ति केंद्र तथा साइबर सहायता कक्ष की सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूकता संबंधी सामग्री वितरित की गई तथा सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं और बालिकाओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर सुरक्षा और साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

पत्थर नसब की कार्रवाई में लापरवाही पर प्रभारी डीएम ने राजस्व निरीक्षक से मांगा स्पष्टीकरण

- मौके पर निस्तारण करने के दिये कड़े निर्देश

प्रतापगढ़। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जमीन सम्बन्धी मामले के निस्तारण में लापरवाही को लेकर प्रभारी डीएम ने राजस्व निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। वही समाधान दिवस में जमीन सम्बन्धी ज्यादातर मामले देखकर भी प्रभारी डीएम मातहतों पर तल्ख दिखे। डीएम की अध्यक्षता में यहां समाधान दिवस को लेकर बड़ी संख्या में सुबह से ही फरियादी जमे दिखे। हालांकि जनपद मुख्यालय से बाहर होने के कारण डीएम अभिषेक पाण्डेय समाधान दिवस में नही आ सके। प्रभारी डीएम के रूप में मुख्य विकास अधिकारी राम मोहन मीना ने शिकायतों की सुनवाई की। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग की छान्नवे, पुलिस की बीस व विकास की दो, बेसिक शिक्षा एक, विद्युत नौ, आपूर्ति दो व अन्य विभाग की सत्ताईस रही। कुल एक सौ सत्तावन शिकायतों में अफसरों ने ग्यारह शिकायतों का निस्तारण कराया। सीडीओ के सामने अगई के एक फरियादी ने जमीन सम्बन्धी पत्थर नसब की कार्रवाई न होने को लेकर राजस्व निरीक्षक के द्वारा लापरवाही को लेकर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। सीडीओ ने सम्बन्धित राजस्व निरीक्षक को तलब किया तब वह गैरहाजिर मिले। इस पर नाराजगी जताते हुए क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक धर्मराज का स्पष्टीकरण तलब कर लिया। सीडीओ ने ज्यादातर जमीनी विवादों में दोबारा शिकायतें देखी तब उनका पारा चढ़ आया। उन्होने नवागान्तुक एसडीएम वाचस्पति सिंह व तहसीलदार रवि यादव को रैण्डम चेकिंग के निर्देश दिये। पुलिस से जुड़ी शिकायतें सीओ राजीव द्विवेदी ने सुनीं। सीओ ने छोटे मोटे विवाद से जुड़े प्रार्थना पत्रों पर सम्बन्धित थाना प्रभारियों को स्वयं मौके पर निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिये। इस मौके पर जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी, नायब तहसीलदार वीरेन्द्र कुमार मिश्र, वन क्षेत्राधिकारी प्रेमचंद्र मिश्र, नायब तहसीलदार पंकज कुमार, एसडीओ विद्युत आशुतोष कुमार, बीडीओ लालगंज मानवेन्द्र शर्मा, अधीक्षक डा0 अरविन्द गुप्ता, पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ला आदि रहे।

डीडीयू जंक्शन पर कोलकाता मेल से 28 लाख रु.बरामद

चंदौली। जिले के पंडित दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) जंक्शन पर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की संयुक्त टीम ने एक ट्रेन में यात्रा कर रहे दो यात्रियों के पास से 28 लाख रुपये नकद बरामद किए। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बरामद नकदी के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर राशि आयकर विभाग को सौंप दी गई। डीडीयू जंक्शन के जीआरपी प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शुक्रवार देर रात स्टेशन के प्लेटफॉर्मों पर जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम नियमित जांच कर रही थी तथा इसी दौरान आरपीएफ यार्ड से सूचना मिली कि प्लेटफॉर्म संख्या एक पर पहुंची ट्रेन संख्या 12322 कोलकाता मेल के एस-3 कोच की सीट संख्या 41 और 43 पर बैठे दो यात्री पिट्ठू बैग में भारी मात्रा में नकदी लेकर यात्रा कर रहे हैं।

श्रावस्ती साइबर सेल की बड़ी सफलता

जिला संवाददाता (vol)

श्रावस्ती। हरदत्तनगर गिरण्ट थाना की साइबर सेल ने ऑनलाइन ठगी के शिकार एक युवक को बड़ी राहत दिलाई है। पुलिस की सक्रिय कार्रवाई से यूपीआई के जरिए ठगे गए 60 हजार रुपये में से 30 हजार रुपये पीड़ित के बैंक खाते में वापस करा दिए गए। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रकेश सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम आलोक कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। थाना हरदत्तनगर गिरण्ट के प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय और साइबर सेल की टीम ने मामले में प्रभावी पैरवी कर पीड़ित को उसकी आधी धनराशि वापस दिलाई।

- यूपीआई ठगी के 30 हजार रुपये पीड़ित के खाते में लौटाये

पुलिस के अनुसार, गोपाला सराय निवासी अभिषेक गुप्ता ने 23 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि साइबर ठगों ने यूपीआई के माध्यम से उनके खाते से 60 हजार रुपये की ठगी कर ली थी। शिकायत के बाद साइबर सेल ने लगातार कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप 30 हजार रुपये पीड़ित के खाते में वापस करा दिए गए। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय, साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक छैल बिहारी तथा कांस्टेबल रविन्द्र यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी साइबर ठगी की घटना होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 या www.cybercrime.gov.in? पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते धनराशि वापस कराई जा सके।

समाधान दिवस संपन्न, फरियादियों का रहा टोटा

- कुल 74 शिकायती पत्र आये, 5 का मौके पर हुआ निस्तारण

सोहावल-अयोध्या। संपूर्ण समाधान दिवस सोहावल में बेमानी साबित हो रहा है। यहां आने वाले शिकायत कताओं को संतोष जनक समाधान नहीं मिलता। नतीजा एक शिकायत के लिए फरियादियों को कई - कई प्रार्थना पत्र देने पड़ते हैं। इन्हे हर बार संबंधित विभागीय अधिकारियों को जाँच और कार्रवाई के लिए अग्रसारित कर जिम्मेदार इति श्री कर लेते हैं। शनिवार को आयोजित दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अमित कुमार भट्ट ने की। नवागत उप जिलाधिकारी गजेंद्र सिंह, तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह, नायब तहसीलदार रेशू जैन के साथ राजस्व कर्मी सुनवाई के लिए मौजूद रहे। दिवस में कुल 74 शिकायतें आई मौके पर 5 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। ललकी पांडेय का पुरवा निवासी सोमनाथ पांडेय ने पांचवीं बार शिकायत दर्ज कराई और न्याय की मांगा। शिकायत की बाग की जमीन को राजस्व विभाग ने तालाब में नाप दिया अब घर नहीं बनने दे रहा है। फरीद नेता भाकियू की शिकायत लेखपाल और राजस्व निरीक्षक को लेकर थी जिनके द्वारा किसानों का न अंश निर्धारण किया जा रहा है। और न ही फार्मर रजिस्ट्री हो पा रही है। जिससे उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है। इस अवसर पर नगर पंचायत की अधिशाषी अधिकारी आरती श्रीवास्तव, सप्लाई इंस्पेक्टर पूजा सिंह, एडीओ एसबी मनोज कुमार पाण्डेय आदि सहित अन्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

21 शिकायतें आयीं, तीन का मौके पर निस्तारण

बांसी सिद्धार्थनगर। बांसी तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित तहसील समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों की गंभीरता से सुनवाई की गई। एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जटिल मामलों में अभिलेखीय एवं स्थलीय जांच कर दोनों पक्षों की उपस्थिति में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने पर जोर दिया। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर तहसीलदार पीयूष कुमार श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव एवं महमूद मौजूद रहे।

संक्षेप

सड़क हादसे में युवक की मौत

असोहा, उन्नाव (वीओएल)। स्थानीय गांव पितना खेड़ा में शुक्रवार का दिन गम में डूब गया। एक तरफ सई नदी में डूबे बेटे का शव पोस्टमार्टम से घर पहुंचा, तो दूसरी तरफ सड़क हादसे ने दूसरे घर का चिराग बुझा दिया। पूरे गांव में कोहराम मच गया। बीते गुरुवार को सई नदी में डूबकर श्रवण कुमार की मौत हो गई थी। परिजन अभी उसी गम से उबर भी नहीं पाए थे कि शुक्रवार शाम करीब 5 बजे एक और दर्दनाक हादसा हो गया। मौरावां-मोहनलालगंज रोड पर पहासा मोड़ के पास रामू उर्फ टिन्ना लोधी पुत्र स्व. शिव भोला लोधी उम्र 32 वर्ष सड़क पार कर रहा था। तभी जबरेला की तरफ से आ रही तेज रफ्तार छोटी बस ने उसे रौंद दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रामू लहूलुहान होकर गिर पड़ा और छोटी बस भाग निकली। ग्रामीणों ने तुरंत 108 एंबुलेंस बुलाई। रामू को सीएचसी असोहा ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। परिजन उसे लेकर घर लौट ही रहे थे कि रास्ते में ही रामू ने अंतिम सांस ले ली। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक रामू भूमिहीन था। लोगों की जमीन बटाई पर लेकर मां भगवान देवी, तीन भाइयों दुर्गा प्रसाद, पंकज और दो बहनों सीमा व रीमा का पेट पालता था। दोनों बहनों की शादी हो चुकी है। आज मां भगवान देवी बदहवास होकर बेटे का नाम लेकर रो रही हैं। घर में चूल्हा भी नहीं जला। प्रभारी निरीक्षक फूल सिंह ने बताया कि तहरीर मिल गई है। फरार छोटी बस की तलाश की जा रही है। एक ही गांव में 24 घंटे के अंदर दो अर्थियां उठने से पितना खेड़ा में मातम पसरा है।

नवागत एसडीएम ने सुनीं जन समस्याएं

सफीपुर, उन्नाव। एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे विधायक बम्बालाल दिवाकर ने सुनी जन समस्याएं। सफीपुर तहसील सभागार में नवागत उपजिलाधिकारी फाल्गुनी सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में जन समस्याएं सुनी। इस दौरान अलग - अलग विभागों से कुल 87 फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखी। जिसमें सर्वाधिक राजस्व से जुड़े 18 मामले आए, पुलिस 13, समाज कल्याण 9, विकास 8, विद्युत 13, पूर्ति 8, चकबंदी के 13 एवं अन्य 5 समेत कुल 87 मामले आए। जिसमे राजस्व के 8, सामाज कल्याण 3 एवं पूर्ति विभाग के 1 मामले का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान विधायक बंबा लाल दिवाकर ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन के निदेर्शानुसार सभी मामलों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा सभी विभागीय अधिकारी सुन ले शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर तहसीलदार देवेंद्र कुमार, सीएचसी अधीक्षक डॉ राजेश वर्मा, बीडीओ ज्ञानेंद्र सिंह, एडीओ पंचायत छोटेलाल समेत अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

Notice

Informed that I have changed my name from Faiz Ahmed to Faiz Ahmad. My name should be recorded and read as Faiz Ahmad in all my official documents. Faiz Ahmad, S/o Maqsood Ahmad R/o- 544/1046, Mehta Vihar, Ekta Nagar, Mari Mata Mandir, Balaganj, Lucknow.

सूचना

सूचित हो कि मैं अपनी पुत्री तेजस्वी तिवारी के गलत चालो-चलन व समाज विरोधी कृत्यों के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में इनके द्वारा किसी भी लेन-देन, कृत्यों की जिम्मेदारी स्वयं की होगी मेरे व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **अर्चना तिवारी पत्नी श्री सरवन तिवारी निवासिनी- 39 सुन्दर विहार कालोनी सैदपुर जागीर लखनऊ।**

न्यायालय सूचना

एफ.सी.जे. फार्म नं. 33 भाग 7
श्रीमान बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी महोदय
वाद सं.- 0258/26
तारीख पेशी- 29.07.2026

फातिमा .....**वादी**

बनाम

मोहम्मद इकबाल पुत्र बक्श अली नि.- ग्राम ककरहा पर. औरंगाबाद तह- मितौली, जिला खीरी। ..... **प्रतिवादी**

चूंकि उपरोक्तनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि ..... अतएवं आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 29.07.2026 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा व अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज 14.07.2026 के दिवस को निकाली गयी।

न्यायाधीश

डिप्टी सीएम ने जिला अस्पताल गोरखपुर का किया निरीक्षण

बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता

गोरखपुर। उप्र के उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बृजेश पाठक ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जिला चिकित्सालय, गोरखपुर के आपातकालीन वार्ड का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों और उनके परिवारजनों से बातचीत कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली तथा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों के प्रति संवेदनशील और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने जिला चिकित्सालय में आपातकालीन वार्ड, दवा वितरण व्यवस्था, साफ-सफाई, चिकित्सकीय उपकरणों की उपलब्धता तथा अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को समय पर उपचार उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड को वातानुकूलित करने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एसी लगाने तथा पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के उपरांत उपमुख्यमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण करने के पश्चात स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने जिले की स्वास्थ्य सेवाओं, विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, अस्पतालों में उपलब्ध संसाधनों, चिकित्सकों की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, आयुष्मान भारत योजना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता, पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता, आवश्यक जांच सुविधाएं तथा मरीजों के साथ मानवीय व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इस अवसर सांसद रवि किशन शुक्ला, जिलाधिकारी दीपक मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित जिला चिकित्सालय के चिकित्सक एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

डीएम-एसएसपी ने खजनी तहसील में सुनीं जनता की समस्याएं

गोरखपुर। जन समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से आयोजित तहसील दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कोस्तुभ ने तहसील खजनी पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों एवं नगर क्षेत्र के लोगों ने अपनी-अपनी शिकायतें अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कीं।

तहसील दिवस के दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता के साथ किया जाए, ताकि फरियादियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को चेतावनी भी दी कि लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- **शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिया निर्देश**

वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कोस्तुभ ने कानून-व्यवस्था से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस से जुड़ी शिकायतों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई की जाए और पीड़ितों को न्याय दिलाने में कोई कोताही न बरती जाए। उन्होंने थाना स्तर पर शिकायतों के प्रभावी निस्तारण पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश झा, उपजिलाधिकारी खजनी आनंद कटारिया, प्रभारी निरीक्षक खजनी सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित शिकायतों को मौके पर ही सुनकर उनके समाधान की प्रक्रिया शुरू कराई। तहसील दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, स्वास्थ्य, विद्युत एवं अन्य विभागों से संबंधित विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुईं। कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के लिए संबंधित अधिकारियों को समयसीमा निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। तहसील दिवस के सफल आयोजन से फरियादियों में संतोष देखने को मिला। लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

सोनम वांगचुक के आंदोलन व सत्याग्रह को समर्थन

इटावा। सत्याग्रह की परम्परा की रक्षा भारत की लोकशाही की नींव राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्याग्रह और शांतिपूर्ण आन्दोलन जैसे लोकतांत्रिक हथियारों पर टिकी है। यदि जनता की न्याय संगत आवाजों और अहिंसक आन्दोलनों के प्रति तंत्र में उदासीनता आयेगी तो इससे देश के नैतिक मूल्यों और लोकतांत्रिक परम्पराओं को गहरी क्षति पहुंचेगी। सुप्रसिद्ध पर्यावरणविद् और शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक द्वारा दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक शांतिपूर्ण जन आन्दोलन सत्याग्रह व भूख हड़ताल चलाया जा रहा है। यह आन्दोलन किसी भी प्रकार की दलीय राजनीति से परे है। विशुद्ध रूप से सामाजिक न्याय और बराबरी के खिलाफ संवैधानिक अधिकारों की रक्षा और पर्यावरण संरक्षण जैसे बुनियादी मुद्दों पर आधारित है। वरिष्ठ पत्रकार एवं राज्य मुख्यालय मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के अध्यक्ष डा. जयचन्द भदौरिया ने कलेक्ट्रेट स्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुये उपरोक्त बात कही। डा. भदौरिया ने कहा कि गैर राजनैतिक जन समर्थन चम्बल घाटी और जनपद की जनता सदैव अन्याय और विषमता के खिलाफ मुखर रही है। हमारा स्पष्ट मत है कि यह आन्दोलन किसी राजनैतिक एजेंडे का हिस्सा नहीं है बल्कि यह लोकशाही को मजबूत करने और नीतिगत गिरावट को रोकने का एक रचनात्मक प्रयास है जिसमें हम सहर्ष अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में चन्द्रशेखर प्रसाद सिंह गौर पूर्व अध्यक्ष डीवीए, वरिष्ठ पत्रकार त्रिलोकी सिंह चैहान, डा. कुलदीप सक्सेना, अनिल मिश्रा, गोपाल, महेन्द्र बाबू, राम कश्यप, अमित प्रताप सिंह, नितिन कुमार, अरुण कुमार, ओम प्रकाश, नमन, सिद्धार्थ, अमर, शनिदेव, सत्यम, आलोक, उपेन्द्र, मो. हसन, अखिलेश भदौरिया, रानू राजावत, मुकेश शंखवार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

सैफई में चक मार्ग पैमाइश पर पथराव 20 लोगों के खिलाफ तहरीर

इटावा। सैफई हरदोई ग्राम पंचायत में सरकारी चक मार्ग की पैमाइश के दौरान राजस्व और चकबंदी विभाग की संयुक्त टीम के सामने शुक्रवार को हंगामा और पथराव का मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान ने 12 नामजद और आठ अज्ञात महिलाओं समेत 20 लोगों के खिलाफ सैफई थाने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं। शनिवार को घटना का वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि पुलिस ने अभी मामले में जांच शुरू की है और आरोपों की पुष्टि होना बाकी है। ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार बाबा ने बताया कि गांव में सरकारी चक मार्ग व भूमि को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। कई बार जिलाधिकारी से शिकायत के बाद प्रशासन ने राजस्व व चकबंदी विभाग की संयुक्त टीम बनाकर सीमांकन के निर्देश दिए थे। शुक्रवार को तीसरी बार पैमाइश की कार्रवाई की जा रही थी। इससे पहले दो बार भी विरोध के चलते सीमांकन पूरा नहीं हो सका था।

डीएम ने स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया 100 से अधिक मरीजों का हुआ परीक्षण

जसवंतनगर, इटावा। तहसील दिवस के अवसर पर शनिवार को तहसील परिसर में आयुष विभाग की ओर से आयुष आपके द्वार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद की सभी तहसीलों में एक साथ लगाए गए शिविर के तहत तहसील में भी बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का शुभारंभ जिलाधिकारी द्वारा किया गया। इस दौरान डॉ. शीलेन्द्र सिंह, डा. कमल कुमार कुशवाहा, आयुष चिकित्सकों की टीम ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया तथा आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया। शिविर में 100 से अधिक मरीजों की जांच की गई। लोगों को आयुर्वेद एवं अन्य आयुष चिकित्सा पद्धतियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और मौसमी बीमारियों से बचाव के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष नरेन्द्र कुशवाहा, डा. कमल कुमार कुशवाहा, 15 शैय्या आयुष चिकित्सालय, के फार्मासिस्ट, योग प्रशिक्षक, स्टाफ नर्स, वार्ड बॉय एवं अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय सहयोग किया। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य आमजन को उनके घर के नजदीक बेहतर आयुष स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा समय पर रोगों की पहचान कर उपचार सुनिश्चित करना है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने मेला प्रदर्शनी का शुभारंभ किया

भरथना, इटावा। भाजपा जिलाध्यक्ष अरूण कुमार गुप्ता अन्नू ने नगर में संचालित पण्डित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण सावन मेला प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया। नुमाइश प्रदर्शनी वर्तमान में नगर व क्षेत्रवासियों के लिए मनोरंजन का केन्द्र बनी हुई है। कस्बा के मुहल्ला जवाहर रोड स्थित एसएवी इण्टर कालेज के क्रीडास्थल के सामने सिन्धी समाज के मिल में संचालित उक्त नुमाइश प्रदर्शनी का बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अरूण कुमार गुप्ता अन्नू ने भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाज में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित होने के साथ समय-समय पर ऐसे मेलों, प्रदर्शनी के आयोजन अति महत्वपूर्ण हैं। तदुपरान्त प्रदर्शनी में भ्रमण किया। साथ ही कार्यक्रम आयोजक व प्रदर्शनी संचालकों ने जिलाध्यक्ष सहित अन्य आगन्तुक अतिथि पदाधिकारियों का माल्यार्पण, पट्टिका, पगडी पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया। नुमाइश प्रदर्शनी में घर गृहस्थी समेत जरूरत के सामान की आपूर्ति व मनोरंजन का केन्द्र बनी जलपरी के साथ इस बार सुपर ड्रैगन ट्रेन, आसमानी, नाव, ब्रेक डांस, नैनो कार, मिनी ट्रेन, मिक्की माउस, जम्पिंग, बच्चों के अन्य झूले प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रहेगें। साथ ही आइसक्रीम स्टॉल, रेस्टोरेंट, कपडा के अलावा खेल-खिलौने, घर गृहस्थी का उपयोगी सामान, श्रृंगार आदि की दुकानों से नगर व क्षेत्रवासी खरीद फरोख्त कर सकेगें।

बस स्टाप नहीं रूकतीं बसें, हाइवे से निकल जाती हैं, यात्रियों को परेशानी

जसवंतनगर, इटावा। कस्बे से होकर गुजरने वाली रोडवेज बसों के निर्धारित मार्ग का पालन न करने का मामला एक बार फिर चर्चा में है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई रोडवेज बस चालक कस्बे के बस स्टैंड और प्रमुख स्टॉपों पर आने के बजाय सीधे फ्लाईओवर से बसें निकाल ले जाते हैं। इससे बस स्टॉप पर इंतजार कर रहे यात्रियों को घंटों बस नहीं मिलती, जबकि बाहर से आने वाले यात्रियों को फ्लाईओवर के पूर्वी और पश्चिमी छोर पर उतार दिया जाता है। यात्रियों का कहना है कि रात के समय महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक दिक्कत होती है। फ्लाईओवर पर उतारे जाने के बाद उन्हें घर पहुंचने के लिए कोई साधन नहीं मिलता, जबकि बस स्टैंड पर ऑटो और ई-रिक्शा आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। वहीं, बस स्टॉप पर खड़े यात्रियों को भी बस नहीं मिलने से मजबूरन निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। हाल ही में इस समस्या का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में रात करीब साढ़े दस बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास कई यात्री रोडवेज बस का इंतजार करते नजर आए। बस आने पर यात्रियों ने हाथ देकर उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने बस नहीं रोकी और फ्लाईओवर से निकल गया। इसके बाद यात्रियों को निजी बस से अपने गंतव्य के लिए रवाना होना पड़ा। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय पत्रकारों ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल से की थी। जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे और समस्या के समाधान का आश्वासन भी दिया था। इसके बावजूद यात्रियों का आरोप है कि व्यवस्था में अब तक कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्धारित मार्ग का पालन न होने से प्रतिदिन विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों और अन्य यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा दोषी बस चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और सभी रोडवेज बसों का नियमित रूप से कस्बे के निर्धारित मार्ग से संचालन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।

रेफरल सेंटर बनकर रह गया है सीएचसी चौरीचौरा, डॉक्टर ले रहे रेफर का सहारा

चौरीचौरा, गोरखपुर। सभी प्रकार की सुविधाओं से लैस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरीचौरा पर मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन कम होती नजर आ रही है। डाक्टर भी, वही हैं, क्षेत्र भी वही हैं, सुविधाएं भी वही हैं, लेकिन अब मरीजों का मोह इस अस्पताल से भंग होता नजर आ रहा है। जो डाक्टर पहले यहां पूरी तन्मयता से इलाज करते थे, अब केवल कोरम पूर्ति करते नजर आ रहे हैं। गंभीर मरीजों को छूने का नाम नहीं ले रहे हैं। उन्हें तत्काल रेफर कर दे रहे हैं। जिससे अब मरीजों को लोकल में झोला छाप डाक्टरों का सहारा लेना पड़ रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरीचौरा पर शनिवार को संवाददाता द्वारा स्थलीय निरीक्षण के दौरान इलाज कराने पहुंचे, नगर पंचायत मुण्डेरा बाजार के पूर्व सभासद नवीन कुमार जायसवाल ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरीचौरा पर तैनात डाक्टरों द्वारा जहां जी जान लगा कर मरीजों का इलाज किया जाता था, आज उसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उन्हीं डाक्टरों द्वारा गंभीर या सामान्य मरीजों के लिए रेफर का सहारा लेना पड़ रहा है। स्थित यह है कि मरीज निराश होकर या तो गोरखपुर पलायन कर रहे हैं, अथवा अगल बगल स्थित झोलाछाप डॉक्टरों का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि चौरीचौरा सीएचसी पर सभी प्रकार की सुविधाएं सरकार द्वारा उपलब्ध है लेकिन अब कोई भी डाक्टर रिश्क उठाकर इलाज नहीं कर रहा है। उन्होंने बताया कि पहले पांच से छः सौं मरीज यहां देखे जाते रहे हैं। लेकिन अब यहां उसके आधे मरीज भी नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मरीजों के हित में की गई अस्पताल पर लोकल राजनीति, मरीजों को लाभ की जगह हानि पहुंचाना शुरू कर दी है। वहीं दूर दराज से आए कुछ मरीजों ने बताया कि सभी डाक्टरों के कमरे में पंखे, चल रहे हैं। लेकिन पैथालॉजी में बताया जा रहा है कि लाइन नहीं है, लाइन आने पर पैथालॉजी में जांच किया जायेगा। दुर्भाग्य है कि डाक्टरों के कमरे में पंखा चलाने वाला जनरेटर पैथालॉजी के लिए काम नहीं कर रहा है। लोगों का कहना है कि यह सब लोकल राजनीति की देन है। लोगों ने प्रशासन से स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग किया है। उक्त के संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी सर्वजीत प्रसाद ने बताया कि हमारे सभी डाक्टर समय से आते हैं, और समय सीमा तक इलाज करते हैं। गंभीर मरीजों को रिश्क न उठाते हुए जिला अथवा एम्स रेफर कर दिया जाता है। पहले लोग रिश्क उठाते थे। अब समय रिश्क उठाने का नहीं है।

नवागत तहसीलदार ने सुनीं जनता की समस्याएं

गोरखपुर। सदर तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में नवागत तहसीलदार सत्य प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में जनसुनवाई की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। तहसीलदार ने एक-एक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 119 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 15 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए तय समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। तहसीलदार ने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक शिकायत का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादियों को अनावश्यक रूप से इधर-उधर न भटकाया जाए और प्रत्येक विभाग अपने स्तर से शिकायतों का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करे। साथ ही, लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर समय से उनका निस्तारण किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। इस दौरान नायब तहसीलदार आकांक्षा पासवान, नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया, नायब तहसीलदार जीवेंद्र त्रिपाठी, चकबंदी अधिकारी सुनील सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कराई। समाधान दिवस के सफल आयोजन से उपस्थित फरियादियों में संतोष दिखाई दिया। लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि उनकी शेष समस्याओं का भी जल्द समाधान किया जाएगा।

106 मामलों में मात्र 06 का निस्तारण

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी चौरीचौरा रवि कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस पर समस्या समाधान के लिए कुल 106 मामले आये थे। जिसमें मात्र 06 मामलों का ही निस्तारण हो सका। शेष मामले संबंधित विभाग से आये अधिकारियों कर्मचारियों को त्वरित कार्रवाई करने के लिए प्रेषित किया गया। सबसे अधिक मामले राजस्व व चकबंदी विभाग से आए थे। संपूर्ण समाधान दिवस पर थुंही महोबचक निवासी रामभरोसे गुप्ता ने प्रार्थना पत्र देकर गाटा संख्या 362 की पैमाइश कराने की मांग किया। भैसहा टोला भगवानपुर निवासी उर्मिला देवी ने प्रार्थना पत्र देकर अपने पट्टीदार द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जे को हटवाने की मांग किया है। एडवोकेट बघाड़ निवासी शत्रुघ्न पटेल ने सिल्ट से पटे नालियों का साफ कराने की मांग किया है। जयपुर निवासी चंद्र किशोर ने प्रार्थना पत्र देकर गाटा संख्या 290 से अवैध कब्जा हटवाने की मांग किया है।

नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर परिजनों और शिक्षकों का मान बढ़ाया

सफीपुर, उन्नाव (वीओएल)। ग्रामीण क्षेत्र के प्रणेश द्विवेदी ने नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर परिजनों एवं शिक्षकों का मान बढ़ाया। क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। विकास खंड क्षेत्र के ओसिया गांव निवासी प्रणेश द्विवेदी पुत्र आदित्य द्विवेदी ने नीट परीक्षा के दूसरे प्रयास 2026 में 311 नंबर पाकर उत्तीर्ण किया है। प्रणेश ने परीक्षा उत्तीर्ण कर परिजनों, गांव समेत क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने ने बताया कि डॉक्टर बनने का सपना लेकर उन्होंने नियमित और एकाग्रता के साथ तैयारी की। उन्होंने बताया

कि इस सफलता में सबसे बड़ा श्रेय माता पिता एवं गुरुजनों का रहा, और कहा कि सफल होने के लिए पढ़ाई के साथ साथ नियमित अध्ययन आवश्यक है, साथ ही मोबाइल के सीमित व सकारात्मक उपयोग करने की सलाह दी। प्रणव की सफलता पर परिवार, गांव, शिक्षकों और क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए शुभकामनाएं दी। आदर्श नगर पंचायत सफीपुर के मोहल्ला कानून गोयान निवासी धर्म निष्ठ समाजसेवी अधिष्ठात्री मां शंकरी देवी मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील चौरसिया की बेटी अमिता चौरसिया ने नीट यूजी 2026 की परीक्षा में 720 में 388 अंक प्राप्त कर अपने माता पिता सहित नगर एवं क्षेत्रवासियों को गौरांवित किया। समाजसेवी सुनील चौरसिया को सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से बधाई देने का सिलसिला जारी। अमिता ने बताया शिक्षकों के साथ उसके पिता एवं माता ने सदैव हिम्मत एवं उत्साह वर्धन किया।

सड़क में जगह-जगह गड्ढे, राहगीर हलकान

सरहरी, गोरखपुर। विकास खंड चरगांवा के ग्राम पंचायत रामपुर गोपालपुर को बालापार टिकरिया रोड से जोड़ने वाली सड़क जर्जर हो गई है। जगह जगह गड्ढे बन गए हैं जिससे राहगीरों को भारी मुसीबतो का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत सचिवालय से सौ मीटर पूरब एक जगह तो पूरी सड़क ही गड्ढों में तब्दील हो गई है। हल्की बारिश में भी इन गड्ढों में पानी भर जाता है और गुजरने वाले लोगों को बहुत ही ध्यान रखना पड़ता है। विदित हो कि इसी सड़क पर तीन विद्यालय स्थित हैं और दर्जनों स्कूल की बसे सुबह शाम चक्कर लगाती हैं। गांव के अजय यादव विजयसेन सिंह, विनोद, संजय, युगेश, मनीष समेत सैकड़ों लोगों ने बताया कि टूटी हुई सड़क से आवागमन करना बहुत ही परेशानी का सबब बन गया है लेकिन जिम्मेदारों की चुप्पी से इस रस्ते पर चलना मजबूरी बन गया है।

समाधान दिवस पर सुनीं फरियादियों की समस्याएं

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस अपर जिला अधिकारी सुशील कुमार गौड़ वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर अपर जिला अधिकारी ने पिछले तहसील दिवस पर आए प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करने के बाद आए हुए फरियादियों की एक-एक कर समस्या सुनी। इस मौके पर कुल 88 प्रार्थना पत्र आए जिसमें सात का मौके पर निस्तारण किया गया। वही कुम्हारी कला के 10 लाभार्थियों को भूमि आवंटन के पट्टों के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। क्षितिज कुमार तिवारी रमेश चंद्र तिवारी निवासी भगवंत नगर वार्ड नंबर 6 ने भूमि की निशानी कराई जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया, यूनुस मोहम्मद पुत्र युसूफ निवासी चाचा राय खेड़ा ने दबंगों द्वारा भूमि पर कब्जा करने की शिकायत की, देवी शंकर पुत्र शिव शंकर निवासी ग्राम मानपुर में मंदिर की खाली पड़ी जमीन पर अवैध कब्जे के संबंध में शिकायत की, बैजनाथ पुत्र स्वर्गीय गया दीन निवासी ग्राम रखमापुर ने भूमि पर अवैध कब्जे के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया, अन्य फरियादियों ने भी अपनी अपनी शिकायतें की। इस मौके पर उप जिलाधिकारी आनंद कुमार नायक, तहसीलदार गणेश सिंह, मैं तहसीलदार निरंजन

श्रीवास्

संक्षेप

नैतिक मिश्रा ने नीट यूजी-2026 में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

पलियाकलां खीरी। गुरुकुल एकेडमी के मेधावी छात्र नैतिक मिश्रा ने NEET 2026 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नैतिक ने 720 में से 656 अंक प्राप्त कर 99.9448971 पर्सेंटाइल हासिल की तथा ऑल इंडिया रैंक (AIR) 1089 प्राप्त की।

करंट लगने से युवक की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के अलीगंज मोहल्ले में शनिवार सुबह करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजन उसे आनन-फानन में निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार अलीगंज निवासी श्याम प्रकाश शुक्ला के 34 वर्षीय पुत्र प्रशांत शुक्ला शनिवार सुबह दैनिक कार्य से निवृत्त होने के बाद स्नान करने के लिए बाथरूम गए थे। इसी दौरान उन्हें अचानक बिजली का करंट लग गया। काफी देर तक बाहर न आने पर परिजनों ने उन्हें अचेत अवस्था में देखा और तत्काल निजी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। प्रशांत शुक्ला की असमय मौत से पत्नी समेत परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही रिश्तेदार और शुभचिंतक उनके घर पहुंच गए। मृतक अलीगंज के पूर्व प्रधान रामप्रकाश शुक्ला के भतीजे थे।

दो महिलाओं ने चौकीदार जान से मारने का लगाया आरोप

पसगवां खीरी। कोतवाली पसगवां क्षेत्र के ग्राम दाउदपुर से एक चौकीदार द्वारा दो महिलाओं के साथ अभद्रता, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िताओं ने पसगवां पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। दाउदपुर गांव की निवासनीय पहली पीड़िता माधुरी पत्नी महेंद्र का आरोप है कि 16 जुलाई 2026 को समय करीब 1 बजे मेरे गांव के ही चौकीदार रामपाल पुत्र अज्ञात, द्रोपदी पत्नी रामपाल मेरे साथ गाली गलौज करता है, और मारने पीटने के लिए आमादा हो जाता है, साथ ही जान से मारने की धमकी देता है, यह लोग मेरे साथ यह दिन गाली गलौज करता है, मेरे साथ और अभद्र भाषा का प्रयोग करता है। वहीं दूसरी पीड़िता गुड्डी देवी पत्नी अवधेश का भी आरोप कि में घर में अकेली रहती हूं और मेरे पति मेडिकल कॉलेज में भर्ती है, 16 जुलाई 2026 को समय करीब दो बजे मेरे गांव के ही चौकीदार रामपाल पुत्र अज्ञात, अपनी पत्नी द्रोपदी, और बेटी के साथ मेरे दरवाजे पर आकर गाली गलौज करता है। मना करने पर मेरे साथ थप्पड़ों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पसगवां कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित केस जल्द निपटायें

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील लहरपुर में जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी लहरपुर धामनी एम0 दास, तहसीलदार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

तहसील लहरपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 133 शिकायतों में से 27 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सदर में प्राप्त 35 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील महोली में प्राप्त 41 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 62 प्रार्थना पत्रों में से 08, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 30 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील सिधौली में प्राप्त 83 प्रार्थना पत्रों में से 10, तहसील बिसवां में प्राप्त 33 प्रार्थना-पत्रों में से 07 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का शीघ्र करें निस्तारण

महोली/सीतापुर। जनता की शिकायत एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से महोली तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील में विधायक शशांक त्रिवेदी व एडीएम आयुष चैधरी की अध्यक्षता में समाधान दिवस में शिकायतकताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना वही जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समय अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुई इनमें से 4 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि फरियादी को एक छत के नीचे समस्या का समाधान किया जाए। किसी भी फरियादी को जिला या लखनऊ की भाग दौड़ न करनी पड़े। अपर जिलाअधिकारी आयुष चैधरी ने सभी विभागअध्यक्षों व अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों में तेजी से निस्तारण किया जाए जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई है उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण करें। अपर जिलाधिकारी आयुष चैधरी ने बुके देकर विधायक शशांक त्रिवेदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी शैलेंद्र गौतम, तहसीलदार अंकुर यादव, नायब तहसीलदार वसुंधरा त्रिपाठी, राज सिंह, एसडीओ विद्युत विकास सिंह, ईओ रामकृष्ण वर्मा, बीडीओ महोली प्रीति तिवारी, ऐलिया प्रशांत कुमार, सहित राजस्व गर्मी को कर्मी व संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

बीडीओ सर्वेश कुमार ने ब्लॉक धौरहरा में किया कार्यभार ग्रहण

लखीमपुर खीरी। तहसील धौरहरा की ब्लॉक धौरहरा में नवागान्त खण्ड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार तिवारी ने कार्य भार ग्रहण किया। ब्लॉक पलिया में खण्ड विकास अधिकारी के पद पर तैनात बीडीओ सर्वेश कुमार तिवारी का स्थानांतरण धौरहरा ब्लॉक को हुआ और धौरहरा ब्लॉक में तैनात बीडीओ गगन दीप सिंह का स्थानांतरण ब्लॉक बांकेगंज को कर दिया गया। बीडीओ सर्वेश कुमार तिवारी ने ब्लॉक पलिया से आकर धौरहरा ब्लॉक में शनिवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी निधि देवी, ग्राम विकास अधिकारी धीरज कुमार, नवल किशोरी वर्मा, चंद्रशेखर यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी रोहित बंसवार सहित अन्य सचिव मौजूद रहे।

लोकतंत्र में असहमति व्यक्त करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार: आशीष मिश्रा

सीतापुर। जंतर-मंतर, नई दिल्ली में गांधीवादी तरीके से आंदोलन कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन तथा शांतिपूर्ण विरोध के संवैधानिक अधिकार की रक्षा की मांग को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पर विभिन्न सामाजिक, किसान, मजदूर, छात्र, अधिवक्ता और

नागरिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और संवाद के माध्यम से समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व चेयरमैन आशीष मिश्रा ने कहा कि लोकतंत्र में असहमति व्यक्त करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और सरकार को शांतिपूर्ण आंदोलनों को संवेदनशीलता के साथ सुनना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता ऋचा सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और हिमालयी क्षेत्रों से जुड़े मुद्दे राष्ट्रीय महत्व के हैं, जिन पर सकारात्मक संवाद की आवश्यकता है। मजदूर नेता गयाप्रसाद ने कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज को दबाने के बजाय उसका सम्मान होना चाहिए। बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री बुद्धि प्रकाश मिश्रा और अधिवक्ता आलोक यादव ने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने का अधिकार देता है और इस अधिकार की रक्षा सभी की जिम्मेदारी है। किसान नेता शाबान अहमद ने कहा कि जनहित के मुद्दों पर सरकार और आंदोलनकारियों के बीच सार्थक वार्ता होनी चाहिए। समाजसेवी दिनेश अम्बेडकर गांधी, प्रमिला बंसल, सचेन्द्र दीक्षित, महेश प्रसाद, छात्र नेता नितिन वर्मा, इजहार अहमद और अमित श्रीवास्तव भारती ने भी लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया। सभा में निर्णय लिया गया कि आवश्यकता पड़ने पर सीतापुर से सामाजिक संगठनों, अधिवक्ताओं, किसानों, मजदूरों और छात्रों का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली जाकर गांधीवादी तरीके से आंदोलन का समर्थन करेगा। कार्यक्रम का समापन संविधान की गरिमा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार की रक्षा का संकल्प लेकर किया गया।

रथ यात्रा में उमड़ा भक्तों का जन सैलाब

महोली/सीतापुर। भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र (बलराम) बहन सुभद्रा के संग रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने के लिए बाबा टेकेश्वर धाम से यात्रा का प्रारंभ हुआ। मान्यता अनुसार भारत के उड़ीसा राज्य की पूरी क्षेत्र जिसे पुरुषोत्तम पुरी, शंख क्षेत्र, श्री क्षेत्र के नाम से भी जाना जाता है। भगवान जगन्नाथ जी की मुख्य लीला है उत्कल प्रदेश के प्रधान देवता प्रभु जगन्नाथ जी माने जाते हैं। शनिवार को सायं काल भगवान जगन्नाथ जी की यात्रा शुरू हुई जो नगर के विभिन्न भागों से बाबा बैजनाथ धाम में पूजन अर्चन के बाद यात्रा का विश्राम हुआ। नगर के समाजसेवियों एवं व्यापारियों ने पभु जगन्नाथ यात्रा में पुष्प वर्षा के साथ-साथ भक्तों को जलपान कराया। यात्रा में नगर व क्षेत्र की महिलाएं व पुरुषों मे आस्था का सैलाब देखने को मिला। भक्तों द्वारा प्रभु जगन्नाथ भगवान की यात्रा में रस्सी को खींचकर आशीर्वाद लिया। महोली नगर में भगवान जगन्नाथ की पहली बार यात्रा निकाली गई है जिससे भक्तों में खुशी का माहौल देखने को मिला। सुरक्षा के लिए ऐलिया, पिसावा, रामकोट, संदना की पुलिस सहित क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चैबे, प्रभारी निरीक्षक जेबी पाण्डेय अपनी टीम के साथ मुस्तैद दिखे।

विद्या निकेतन की रश्मि बनीं वैज्ञानिक

कैंसर शोध में भी कर चुकी हैं कार्य

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज की पूर्व छात्रा डॉ. रश्मि त्रिवेदी ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर वैज्ञानिक के पद तक पहुंचकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनका चयन बेंगलुरु स्थित स्टार हाई हब्र्स लिमिटेड में वैज्ञानिक पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।

डॉ. रश्मि त्रिवेदी ने सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की शिक्षा प्राप्त की थी। उन्होंने इंटरमीडिएट परीक्षा में 79.8 प्रतिशत अंक हासिल कर इंस्पायर छात्रवृत्ति योजना में स्थान बनाया। इसके तहत उन्हें परास्नातक तक प्रतिवर्ष 80 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्राप्त हुई। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय से स्नातक तथा सूक्ष्म जीवविज्ञान (माइक्रोबायोलॉजी) विषय में परास्नातक की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने अखिल भारतीय स्तर की गेट और नेट-जेआरएफ परीक्षाओं में सफलता हासिल की। आगे चलकर पारुल विश्वविद्यालय, गुजरात से उन्होंने डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त की। डॉ. रश्मि त्रिवेदी ने कैंसर अनुसंधान के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किया है। उनके 14 शोध पत्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। वैज्ञानिक क्षेत्र में उनकी इस उपलब्धि को विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण बताया जा रहा है। डॉ. रश्मि के पिता कुलभूषण लाल त्रिवेदी उच्च प्राथमिक विद्यालय राजगढ़ में प्रधानाध्यापक हैं, जबकि माता सरिता त्रिवेदी गृहिणी हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और निरंतर मेहनत को दिया। डॉ. रश्मि त्रिवेदी की सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी और बालिका विभाग की प्रधानाचार्या मधु त्रिपाठी ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने उनकी उपलब्धि को वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

सावन मेले से पहले कॉरिडोर की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में जुटा प्रशासन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सावन मेले में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। छोटी काशी में देश-प्रदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए प्रशासन और कार्यदायी संस्था ने कॉरिडोर निर्माण कार्यों में तेजी बढ़ा दी है। हालांकि अभी भी कुछ स्थानों पर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जाना बाकी है, जिन्हें समय रहते पूरा करने का दावा किया जा रहा है।

पौराणिक शिव मंदिर कॉरिडोर के मुख्य प्रवेश द्वार के पास बरसात के कारण जलभराव और कीचड़ की समस्या सामने आई है। इससे श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी हो रही है। निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि इस मार्ग को जल्द ही व्यवस्थित कर कंक्रीट की परत बिछाई जाएगी, जिससे बरसात के दौरान श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो। वहीं परिक्रमा मार्ग और बूढ़े बाबा मंदिर के पीछे खाली क्षेत्र में भी बारिश का पानी भरने से समस्या बनी हुई है। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर निर्माण सामग्री और मलबा पड़ा हुआ है। प्रशासन ने मेले से पहले इन स्थानों की सफाई और व्यवस्थाओं को पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। कॉरिडोर निर्माण कार्य की देखरेख कर रहे जूनियर इंजीनियर एपी सिंह ने बताया कि सावन मेले को ध्यान में रखते हुए सभी मूलभूत सुविधाएं समय से पूरी कर ली जाएंगी। उन्होंने बताया कि दिव्यांग और बुजुर्ग श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शिव मंदिर से तीर्थ सरोवर तक रैंप का निर्माण कराया गया है। बूढ़े बाबा मंदिर का निर्माण कार्य अभी प्रगति पर है, जिसे जल्द पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। शनिवार को विधायक अमन गिरि ने शिव मंदिर परिसर पहुंचकर कॉरिडोर के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने परिक्रमा मार्ग, ग्रीन एरिया, स्थानांतरित किए जा रहे 11 मंदिरों, तीर्थ सरोवर और अन्य निमार्णाधीन स्थलों का जायजा लिया। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सावन मेले से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। विधायक ने बताया कि परिक्रमा मार्ग का लिंटर 20 जुलाई तक खोल दिया जाएगा और 22 जुलाई तक शटरिंग हटाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सावन मेले में आने वाले शिवभक्तों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। प्रशासन का प्रयास है कि सावन मेले के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर आवागमन, स्वच्छ वातावरण और सुरक्षित धार्मिक यात्रा का अनुभव मिल सके। कॉरिडोर के पूर्ण होने के बाद छोटी काशी का स्वरूप और अधिक भव्य दिखाई देगा।

ट्रक बना आग का गोला आम जलकर राख

सीतापुर। महोली कोतवाली क्षेत्र में एनएच-30 बाईपास स्थित जलालपुर मोड़ के पास शनिवार को आम से भरे एक ट्रक में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वाहन और उसमें लदा आम जलकर राख हो गया। घटना से कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। चालक अनिल कुमार ने बताया कि वह सहारनपुर से बिहार के छपरा के लिए आम लेकर जा रहा था। रास्ते में अचानक एक जानवर सामने आ गया। उसे बचाने के लिए तेज ब्रेक लगाने पर ट्रक के पहिए से आग उठने लगी, जो कुछ ही देर में पूरे वाहन में फैल गई। चालक ने समय रहते ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक ट्रक और उसमें लदा आम पूरी तरह जल चुका था। चालक ने करीब 18 लाख रुपये के नुकसान की बात कही है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

डीएम ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर के लोकसभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार ने एक ओर जहां फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं, वहीं दूसरी ओर जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को टूलकिट प्रदान की।

जनसुनवाई के दौरान डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण करें और भूमि विवादों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल कार्यवाही करे। इस समाधान दिवस में कुल 61 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए, जिनमें से 06 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 29, पुलिस विभाग की 14, विकास विभाग की 07, आपूर्ति 06 और विद्युत विभाग की 03, कृषि की 02 शिकायतें शामिल रहीं। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया। इस दौरान एसडीएम चलुवराजू आर, तहसीलदार मुकेश कुमार, पीडी डीआरडीए सतीश कुमार पाण्डेय, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह सहित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

समाधान दिवस पर लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगात

संपूर्ण समाधान दिवस जनपद में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का साक्षी बना। डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने स्वयं लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ सौंपा। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 05 लाभार्थियों को स्वीकृत प्रमाण पत्र प्रदान किए। वही 05 लाभार्थियों को पौध का वितरण किया।

शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें

जिला संवाददाता(vol)

मोहम्मदी खीरी। तहसील सभागार में नवागत एसडीएम राजेश प्रताप की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 40 फरियादियों ने शिकायत दर्ज कराई जिसमें सर्वाधिक शिकायत है राजस्व विभाग की रही है।

आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम, सीओ अरुण कुमार, नवागत तहसीलदार गरिमा वर्मा नायब बालक राम समेत विभागों के अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतें सुनी है जिसमें राजस्व विभाग की 22, पुलिस 9, विकास 5, पूर्ति और नगर पालिका विभाग की दो-दो शिकायती पत्र प्राप्त हुए हैं। जिसमें किसी का निस्तारण नहीं हो सका है। एसडीएम ने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए समय सीमा के भीतर फरियादियों की शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कर अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर बार संघ के अध्यक्ष अवधेश चंद्र द्विवेदी उर्फ बेटू, महामंत्री पंकज कश्यप की अगुवाई में मोहम्मदी जिला बनाओ को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है।

कार्यालय नगर पंचायत पिपरी, सोनभद्र

नि.सू.- 04/न.पं.पि./2026-27/निविदा - सूचना — दिनांक:16/07/2026

ई-निविदा सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 'राज्य वित्त आयोग निधि' के प्रत्याशा में प्राप्त धनराशि से कार्य कराने हेतु बेबसाइट– http://etender.up.nic.in पर निम्न समय-सारणी के अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा से सम्बन्धित कार्यों का विवरण नियम एवं शर्त तथा अन्य समस्त जानकारी बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। जिसे डाउनलोड कर देखा जा सकता है।

क्र.सं.	विवरण	तिथि व समय
1	बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता	दिनांक 17/07/2026 को समय अपरान्ह 5.00 बजे से दिनांक- 25/07/2026 को समय सांय 5.00 बजे तक
2	फर्म / टकदार द्वारा आनलाइन निविदा डाउनलोड/अपलोड करने की अन्तिम तिथि	दिनांक- 25/07/2026 को समय सांय 5.00 बजे तक
3	ई-टेण्डरिंग निविदा खोलने की तिथि व स्थान	दिनाक 27/07/2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे। कार्यालय नगर पंचायत पिपरी, सोनभद्र

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदाओं को सलाह दी जाती है कि व नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिये कृपया बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

अधिशासी अधिकारी — **नगर पंचायत, पिपरी, सोनमद्र**

अध्यक्ष — **नगर पंचायत, पिपरी सोनभद्र**

कार्यालय नगर पंचायत पिपरी, सोनभद्र

पत्रांक : 06 / न.पं.पि./ रा.वि.आ./ 2026-27 / — दिनांक: 17.07.2026

अल्पकालिक कोटेशन सूचना

एतद्द्वारा जी.एस.टी. में पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत पिपरी के विभिन्न वार्डों में पूर्व में अवस्थापित पेयजल सम्बन्धित पाईप लाईन, समरसेबल, मिनी वाटर टैंक, हैण्डपम्प इत्यादि से सम्बन्धित मरम्मत हेतु एक वर्ष के लिये दर सूची का अनुबन्ध नगर पंचायत पिपरी करना चाहती है। मरम्मत से सम्बन्धित मजदूरी दर सूची निकाय के पास उपलब्ध है। उक्त दर सूची से कम अथवा अधिक प्रतिशत दर पर मरम्मत का कार्य करने हेतु इच्छुक ठेकेदार/फर्मों से उनके लेटर पैड पर दिनांक 27.07.2026 को समय अपरान्ह 2.00 बजे तक बन्द लिफाफे में कोटेशन आमंत्रित करती है, जो उसी दिन कोटेशनदाता/उसके प्रतिनिधियों जो उपस्थित रहना चाहते हैं, के समक्ष अधोहस्ताक्षरीय द्वारा समय अपरान्ह 3.00 बजे कार्यालय नगर पंचायत पिपरी में खोला जायेगा। समय पश्चात प्राप्त किसी भी कोटेशन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। कोटेशन से सम्बन्धित निकाय की दर सूची व किसी भी प्रकार की जानकारी कार्यालय अवधि में नगर पंचायत पिपरी से प्राप्त किया जा सकता है। किसी भी कोटेशन को बिना कारण बताये स्वीकृति/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

नियम एवं शर्ते-

1. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगा।
2. मरम्मत में लगने वाली समस्त समाग्री आवश्यकतानुसार निकाय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा ।
3. पेयजल मरम्मत से सम्बन्धित कार्य हेतु टेक्नीकल एवं फाइनेन्सीयल बिड अलग-अलग बन्द लिफाफे में कोटेशन प्रस्तुत करना होगा।
4. प्रत्येक कोटेशनदाता टेक्नीकल लिफाफे में चरित्र प्रमाण पत्र हैसियत प्रमाण पत्र एवं स्व-घोषणा (टी0-4 टी0-5 एवं टी0-6). पैन नम्बर, जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाण पत्र अनुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति तथा जमानत राशि रु० 50,000.00 (रुपये पचास हजार) का एफ.डी.आर./ एन.एस.सी. जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पिपरी के नाम पर बंधक होगा कोटेशन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा फाइनेन्सीयल लिफाफे में केवल दर सम्बन्धित कोटेशन प्रपत्र डालना होगा।
5. पेयजल से सम्बन्धित कार्य मरम्मत के दौरान निकाली गयी समस्त सामग्री को कार्यालय तक पहुँचाने की जिम्मेदारी कोटेशनदाता/फर्म की होगी। सामग्री सुरक्षित जमा करने के उपरान्त ही बिल का भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा।
6. पेयजल मरम्मत से सम्बन्धित कार्य अध्यक्ष / अधिशासी अधिकारी द्वारा लिखित आदेश के उपरान्त / उपलब्ध करायी गयी स्थलों की सूची के आधार पर स्वीकृत कोटेशनदाता द्वारा मरम्मत कार्य कराया जायेगा। इससे अलग मरम्मत कार्य कराने पर भुगतान की जिम्मेदारी निकाय की नहीं होगी।
7. मरम्मत कार्य कराये गये पेयजल पाईप लाईन सम्बन्धित कार्य 1 माह के अन्दर पुनः उसी स्थान पर खराब होने की दशा में कोटेशनदाता को पुनः मरम्मत करना होगा जिसके लिये अलग से कोई मजदूरी देय नहीं होगा।
8. पेयजल पाईप लाईन के समय किसी भी प्रकार का घटना / दुर्घटना होने पर निकाय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वीकृत कोटेशनदाता (सम्बन्धित फर्म) की होगी।
9. निकाय द्वारा सूचना उपलब्ध कराने के दो दिन के अन्दर मरम्मत करना अनिवार्य होगा।
10. मरम्मत के समय किसी भी प्रकार की पेयजल पाईप लाईन में होने वाली क्षति की वसूली ठेकेदार / फर्म से करने का अधिकार प्रशासक या अध्यक्ष (जैसी भी स्थिति हो)/ अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पिपरी के पास सुरक्षित होगी।
11. कोटेशन स्वीकृति के उपरान्त निर्धारित स्टाम्प पेपर पर स्वयं के खर्च से अनुबन्ध कराने की जिम्मेदारी फर्म / ठेकेदार की होगी।
12. बिल का भुगतान अवर अभियन्ता नगर पंचायत पिपरी द्वारा बिल सत्यापन के उपरान्त किया जायेगा।
13. सम्बन्धित फर्म / ठेकेदार को पेयजल पाईप लाईन में लगने वाले व निष्प्रयोज्य निकाले गये समस्त सामग्रियों का फोटोग्राफ बिल के साथ संलग्न कर भुगतान हेतु प्रस्तुत करना होगा तथा मरम्मत के उपरान्त वहाँ के कम से कम दो स्थानीय नागरिकों से इस आशय का प्रमाण पत्र लेना आवश्यक होगा कि मरम्मत कार्य हो गया है तथा मरम्मत कार्य में निम्न सामग्री लगाई / निकाली गई है।
14. अवर अभियन्ता नगर पंचायत पिपरी द्वारा मरम्मत सम्बन्धित कार्य व सामग्रियों हेतु उपलब्ध कराये गये दर अनुसूची में वर्णित सामग्रियों के अतिरिक्त अपरिहार्य परिस्थितियों में आवश्यकतानुसार अन्य सामग्री का उपयोग करने की दशा में प्रचलित स्थानीय बाजार दर तथा लोक निर्माण विभाग / जल निगम के दर अनुसूची में जो सबसे कम होगा, के अनुसार अतिरिक्त सामग्रियों का भुगतान अवर अभियन्ता द्वारा दर सत्यापन के उपरान्त ही किया जायेगा।
15. स्वीकृत फर्म / ठेकेदार ऐसे समस्त दावों का क्षतिपूर्ति देगा, जो किसी व्यक्ति की ओर से चाहे वो कारगर हो या न हो, हानि पहुँच जाने के कारण किये जायेंगे। नगर पंचायत किन्ही ऐसे दावों के विरूद्ध श्रमपूर्ति एक्ट-1923 की बिन्दु (12) की उपबिन्दु (1) के अनुसार या उनके संशोधन के अनुसार किसी न्

संक्षेप

अपहृत किशोरी बरामद आरोपी किशोर गिरफ्तार

कादीपुर, सुलतानपुर। कादीपुर कोतवाली पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व लापता हुई किशोरी को सकुशल बरामद करते हुए आरोपी किशोर को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। पुलिस की कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली।प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र की 15 वर्षीय किशोरी को एक सप्ताह पहले बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान शनिवार सुबह उपनिरीक्षक कमल कुमार सिंह ने किशोरी और आरोपी को कस्बे के बस स्टेशन के पास से बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान बृजेश (14) पुत्र प्रेमशंकर, निवासी बरसाती गांव, थाना इंदरगढ़, जनपद कन्नौज के रूप में हुई है। वह क्षेत्र में फेरी लगाकर सामान बेचने का कार्य करता था। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद किशोरी को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं आरोपी किशोर को किशोर न्याय अधिनियम के तहत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

गंगा एक्सप्रेसवे पर 31 भैंसों से लदा ट्रक पलटा ,चार की मौत

लालगंज, रायबरेली। कसाइयों के द्वारा जानवरों की अवैध रूप से की जा रही तस्करी की पोल उस समय खुल गई जब लालगंज कोतवाली क्षेत्र के ऐहार के पास गंगा एक्सप्रेस हाईवे पर 31 भैंसो से लदा ट्रक संख्या यूपी21बीएन 1893 अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे चार भैंसों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही लालगंज कोतवाली के सब इंस्पेक्टर जितेंद्र यादव मय फोर्स मौके पर पहुंचे और घायल जानवरों को ट्रक से बाहर कराया। ट्रक रोहतक से उन्नाव जा रहा था, उन्नाव में जानवर काटने की फैक्ट्री लगी हुई है जहां पर अवैध रूप से कसाई जानवर काटने का काम करते हैं। ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है, अवैध रूप से तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कीजाएगी। वहीं चालक के खिलाफ भी लापरवाही से वाहन चलाने का भी मुकदमा पंजीकृत हुआहै।

पत्नी की बेरहमी से की हत्या, पति गिरफ्तार

रायबरेली। जिले के गुरूबख्शगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बथुआ खास के खाले का पुरवा गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है। स्थानीय निवासी ने अपनी पत्नी को घरेलू विवाद के चलते बुरी तरह पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार बीती रात दोनों के बीच छोटी सी बात पर झगड़ा हुआ, जो जल्द ही मारपीट में बदल गया। आरोपी पति ने लाठी-डंडों से पत्नी पर अत्याचार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिवार के अन्य सदस्यों ने जब हलचल सुनी तो पत्नी को खून से लथपथ हालत में पाया। तुरंत उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही गुरूबख्शगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। सूत्र-पुलिस ने आरोपी पति को घटनास्थल से ही गिरफ्तार कर लिया है। प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

82 शिकायतें आयीं, 6 का हुआ मौके पर निस्तारण

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में तहसील ऊँचाहार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये।

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी ऊँचाहार विवेक राजपूत, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी अरविन्द कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए मुनेश चन्द्र, तहसीलदार आकांक्षा दीक्षित सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

एडीएम ने डलमऊ के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया स्थलीय निरीक्षण

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के निदेर्शानुसार अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव मिश्र द्वारा तहसील डलमऊ के बाढ़ प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों का व्यापक स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाढ़ चैकी कनहा, जूनियर हाई स्कूल मियां टोला स्थित बाढ़ चैकी, वीआईपी घाट, डलमऊ, डलमऊ राजा डल पार्क स्थित फ्लड शेल्टर तथा ग्राम जमालनगर मोहद्दीनपुर में निर्मित पुलिया एवं उसके अग्र भाग के कच्चे संपर्क मार्ग का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय उन्होंने बाढ़ चैकियों पर उपलब्ध संसाधनों, संचार व्यवस्था, राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों, फ्लड शेल्टर में मूलभूत सुविधाओं तथा संवेदनशील स्थलों की स्थिति का जायजा लिया। ग्राम जमालनगर मोहद्दीनपुर में निर्मित पुलिया के अग्र भाग का संपर्क मार्ग कच्चा पाए जाने पर संबंधित विभाग को आवश्यक सुरक्षात्मक एवं स्थायी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

समाधान दिवस में 329 फरियादी पहुंचे 27 मामलों का मौके पर निस्तारण

सुलतानपुर (वीओएल)। शासन के निर्देश पर माह के तीसरे शनिवार को लंभुआ तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। समाधान दिवस में फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी और विभिन्न विभागों से संबंधित 329 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 27 मामलों का मौका पर ही निस्तारण कर राहत दी गई, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के लिए भेजा गया।मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन शिकायतों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों में राजस्व और पुलिस विभाग संयुक्त रूप से मौके पर जाकर जांच करें और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करें, ताकि शिकायतकर्ता पूरी तरह संतुष्ट हो सके। समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी प्रीति जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए

सैंपल फेल मिलने पर होगा केस लाइसेंस भी किया जायेगा निरस्त

सुलतानपुर (वीओएल)। खाद्य पदार्थों और दवाओं में मिलावट पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट में एडीएम (प्रशासन) रत्नप्रिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में बताया गया कि खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच लखनऊ स्थित अत्याधुनिक प्रयोगशाला में कराई जा रही है। जनपद के विभिन्न प्रतिष्ठानों से समय-समय पर सैंपल लेकर परीक्षण कराया जाता है। यदि कोई नमूना जांच में फेल मिलता है तो संबंधित कारोबारी को नोटिस जारी किया जाता है। दोबारा लिए गए सैंपल के भी फेल होने पर संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाती है।समिति ने खाद्य पदार्थों और औषधियों में मिलावट रोकने, नकली और अधोमानक उत्पादों की बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण, उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के नियमों की जानकारी देने पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही विशेष अभियानों की समीक्षा कर उन्हें और प्रभावी बनाने के सुझाव भी दिए गए। एडीएम ने सभी विभागों से जनजागरूकता अभियान तेज करने और मिलावटखोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समिति ने आमजन से भी संदिग्ध खाद्य पदार्थों और दवाओं की सूचना प्रशासन को देने की अपील की।

वर्षों से निर्माणाधीन नैय्या नाला का नया पुल आखिरकार बनकर हो गया तैयार

महराजगंज, रायबरेली। महराजगंज इन्हौना मार्ग से प्रतिदिन गुजरने वाले हजारों लोगों के लिए बड़ी राहत की खबर है। वर्षों से निमार्णाधीन नैय्या नाला का नया पुल आखिरकार बनकर तैयार हो गया है। पुल के तैयार होने के साथ ही लंबे समय से बनी आवागमन की समस्या समाप्त हो गई है और क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। पुल निर्माण के दौरान इस मार्ग से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं था। संकरे वैकल्पिक रास्ते से लोग जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर थे। बरसात के दिनों में हालात और भी गंभीर हो जाते थे। वाहन चालकों को घंटों जाम का सामना करना पड़ता था, जबकि स्कूली बच्चों, किसानों, व्यापारियों, मरीजों और आम यात्रियों को रोजाना भारी परेशानियों से गुजरना पड़ता था। अब नए पुल के तैयार होने से महराजगंज और इन्हौना के बीच यातायात पूरी तरह सुगम होने की उम्मीद है। इससे न केवल यात्रा का समय कम होगा, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी काफी हद तक घटेगी। यह पुल क्षेत्र की ग्रामीण संपर्क व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियों और स्थानीय विकास को भी नई गति देगा। स्थानीय लोगों ने पुल निर्माण पूरा होने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों से जिस दिन का इंतजार था, वह आखिरकार आ गया। अब लोगों को वैकल्पिक रास्तों की परेशानी और जोखिम भरे सफर से मुक्ति मिल गई है।

विद्यार्थियों ने मनाया पौधरोपण उत्सव पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

सुलतानपुर (वीओएल)। पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को श्री चित्रगुप्त धाम, सीताकुंड स्थित विनोद स्मृति वाटिका में पौधरोपण उत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राधा रानी कुँवर कृष्ण इंटर कॉलेज के लगभग 350 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आरती एवं मंगलाचरण से हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विनोद स्मृति वाटिका में सजावटी, पुष्पीय एवं सौंदर्यवर्धक पौधों के साथ मंदिर परिसर के उत्तरी भाग में छायादार और फलदार वृक्षों का रोपण किया। सभी ने सामूहिक रूप से विद्यार्थी पौध संरक्षण शपथ लेकर लगाए गए पौधों की नियमित सिंचाई, देखभाल और संरक्षण का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर श्री चित्रगुप्त धाम परिवार के शशि सिन्हा, ओ.पी. श्रीवास्तव, पवन, डॉ. आशुतोष, डॉ. मनीष, राजवीर, संतोष खरे, अनुराग, दिनकर एवं पंडित रोहित तिवारी सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय की ओर से प्रबंधक संदीप कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्या विन्दु श्रीवास्तव, प्रशासक धीरेन्द्र सिंह, उपप्रधानाचार्या रतनप्रिया पाण्डेय, समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता की।

कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी ने पौधों की नियमित देखभाल को ही सच्ची प्रकृति सेवा बताया।

जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने अयोध्या हनुमानगढ़ी में किये दर्शन

अयोध्या। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शनिवार को अयोध्या हनुमानगढ़ी में हनुमंतलला का दर्शन किया। इसके पूर्व अयोध्या धाम बस अड्डा स्थित सागर पैलेस में 81 दिवसीय गविष्ठि (गो-रक्षार्थ-धर्मयुद्ध) यात्रा के दौरान आयोजित प्रेसवार्ता में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने राम मंदिर की वर्तमान व्यवस्था, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की कार्यप्रणाली और प्रदेश की गौशालाओं की स्थिति को लेकर तीखे सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अयोध्या की मौजूदा परिस्थितियां संत समाज के लिए चिंता का विषय हैं और मंदिर की व्यवस्था संत-महंतों की देखरेख में होनी चाहिए। शंकराचार्य ने दावा किया कि राम जन्मभूमि विवाद में मुकदमा रामलला विराजमान के नाम से लड़ा गया था, लेकिन अब मूल प्रतिमा को हटाकर दूसरी प्रतिमा स्थापित कर दी गई है। उन्होंने इसे रामलला विराजमान का घोर अपमान बताते हुए कहा कि जिन रामलला के लिए वर्षों तक संघर्ष हुआ, उन्हें उचित स्थान नहीं मिला। उन्होंने अस्थायी मंदिर में स्थापित ज्योति पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि वहां कृत्रिम व्यवस्था कर श्रद्धालुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।श्अभी राम मंदिर नहीं, कार्यालय जैसा माहौलश शंकराचार्य ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण अभी पूर्ण नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान व्यवस्था में मंदिर संतों के बजाय अन्य संस्थाओं के प्रभाव में संचालित हो रहा है। उनका कहना था कि जब मंदिर



की व्यवस्था संतों के हाथों में होगी और शास्त्रसम्मत पूजा-पद्धति लागू होगी, तभी वह स्वयं रामलला के दर्शन करने जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आम संतों को गर्भगृह में प्रवेश नहीं मिलता, जबकि कुछ विशिष्ट लोगों को विशेष अनुमति दी जाती है। प्रेसवार्ता में शंकराचार्य ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देवगिरि पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्हें शंकराचार्य का अपमान करने का अधिकार नहीं है और इस संबंध में नोटिस भेजा जाएगा। उन्होंने अयोध्या समेत पूरे उत्तर प्रदेश की गौशालाओं की स्थिति को भी चिंताजनक बताया। उनका आरोप था कि कई गौशालाओं में पत्रकारों के प्रवेश पर रोक है और पारदर्शिता का अभाव है। उन्होंने कहा कि गो-रक्षा और गौशालाओं की वास्तविक स्थिति को लेकर ही उनकी गविष्ठि यात्रा निकाली जा रही है।

सोनम वांगचुंग की गिरफ्तारी और छात्रों पर लाठी चार्ज की निंदा

अयोध्या। किसान मसीहा चैधरी महेंद्र सिंह टिकैत के अनुयायियों भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं व पदाधिकारियों द्वारा दिल्ली सरकार द्वारा आमरण अनशनकारी सोनम वांगचुंग के साथ अभद्रता बदसलूकी करते हुए गिरफ्तार कर अस्पताल पहुंचाने तथा छात्रों के साथ धक्कामुक्की,लाठी चार्ज की घटना की निंदा करते हुए शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा और प्रधानमंत्री को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन जिला अधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा। धरनाकारियो को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव,किसान नेता घनश्याम वर्मा ने कहा कि जंतर मंतर दिल्ली में आमरण अनशन कर रहे प्रसिद्ध वैज्ञानिक, पर्यावरण विद् सोमन वांगचुंग के साथ अभद्रता करते हुए जबरदस्ती गिरफ्तार करके अस्पताल पहुंचाकर अनशन तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है और छात्रों के साथ धक्का-मुक्की,लाठी चार्ज करके भगाकर आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है जो किसी भी दशा में उचित नहीं है भारत देश में जब-जब तानाशाही करते हुए आंदोलन कुचला जाता है तो दूनी ऊर्जा के साथ उभरता है। भारत लोकतांत्रिक देश है जहां प्रत्येक नागरिक को अपनी बात कहने का अधिकार है देश की सरकार को चाहिए की सोमन वांगचुक व छात्रों की समस्याओं को सुनकर समाधान कराये यदि शिक्षा मंत्री अपने कर्तव्यों का पालन करने में असफल रहे हैं तो तत्काल इस्तीफा लेना चाहिए। युवा किसान नेता विकास वर्मा ने कहा कि 20 जुलाई को जनपद अयोध्या के आसपास के कई जिलों से छात्र-छात्राएं भारी संख्या में दिल्ली पहुंचेगी। धरनाकारियो में सूर्यनाथ वर्मा, राम गणेश मौर्य, भागीरथी वर्मा, विकास वर्मा, जितेंद्र कुमार ,संतोष वर्मा एडवोकेट, रविंद्र मौर्य, मुन्ना कनौजिया, विवेक पटेल,विजय कुमार,अश्वनी शर्मा, सुनील पाल, अशोक कुमार, मस्तराम वर्मा, उर्मिला निषाद आदि कई दर्जन किसान उपस्थित रहे।

राम का व्यापार कर सत्ता में बने रहना चाहती है भाजपा

अयोध्या। कांग्रेस पार्टी भगवान राम को दिल से मानती है वहीं दूसरी तरफ बीजेपी भगवान राम को दिमाग से मानती है, कांग्रेस भगवान राम में आस्था रखती है और भारतीय जनता पार्टी राम का व्यापार कर सत्ता में बनी रहना चाहती है परंतु देश की जनता अब बीजेपी के चाल और चरित्र को समझ चुकी है और भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बेदखल कर कांग्रेस का राज्य लाना चाहती है। उक्त बातें कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्वांचल जोन प्रभारी सत्यनारायण पटेल ने कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन में कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कही। श्री पटेल ने कांग्रेस कहा कि बूथ स्तर पर कांग्रेस संगठन को मजबूत करके वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में विजय प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए सभी जिम्मेदार पदाधिकारी पूरी ईमानदारी और मेहनत

से संगठन सृजन अभियान को फल बनाने में जुट जाएं। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने की तथा संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा ने किया। राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल ने कहा कि आम आदमी भाजपा की धार्मिक राजनीति से अब ऊब चुका है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, महिलाओं पर अत्याचार, भ्रष्टाचार तथा लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने से जनता का विश्वास भाजपा सरकार से उठता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। प्रधानमंत्री आम जनता को त्याग का संदेश देते हैं, जबकि स्वयं हजारों करोड़ रुपये के वायुयान से विदेश यात्राएं करते हैं। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व संगठन सृजन अभियान को लेकर बेहद गंभीर है अगली बार की बैठक जनपद के किसी ब्लॉक में आयोजित होगी , श्री पटेल ने कहा होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ेगी अगर किसी कारण समझौता करना पड़ा तो आधे से कम पर कांग्रेस पार्टी समझौता नहीं करेगी। जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकताओं से गांव-गांव और बूथ स्तर तक पहुंचकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा संगठन सृजन अभियान के तहत बनाए गए ब्लॉक और मंडल की बैठकें नियमित रूप से हो जिससे संगठन में जुड़ने वाले लोगों से संवाद बना रहे। जिला कांग्रेस प्रवक्ता शीतला पाठक ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से कांग्रेस को नई ऊर्जा मिल रही है। कार्यकताओं के उत्साह से यह स्पष्ट है कि आने वाले समय में कांग्रेस प्रदेश में मजबूत विकल्प बनकर उभरेगी।

संशिक्षा अकादमी की छात्रा ने किया जिला टॉप

रायबरेली। संशिक्षा अकादमी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम दर्ज किए हैं। संस्थान की छात्रा तैय्यबा कय्यूम ने 612 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 6666 हासिल की, जबकि आयुषी सिंह ने 591 अंक प्राप्त कर लगभग ऑल इंडिया रैंक 13000 अर्जित की।माही गुप्ताने 576 अंकप्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 19915 हासिल की। इसके अलावा विष्णुने 537 अंक, आयुषी पटेल एवं धर्मेन्द्र ने 520-520 अंक, पारुल ने 505 अंक, कृष्णा एवं वंशिका ने 502-502 अंक, तथा अथर्व ने500 अंक प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। उल्लेखनीय है कि कृष्णा एवं अथव ने कक्षा 12 की पढ़ाई के साथ ही यह सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर संशिक्षा अकादमी के निदेशक एवं सह-संस्थापक नीरज कुमार सोनी ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठोर मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के निरंतर भावनात्मक सहयोग का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संशिक्षा अकादमी भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, श्रेष्ठ मार्गदर्शन एवं उत्कृष्ट परिणामों की अपनी परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाती रहेगी।

बार एसोसिएशन चुनावः विभिन्न पदों के लिए 37 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। बार एसोसिएशन कादीपुर की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। शनिवार को विभिन्न पदों के लिए कुल- 37 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, जिससे अधिवक्ताओं में चुनाव को लेकर उत्साह देखा गया। अध्यक्ष पद के लिए अशोक कुमार पांडेय, अजय प्रकाश वर्मा और जमुना प्रसाद मिश्र ने नामांकन किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर श्री प्रकाश श्रीवास्तव, गिरधारी लाल और मनोज कुमार, जबकि मध्य उपाध्यक्ष पद के लिए संजय कुमार सिंह एवं रामाशंकर यादव मैदान में हैं। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए कैलाश शंकर दुबे और श्रवण कुमार उपाध्याय ने पर्चा दाखिल किया। सचिव पद के लिए अजय कुमार मिश्र, शैलेश कुमार मिश्र, विकास सिंह और रविंद्र प्रजापति ने दावेदारी पेश की। सहसचिव कल्याण निधि के लिए विकास कुमार सिंह एवं राकेश कुमार यादव, सहसचिव प्रशासन पद पर करुणेश पाठक तथा सहसचिव पुस्तकालय पद के लिए राजेश कुमार तिवारी और हीरेंद्र कुमार वर्मा ने नामांकन किया। कोषाध्यक्ष पद पर संजय कुमार ने पर्चा भरा। वहीं वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी के विभिन्न पदों के लिए भी कई अधिवक्ताओं ने नामांकन दाखिल किया।

मोबाइल हैक कर क्रेडिट कार्ड से उड़ाये 91 हजार कार्रवाई न होने पर कोर्ट पहुंचा युवक, केस दर्ज

सुलतानपुर (वीओएल)। साइबर ठगी के एक मामले में कार्रवाई न होने से परेशान युवक ने अदालत का दरवाजा खटखटाया, जिसके बाद मुकदमा दर्ज किया गया।लंभुआ थाना क्षेत्र के करनपुर निवासी प्रदीप कुमार यादव ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। प्रदीप कुमार के अनुसार 23 मार्च 2026 की शाम करीब सात बजे उसके मोबाइल पर संदेश आया कि उनके एसबीआई क्रेडिट कार्ड से चार अलग-अलग ट्रांजेक्शन में कुल 91,119 रुपये निकाल लिए गए हैं। आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति ने उनका मोबाइल हैक कर क्रेडिट कार्ड का दुरुपयोग किया। इसमें 2,025 रुपये के दो ट्रांजेक्शन, 64,956 रुपये और 22,193 रुपये की निकासी की गई। युवक का कहना है कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने साइबर हेल्पलाइन और साइबर थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 25 मार्च को पुलिस अधीक्षक को भी लिखित शिकायत भेजी गई, फिर भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।कार्रवाई न होने पर प्रदीप कुमार यादव ने अदालत की शरण लेते हुए साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष विवेचना कराने का अनुरोध किया। मामले में अब न्यायालय के आदेश पर साइबर थाने पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

हल्की बारिश ने नगर पंचायत के विकास के दावों की खोली पोल

परशदेपुर, रायबरेली। परशदेपुर क्षेत्र में शनिवार को दोपहर में हुई बारिश ने नगर पंचायत के विकास के दावों की पोल खोल कर रख दी। जल भराव की समस्या से निपटने के लिए लाखों रुपए नाला निर्माण के नाम पर पानी की तरह बहा दिए गए इसके बावजूद जल भराव की समस्या से लोगों को निजात नही मिली। कस्बे के साकेत नगर चैराहे पर नाली चोक होने से बारिश का पानी लोगों के दुकानों तक पहुंच गया वहीं हाजीपुर मार्ग पर लगभग दो फीट पानी भर गया जिससे स्थानीय व्यापारियों सहित आने जाने वाले राहगीरों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। साकेत नगर चैराहे पर जल भराव की यह समस्या पहली बार नही बल्कि प्रत्येक वर्ष का है। पिछले वर्ष भी बारिश में लोगों को जल भराव की समस्या से जूझना पड़ा था,इसके बावजूद नगर पंचायत द्वारा जल भराव की समस्या से निपटने के लिए किसी प्रकार का कोई ठोस कदम नही उठाया गया। आपको बता दें कि कस्बे में नाला निर्माण के नाम पर इस वर्ष भी लाखों रुपए खर्च किये गए,इसके बावजूद नगर में जल भराव की समस्या से लोगों को निजात नही मिल सकी। कस्बे के अभय मौर्या,राम प्रकाश, राहगीर अमन कुमार,मनीष कुमार ,दिलीप सहित अन्य राहगीर व व्यापारियों ने बताया कि साकेत नगर चैराहे पर यह पहली बार नही है कि जल भराव हुआ है, हर बारिश में यहां जलभराव की समस्या रहती है और बारिश में गांठ गांठ भर सड़क पर पानी भर जाता है।

अपेक्षा व अनिमेष ने बढ़ाया नगर का मान

गोसाईगंज-अयोध्या। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) का परिणाम घोषित होते ही शुक्रवार देर रात नगर एवं क्षेत्र के परीक्षार्थी अपने-अपने परिणाम देखने के लिए साइबर कैफे, लैपटॉप और कंप्यूटर केंद्रों पर जुट गए। परिणाम घोषित होने के साथ ही सफल अभ्यर्थियों और उनके परिवारों में खुशी की लहर दौड़ गई।कस्बे के पश्चिमी छोर निवासी संजय प्रताप सिंह की पुत्री अपेक्षा सिंह ने अपने पहले ही प्रयास में 584 अंक प्राप्त कर नीट परीक्षा उत्तीर्ण की। अपेक्षा ने ग्लोबल विजडम स्कूल, अंबेडकर नगर से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद घर पर ही ऑनलाइन परीक्षा तैयारी करके प्रथम प्रयास में ही नीट में सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि पर पिता संजय प्रताप सिंह जिला पंचायत सुल्तानपुर में राजस्व निरीक्षक, माता आकांक्षा सिंह ग्रहणी है उनकी चाची शैल सिंह, जो गोसाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम के पद पर कार्यरत हैं, ने भी अपेक्षा को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

संक्षेप

बकरी के विवाद में बाजार में मारा मारी

जौराबाजार, कुशीनगर। खेत में बकरी के चरने को लेकर रहसू बाजार में दो पक्षों के बीच मारा मारी हो गई। पीड़ित ने 112 नम्बर पर फोन कर मामले की शिकायत दर्ज कराई।

रहसूबाजार में ग्राम रहसू जनोबीपट्टी टोला पुरैना पूरब टोला के रहने वाला राजू कुशवाहा उम्र 30 वर्ष रहसू बाजार में सब्जी बेचने का काम करता है। शनिवार के दिन भी लगभग तीन बजे रोज की भाति दूकान लगा रहा था।उसी समय उसके गांव के रहने वाले परमात्मा कुशवाहा 25 वर्ष, सूरज कुशवाहा 22 वर्ष तथा विजय कुशवाहा बाजार आकर उसको मारने पिटने लगे।किसी तरह बाजार के लोगों ने उन सबको अलग कराया। बाद में पता चला कि परमात्मा कुशवाहा की बकरी राजू कुशवाहा के खेत में नुकसान कर दी थी, जिस पर राजू कुशवाहा ने बकरी को मारा और गाली भी दिया।इसी बात को लेकर वो लोग घर से लगभग एक किलोमीटर दूर आकर बाजार में मारा मारी कर करने लगे। राजू कुशवाहा के शिकायत पर पुलिस ने बयान दर्ज किया। राजू कुशवाहा ने बताया कि मारा मारी मे हमारा पांच हजार रुपए भी उन लोगों ने लेकर भाग गए।

जानलेवा हमले व मारपीट में गिरफ्तार

अयोध्या। जनपद की कैंट थाना पुलिस में मारपीट और जानलेवा हमले के एक मामले में दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों का शनिवार को जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण करवा चालान किया है।

जनशिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिले के तहसील पडरौना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने की। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता जनता

● सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं समस्याए

की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान है, इसलिए शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 31 शिकायतें/प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष 26 शिकायतों को आवश्यक जांच एवं कार्रवाई हेतु संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 16, पुलिस विभाग की 09, विकास विभाग की 04 तथा अन्य विभागों की 02 शिकायतें शामिल रहीं। डीएम ने विशेष रूप से राजस्व एवं भूमि विवाद से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतकताओं से संवाद बनाए रखते हुए तथ्यों की निष्पक्ष जांच करें तथा ऐसा निस्तारण सुनिश्चित करें जिससे शिकायतकर्ता को संतोषजनक समाधान प्राप्त हो।पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण में निष्पक्ष, संवेदनशील एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने भूमि विवाद एवं अन्य संवेदनशील मामलों में राजस्व विभाग के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्रवाई करने पर बल दिया। इस दौरान उप जिलाधिकारी पडरौना, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, शिक्षा अधिकारी, उप कृषि निदेशक सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों के साथ खण्ड विकास अधिकारी एवं सम्बन्धित थानाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

समाधान दिवस में 239 शिकायतें मिलीं, 25 का निस्तारण

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील सभागार, सलेमपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।समाधान दिवस के दौरान धारा-24 एवं धारा-116 से संबंधित कई प्रकरण भी प्रस्तुत हुए, जिन्हें आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित किया गया। फरियादी रामेश्वर यादव, मीरा देवी एवं रामाश्रय यादव के प्रकरण में कानूनगो एवं लेखपाल द्वारा पैमाइश के उपरांत भी विपक्षियों द्वारा सीमा-चिह्न (पत्थर) उखाड़े जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने संबंधित विपक्षी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए।

सुभावती देवी, कमलावती देवी, अनीता गुप्ता, नीतू देवी, तेतरी देवी सहित अन्य आवेदकों ने जिलाधिकारी के समक्ष अंत्योदय राशन कार्ड बनाए जाने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी के निर्देश पर तेतरी देवी का अंत्योदय राशन कार्ड मौके पर ही उपलब्ध करा दिया गया। वहीं अन्य आवेदकों के संबंध में पात्रता का परीक्षण कर नियमानुसार अंत्योदय कार्ड जारी करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस के सभी प्रकरणों की कानूनगो एवं लेखपाल नियमित समीक्षा करें तथा धारा-24 से संबंधित कोई भी पत्रावली लंबित न रहे। उन्होंने पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम को आपसी समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 239 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 25 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 214 प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 109, पुलिस विभाग की 40, विकास विभाग की 25, शिक्षा विभाग की 4, स्वास्थ्य विभाग की 7, समाज कल्याण विभाग की 11 तथा अन्य विभागों की 43 शिकायतें शामिल रहीं। आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्साधिकारी ए0 के0 गुप्ता, एसडीएम सलेमपुर क्षितिज द्विवेदी, तहसीलदार अलका, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी गण, थानाध्यक्ष गण आदि मौजूद रहे।

लंबित वादों के समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज सलेमपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर सबसे पहले तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुराने लंबित वादों की पत्रावलियों का अवलोकन किया तथा तहसीलदार को निर्देश दिया कि पुराने लंबित वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।

इसके साथ ही उन्होंने पत्रावलियों का रखरखाव सुव्यवस्थित ढंग से किए जाने तथा न्यायालय की कार्यवाही का अद्यतन अंकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय एवं तहसील परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने पर भी जोर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों को समयबद्ध एवं निष्पक्ष न्याय दिलाना सभी पीठासीन अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि न्यायालय में प्रस्तुत होने वाले प्रत्येक प्रकरण का पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो। शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति को त्वरित न्याय मिले, सभी अधिकारी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें।

स्वावलम्बन को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे

कुशीनगर। जन सामान्य को आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी बनाने के उद्देश्य से विपणन विकास सहायता (एससीएसपी) योजना के अंतर्गत जनपद कुशीनगर की प्रत्येक तहसील में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामों के इच्छुक प्रतिभागी ऑनलाइन आवेदन कर सहभागिता कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण एवं शहरी बेरोजगार नवयुवकों और नवयुवतियों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, जैसे बैंक वित्त योजनाएँ, व्यवहारिक प्रशिक्षण, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना, विभिन्न प्रकार की टूल किट योजनाएँ तथा उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला उद्योग से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों को बैंकों के माध्यम से ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया, ऑनलाइन आवेदन करने की विधि तथा आवश्यक अभिलेखों एवं प्रपत्रों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे अधिक से अधिक पात्र अभ्यर्थी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें।

साइबर ठगो ने धोखाधड़ी कर खाते से उड़ाये 80 हजार

कसया, कुशीनगर। नगर पालिका कुशीनगर, थाना कसया निवासी एक पीड़ित ने प्रभारी साइबर सेल, कुशीनगर को प्रार्थनापत्र देकर जांच व अपराधियों पर कारवाई करते हुए धनराशि वापस दिलाने की मांग की है।वार्ड के बुद्धनगरी (सुखारीछपरा) निवासी राजेंद्र शर्मा पुत्र महातम शर्मा ने प्रभारी साइबर सेल, कुशीनगर को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि प्रार्थी का एक बचत खाता सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखा- कुशीनगर में है, जिसकी खाता संख्या 2367180242 है। 17 जुलाई 2026 को अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा प्रार्थी के उक्त खाते से यूपीआई के माध्यम से तीन बार में कुल 79,919.45 (उनासी हजार नौ सौ उन्नीस रुपये और पैंतालीस पैसे) की राशि धोखाधड़ी से निकाल ली गई है।इस घटना की तत्काल सूचना प्रार्थी द्वारा साइबर अपराध के राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज करा दी गई है।प्रार्थी एक साधारण नागरिक है और इस बड़ी रकम के कट जाने से अत्यंत मानसिक व आर्थिक संकट में है। पीड़ित ने मामले की जांच करते हुए अपराधियों के खिलाफ उचित विधिक कार्यवाही कर प्रार्थी की धन राशि वापस कराने की मांग की है।

तीन दिन बाद मिला नदी में डूबे युवक का शव

जौराबाजार, कुशीनगर। चौरा खास थाना क्षेत्र के धुनवलिया गांव का रहने वाला युवक विवेक कुमार गौड़ तीन दिन पूर्व बहती नदी में डूबने से लापता हो गया था।शनिवार को सुबह उसका शव घाघी नदी में तैरते हुए बरामद कर लिया गया।

तीन दिनों से लापता युवक की तलाश में स्थानीय लोग व पुलिस प्रशासन काफी मशक्कत कर रहा था।

शनिवार को घाघी नदी में युवक का शव बरामद कर लिया गया।स्थानीय लोगों ने बताया कि घाघी नदी में सुबह एक तैरती हुई लाश को देखा तो चौरा खास पुलिस को फोन किया।लोग कयास लगा रहे थे कि नदी में कैसे डूब गया।थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि गांव की मदद से शव को बरामद किया गया है। पोस्टमार्टम के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ओ-लेवल व सीसीसी प्रशिक्षण के लिए 20 जुलाई तक करें आवेदन

देवरिया। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अविनाश मणि त्रिपाठी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में पिछड़ा वर्ग के शिक्षित एवं बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए ओ-लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।इच्छुक अभ्यर्थी, जिनकी अभिभावक की वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक न हो, जो किसी शैक्षणिक संस्थान में अध्ययनरत न हों तथा छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना का लाभ न ले रहे हों, वे विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के बाद आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी एवं आवश्यक शैक्षिक अभिलेखों की दो प्रतियां 20 जुलाई 2026 को सायं 5 बजे तक विकास भवन स्थित कक्ष संख्या-134, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। आवेदन केवल अभ्यर्थी द्वारा ही स्वीकार किए जाएंगे, प्रशिक्षण संस्थाओं के माध्यम से भेजे गए आवेदन मान्य नहीं होंगे।

यात्रियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा : जीआरपी महानिदेशक

देवरिया। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के महानिदेशक प्रकाश डी ने शनिवार को देवरिया सदर रेलवे स्टेशन और जीआरपी थाने का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान महानिदेशक ने जीआरपी थाने में सुरक्षा व्यवस्था, उपलब्ध संसाधनों और पुलिस बल की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लगातार बढ़ रहे रेल यातायात को देखते हुए सुरक्षा प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए तथा अपराध नियंत्रण के लिए सतर्कता बढ़ाई जाए।

सीडीओ ने पेयजल परियोजना, राजकीय नलकूप व विद्यालय का किया निरीक्षण

देवरिया। मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने विकासखंड रुद्रपुर अंतर्गत विभिन्न विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने ग्राम सभा गोनहा सुरतपुरा में हर घर जल योजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि योजना के अंतर्गत एक नलकूप तथा 125 किलोलीटर क्षमता की पानी की टंकी का निर्माण कराया गया है। यह परियोजना पूर्णतः सौर ऊर्जा आधारित है। इसके तहत ग्राम सभा में 4.3 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई गई है तथा 280 घरों को पेयजल योजना से लाभान्वित किया गया है।

इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने 2100 नवीन राजकीय नलकूप योजना के अंतर्गत ग्राम सभा पिंडरा में राजकीय नलकूप संख्या-38 आईजी का स्थलीय निरीक्षण किया। इस योजना के तहत 1.2 किलोमीटर भूमिगत पीवीसी पाइपलाइन बिछाई गई है तथा 10 कुलाबा (आउटलेट) बनाए गए हैं, जिससे लगभग 35 किसान लाभान्वित हो रहे हैं।

मुख्य विकास अधिकारी ने इसके बाद राजकीय हाई स्कूल, गोनहा सुरतपुरा का भी औचक निरीक्षण किया तथा विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता संजय कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मतदेय स्थलों के संभाजन प्रस्ताव पर दावे-आपत्तियों के निस्तारण संबंधी बैठक

कुशीनगर। भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के क्रम में मतदेय स्थलों के संभाजन प्रस्ताव के आलेख प्रकाशन के उपरांत प्राप्त दावे एवं आपत्तियों के संबंध में शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में राम अवध, जिलाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी, केशव उपाध्याय, चुनाव प्रबंधन, भारतीय जनता पार्टी, सुभाष भास्कर, कार्यालय प्रभारी, बहुजन समाज पार्टी; धनंजय सिंह, कांग्रेस, अधिवक्ता प्रकोष्ठ; सत्येंद्र कुमार यादव, विधानसभा अध्यक्ष, आम आदमी पार्टी; राकेश कुमार पटेल, जिलाध्यक्ष, अपना दल; सैयद कमाल असगर रिजवी, प्रधान सहायक, जिला निर्वाचन कार्यालय, कुशीनगर; ब्रजभूषण प्रजापति, वरिष्ठ सहायक, जिला निर्वाचन कार्यालय, कौशलेश कुमार, वरिष्ठ सहायक, जिला निर्वाचन कार्यालय, तथा शशि कुमार मद्धेशिया, कम्प्यूटर सहायक, जिला निर्वाचन कार्यालय, कुशीनगर उपस्थित रहे। बैठक में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जनपद के मतदेय स्थलों के संबंध में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी/उप जिलाधिकारी, खड्डा सर्वेश कुमार सिंह गौड़ द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि मतदेय स्थलों के संबंध में कुल 15 दावे/आपत्तियां प्राप्त हुई थीं। जांचोपरांत इनमें से 02 दावे स्वीकृत किए गए तथा शेष 13 दावे अस्वीकृत किए गए। अस्वीकृति का प्रमुख कारण संबंधित मतदेय स्थलों का मिश्रित आबादी वाला क्षेत्र होना था। स्वीकृत किए गए दोनों मतदेय स्थल 333-कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र से संबंधित हैं।जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में पूर्व में कुल 3013 मतदेय स्थल एवं 1484 मतदान केन्द्र थे। नवीन प्रस्ताव के अनुसार जनपद में 79 मतदेय स्थल कम हुए तथा 02 मतदान केन्द्र बढ़े हैं। इसके उपरांत जनपद में कुल 2934 मतदेय स्थल एवं 1486 मतदान केन्द्र हो गए हैं। बैठक में तहसीलों से मतदेय स्थल प्रस्ताव के साथ वी.आर.सी. ऑपरेटर सलाउद्दीन अंसारी, मनोज सिंह, अमित मौर्य, बबलू चौधरी, अरविन्द कुमार तथा भरत प्रसाद भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान दावे-आपत्तियों के संबंध में उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से उनकी आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किए गए। इस पर किसी भी राजनीतिक दल के प्रतिनिधि द्वारा कोई आपत्ति व्यक्त नहीं की गई तथा सभी ने प्रस्ताव पर अपनी सहमति व्यक्त की।

इस सत्र से कृषि और गन्ना तकनीकी की दो पाली में चलेंगी कक्षाएं

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार) के महानिदेशक संजय सिंह ने महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रद्यौगिकी विश्वविद्यालय, कुशीनगर का निरीक्षण किया और सितंबर से कृषि और गन्ना टेक्नोलॉजी की चलने वाली कक्षाओं को लेकर अपनी रिपोर्ट तैयार की।शनिवार को अपराह्न एक बजे करीब उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार) के महानिदेशक डॉ संजय सिंह, उप महानिदेशक डॉ सुशील कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी कसया डॉ संतराज सिंह बघेल, बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विनोद मोहन मिश्रा, पीडब्ल्यूडी के अभियंता, वैज्ञानिक डॉ हिमांशु तिवारी के साथ कृषि विश्वविद्यालय परिसर पहुंचे और हो रहे निर्माण का कार्य को देखा तथा कृषि विश्वविद्यालय के नक्शे का अवलोकन किया। महानिदेशक श्री सिंह ने कार्यदाई संस्था वेंसा के इंजीनियर एवं अधिकारियों से निर्माण के बाबत जानकारी ली और समय से गुणवत्ता पूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में श्री सिंह हॉस्टल पहुंचे और विद्यार्थियों के लिए बन रहे कक्षों को देखा। यहां बिजली, पानी, सफाई और बुनियादी सुविधाओं को लेकर उठाए जा रहे स्टेप को देखा। इसके साथ ही बुद्ध पीजी में पाली भवन में चलने वाले क्लास रुम के बाबत जानकारी ली। महानिदेशक श्री सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों का प्रवेश यूपी कैटेट के माध्यम से किया जाएगा। आगामी सत्र में बीएससी कृषि, बीटेक (शुगर केन टेक्नोलॉजी) पाठ्यक्रम प्रारंभ होगा। दोनों पाठ्यक्रम में प्रारंभिक चरण में 40-40 विद्यार्थी को प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में रोजगार के व्यापक अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही वे नवाचार एवं स्टार्टअप के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे। उन्होंने कहा कि कुशीनगर कृषि विश्वविद्यालय पूर्वांचल के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगा। यह विश्वविद्यालय आधुनिक कृषि तकनीकों, अनुसंधान एवं नवाचार को किसानों तक पहुंचाकर कृषि उत्पादन, उत्पादकता तथा किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने इसे किसानों, कृषि और कृषि-आधारित नवाचारों के लिए ₹कृषि क्रांति विश्वविद्यालय₹ की संज्ञा देते हुए कहा कि यह संस्थान क्षेत्र के कृषि विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने यह विश्वविद्यालय पूर्वांचल के विद्यार्थियों और किसानों के लिए शिक्षा, अनुसंधान एवं कृषि प्रौद्योगिकी का प्रमुख केंद्र बनेगा। कहा कि कृषि विश्वविद्यालय कुशीनगर और पूर्वांचल के लिए वरदान है। लोगों के लिए खासकर उनलोगों के लिए जो खेती करते हैं। नई नई पद्धतियां आएंगी। ज्ञान दिया जाएगा। वैज्ञानिक खेती शुरू होने से आय बढ़ेगी और खुशहाली आएगी। मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री ने इसी सत्र से कक्षाएं शुरू करने का निर्देश दिया है। बताया कि कार्य तेजी से चल रहा है। मजबूत पीलर और दिवालें खड़ी हो रही हैं। आने वाले समय में कृषि विश्वविद्यालय कुशीनगर के विकास में हरित क्रांति और खुशहाली लाएगी किसानों के लिए। इस दौरान पीडब्ल्यू डी के अधिकारी राजेश सिंह, कार्यदाई संस्था के अधिकारी, राजस्व निरीक्षक ब्रजेश मणि त्रिपाठी, लेखपाल शैलेन्द्र कुमार दूबे आदि मौजूद रहे।

मतदेय स्थलों के युक्तिकरण को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

अयोध्या । भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा सांसद विधायकगण एवं मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद के विभिन्न विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में ऐसे मतदेय स्थलों का परीक्षण किया गया है, जहाँ मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक अथवा 300 से कम है।

साथ ही भवनों की उपलब्धता एवं भौतिक सत्यापन के आधार पर आवश्यकतानुसार मतदेय स्थलों के युक्तिकरण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। राजनीतिक दलों से प्राप्त सुझावों एवं आपत्तियों पर विचारोपरांत आवश्यक निर्णय लिए गए।बैठक में अवगत कराया गया कि विधानसभा क्षेत्र 271-रुदौली में मतदेय स्थल संख्या-93 पर मतदाताओं की संख्या 1156 होने के कारण एक अतिरिक्त मतदेय स्थल स्थापित किया गया है। वहीं 273-मिल्कीपुर (अजा.) विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मतदेय स्थलों के पुनर्समायोजन का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार 275-अयोध्या विधानसभा क्षेत्र में मतदेय स्थल संख्या-377 को भवन जीर्ण-शीर्ण होने के कारण अन्य उपयुक्त विद्यालय में स्थानांतरित किया गया। 274-बीकापुर एवं 276-गोसाईंगंज विधानसभा क्षेत्रों के संबंध में प्राप्त सुझावों एवं शिकायतों पर भी विचार किया गया। निर्णयों के अनुसार जनपद में कुल 2193 मतदेय स्थलों में से एक नया मतदेय स्थल प्रस्तावित किया गया, जबकि मतदाताओं की संख्या एवं अन्य कारणों से 46 मतदेय स्थलों का पुनर्समायोजन किया गया। इसके उपरांत जनपद में प्रस्तावित मतदेय स्थलों की कुल संख्या 2148 निर्धारित की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी, संबंधित निर्वाचन अधिकारी तथा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कला-संस्कृति के संरक्षण और सामाजिक सरोकारों पर हुआ गंभीर मंथन

देवरिया। संस्कार भारती इकाई देवरिया की मासिक बैठक रविवार सायंकाल श्री रामलीला मैदान में साहित्य, संस्कृति और संगठनात्मक ऊर्जा के वातावरण में संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि संस्कार भारती के प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. एस.सी. वैश्य रहे, जबकि प्रांत महामंत्री अनिल कुमार सिन्हा एवं प्रांत मंत्री हरिओम सहाय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने भारतीय कला, संस्कृति और संस्कारों के संरक्षण एवं संवर्धन में संस्कार भारती की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया।

बैठक में संगठन की वार्षिक कार्ययोजना एवं अब तक की गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करते हुए संगठन को और अधिक सक्रिय, प्रभावी एवं जनसरोकारों से जोड़ने पर चर्चा हुई। वर्तमान समय में संयुक्त परिवार व्यवस्था के विघटन से उत्पन्न सामाजिक चुनौतियों पर भी गंभीर मंथन किया गया तथा युवाओं और उभरते कलाकारों को प्रोत्साहन देकर भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने पर बल दिया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 5 अगस्त को गुरुपूर्णिमा महोत्सव पूरे उत्साह एवं भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा बैठक के उपरांत आयोजित सांस्कृतिक संध्या ने सभी का मन मोह लिया। युवा बाँसुरी वादक दुर्गेश प्रजापति ने कजरी की मधुर धुन प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। पूनम मणि त्रिपाठी एवं कृष्णा शर्मा की कजरी प्रस्तुति तथा हरिओम कुमार, स्वाति बरनवाल और विपिन चौहान के भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। नित्यानंद यादव ने अपनी स्वरचित कविता बड़ी नाजुक है डोरी... का प्रभावशाली पाठ कर खूब तालियां बटोरी। वहीं रिंकू मद्धेशिया की मूर्तिकला तथा विनीता भारती एवं संगीता कुशवाहा की आकर्षक रंगोली ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। बैठक में संरक्षक शक्ति कुमार गुप्ता, कृष्ण मोहन गुप्ता, पुष्पा बरनवाल, महेंद्र नाथ गुप्ता, डॉ. रविकांत मणि त्रिपाठी, रामपुरुष भारती, राणा प्रताप सिंह, पूनम त्रिपाठी, सत्संग मरुदिया, यशोदा जायसवाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं कला प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री राजेंद्र प्रसाद जायसवाल ने किया, जबकि अध्यक्ष अरुण कुमार बरनवाल ने सभी अतिथियों, कलाकारों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया।

संक्षेप

मेडिकल कालेज में नशे में धुत्त गार्ड का हंगामा

जौनपुर। शहीद उमानाथ सिंह स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में शराब के नशे में धुत्त गार्ड द्वारा अभद्रता व दुर्व्यवहार का मामला प्रकाश में आया। मरीजों के साथ बदत्तमीजी करने से रोकने पर, गार्ड वहां मौजूद एक पत्रकार से भिड़ गया और अनाप-शनाप बोलने लगा, पत्रकार द्वारा गार्ड की हरकतों की लिखित शिकायत मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य आर. बी कमल से की गई तो उन्होंने गार्ड को बुलवाकर शराब के नशे में होने की जांच-पड़ताल कराकर शिकायत पुष्टी की, जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई तो गार्ड के खिलाफ कार्रवाई की बात प्राचार्य द्वारा कही गई। प्राचार्य ने बताया कि, गार्ड के रुप में नौकरी कर रहा मनोज कुमार सिंह पुत्र त्रिभुवन नाथ सिंह खानापट्टी, सिकरारा जौनपुर का निवासी है। भारत रक्षा मंत्रालय से संबद्ध पूर्व सैनिक कल्याण निगम के माध्यम से मेडिकल कॉलेज में नौकरी कर रहा है। शिकायत को गम्भीरतापूर्वक लेते हुए जांच की गई जांच में गार्ड मनोज कुमार सिंह के शराब के नशे में होनी पुष्टि हुई है। गार्ड को हटाने के लिए निगम को पत्र लिख दिया गया है।

महिला पर जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़। जिले के पवई थाना क्षेत्र में एक महिला पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने घेराबंदी के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग की, जिसके जवाब में आत्मरक्षार्थ की गई कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। आरोपी ने पूछताछ में महिला पर हमले की वारदात स्वीकार कर ली है। पवई थाना क्षेत्र में एक महिला पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर फरार हुए आरोपी सुजीत मौर्य को पुलिस ने शुक्रवार देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से महिला का एकतरफा पीछा कर रहा था। 16 जुलाई की रात वह चोरी-छिपे महिला के घर में घुस गया और विरोध करने पर उसकी गर्दन व हाथ पर धारदार हथियार से कई वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना के बाद उसके विरुद्ध थाना पवई में मुकदमा दर्ज कर पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी खंडोरा अंडरपास के पास छिपा है। घेराबंदी के दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मसमर्पण की चेतावनी के बावजूद उसने दोबारा तमंचा लोड करने का प्रयास किया, जिस पर पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की। इस दौरान आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी और उसे मौके से गिरफ्तार कर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई भेजा गया।

ट्रक की चपेट में आने से मां और पांच माह की बेटी की मौत

सीतापुर। अटरिया कस्बे के नेशनल हाईवे पर शनिवार शाम हुए भीषण सड़क हादसे में मां और उसकी पांच माह की दुधमुंही बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा महिला का चचेरा भाई घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों ने तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार लखीमपुर खीरी के गोला थाना क्षेत्र के मदनपुर निवासी सुनील कुमार (28) अपनी चचेरी बहन अर्चना (22), पत्नी अरुण कुमार निवासी गिरंट, लखीमपुर और उसकी पांच माह की बच्ची के साथ बाइक से लखनऊ जा रहे थे। अटरिया कस्बे के नई बाजार के पास अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई। इससे अर्चना और उसकी बच्ची सड़क पर गिर गईं। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर थाना प्रभारी लालबहादुर मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने क्षत-विक्षत शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मृतका के परिजनों को सूचना दी। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

जल संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी: डीएम

जिला संवाददाता(vol)

- भू-जल सप्ताह के तहत संपूर्ण समाधान दिवस में जन जागरूकता का दिया संदेश
- अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन को दिलाई जल संरक्षण की शपथ
- ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक जनभागीदारी से संचालित होगा सात दिवसीय अभियान

सोनभद्र। घोरावल तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने प्रदेश सरकार द्वारा 16 से 22 जुलाई,2026 तक आयोजित भूजल सप्ताह के अंतर्गत उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम जल संरक्षण का करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्प केवल एक संदेश नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प है।

उन्होंने कहा कि भू-जल संरक्षण के लिए वर्षा जल संचयन, तालाबों एवं पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण, जल का विवेकपूर्ण उपयोग तथा भू-जल पुनर्भरण को जनआंदोलन का स्वरूप देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से जल की प्रत्येक बूंद का महत्व समझते हुए अपने घर, गांव और आसपास जल संरक्षण के उपाय अपनाने की अपील की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई तथा निर्देश दिए कि भूजल सप्ताह के दौरान जन-जागरूकता रैली, पौधरोपण, जल निकायों का संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा अन्य निर्धारित गतिविधियां पूरी सक्रियता के साथ आयोजित की जाएं। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा), जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अमृत भारत एक्सप्रेस का किया स्वागत

जौनपुर। संत रविदास अमृत भारत एक्सप्रेस का शनिवार को जौनपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया गया। इस बार स्वागत समारोह की खास बात यह रही कि किसी जनप्रतिनिधि या राजनीतिक नेता के बजाय संत रविदास पंथ के अनुयायियों ने ट्रेन की आगवानी की।

श्रद्धालुओं ने इसे एक नई और सार्थक परंपरा बताते हुए संत रविदास के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। अमृत भारत एक्सप्रेस अमृतसर स्थित संत रविदास की तपोस्थली छेराहटा और वाराणसी स्थित उनकी जन्मस्थली के बीच संचालित की जा रही है। यह रेल सेवा दोनों प्रमुख धार्मिक स्थलों को सीधे जोड़ती है, जिससे श्रद्धालुओं की यात्रा पहले की तुलना में अधिक आसान और सुविधाजनक हो जाएगी। साथ ही आम यात्रियों को भी इसका लाभ मिलेगा। इस मौके पर पलटू राम ने कहा कि यह सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक हित में शुरू की गई यह रेल सेवा समाज के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण कदम है। उनके अनुसार इस ट्रेन के संचालन से जौनपुर समेत आसपास के क्षेत्रों के लोगों को यात्रा में काफी सुविधा मिलेगी। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ समाजसेवी रमेश बौद्ध और रमेश चंद्र गौतम ने किया। उनके साथ बड़ी संख्या में रविदासिया समाज के श्रद्धालु स्टेशन पर मौजूद रहे। सभी ने ट्रेन का स्वागत कर खुशी जताई और इसे समाज के लिए गौरव का क्षण बताया। श्रद्धालुओं का कहना था कि जिस महापुरुष के नाम पर ट्रेन शुरू की गई है, उसके स्वागत का पहला अधिकार उनके अनुयायियों का ही होना चाहिए। इसी भावना के साथ समाज के लोगों ने स्वयं आगे बढ़कर ट्रेन की अगवानी की। इस पहल को सामाजिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

जरूरतमंद लोगों के बीच खिचड़ी प्रसाद वितरित

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जिला अस्पताल लोढ़ी में प्रत्येक शनिवार को संचालित होने वाली श्रीप्रसादम् प्रभु अर्पण, भक्त समर्पण सेवा के तहत इस सप्ताह भी मरीजों, उनके परिजनों एवं जरूरतमंद लोगों के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया।

सेवा कार्य में जुड़े स्वयंसेवकों ने अस्पताल परिसर में पहुंचकर श्रद्धा और समर्पण भाव के साथ लोगों को प्रसाद ग्रहण कराया। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ उनके तीमारदारों और अन्य जरूरतमंद लोगों को भी प्रसाद वितरित किया गया। सेवा से जुड़े लोगों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य केवल भोजन वितरण नहीं, बल्कि जरूरतमंदों तक सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं को पहुंचाना है।

सेवा कार्य में रोहित मिश्रा, वरुण त्रिपाठी, आशीष पाण्डेय, धीरज पाण्डेय और अर्पित त्रिपाठी ने सक्रिय भूमिका निभाई। स्वयंसेवकों ने अस्पताल परिसर में उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद वितरित कर उनके कुशलक्षेम की कामना की। इस अवसर पर श्रीप्रसादम् परिवार के सदस्यों ने कहा कि यह अभियान किसी प्रकार के प्रचार-प्रसार का माध्यम नहीं, बल्कि प्रभु भक्ति और मानव सेवा का एक विनम्र प्रयास है। संस्था का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्ग तक प्रेम, सहयोग और सेवा की भावना पहुंचाना है। उन्होंने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इस सेवा अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि सामूहिक सहभागिता से ऐसे प्रयास और अधिक प्रभावी बन सकते हैं। प्रत्येक शनिवार आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम अब जरूरतमंदों के लिए सहारा बनने के साथ-साथ समाज में सेवा और परोपकार की भावना को भी मजबूत कर रहा है।

नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में जल्द ही बजेगी मोबाइल की घंटी

सोनभद्र। प्राकृतिक संसाधनों की समृद्ध धरती सोनभद्र के वासी भौगोलिक परिस्थितियों के कारण इस आधुनिक युग में मोबाइल नेटवर्क की समस्या का सामना कर रहे हैं। लेकिन एक बड़ी आबादी के लिए अब यह समस्या बीते दिनों की बात होने वाली है। प्रदेश की योगी सरकार व जिला प्रशासन के प्रयासों से बीएसएनएल जल्द ही रॉबर्ट्सगंज, घोरावल व दुद्धी तहसील के 14 गांवों में 4-जी टावर स्थापित करेगा। इससे इन गांवों के अलावां आस-पास के क्षेत्र भी मोबाइल नेटवर्क से जुड़ जाएंगे। इंटरनेट तक आसान पहुंच यहां के वासियों के लिए एक बड़ा उपहार साबित होगी। बीएसएनएल द्वारा टॉवर स्थापित किए जाने का कार्य शीध्र ही शुरू किया जाएगा। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि भौगोलिक परिस्थितियों के चलते सोनभद्र में आज भी कुछ क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या है। जिले के कई दूरस्थ गांवों में लोगों को फोन करने के लिए ऊंचे स्थानों पर जाना पड़ता है, जबकि इंटरनेट सेवा भी अक्सर बाधित रहती है। इसका असर शिक्षा, स्वास्थ्य, आपातकालीन सेवाओं और सरकारी योजनाओं तक लोगों की पहुंच पर पड़ता है। लेकिन अब आमजन की यह समस्या जल्द दूर होने वाली है। बीएसएनएल के अधिकारियों के साथ बैठक कर नेटवर्क-विहीन क्षेत्रों की पहचान करने और वहां प्राथमिकता के आधार पर मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने बताया कि बीएसएनएल रॉबर्ट्सगंज तहसील के 4 गांवों नगवां, दरमा, मडुकु री, सांडसोत तथा घोरावल तहसील के पांच गांवों ढोलो, सपही, अमिलिपोखर, मूर्तिया व देवगढ़ में 4-जी टावर लगाए जाएंगे। इसी तरह से दुद्धी तहसील क्षेत्र के पांच गांवों डूमा, जौराही, गंगहर, शिशवा व पतखिरना में भी टावर लगने से जल्द ही मोबाइल नेटवर्क की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने बताया कि टॉवर स्थापित किए जाने का कार्य शीध्र ही शुरू हो जाएगा। प्रस्ताव तैयार, जल्द ही यह गांव भी जुड़ेंगे मोबाइल नेटवर्क से। जिलाधिकारी ने बताया कि इन 14 गांवों में मोबाइल टॉवर स्थापित किए जाने के बाद दूसरे चरण में दुद्धी तहसील के 4 व ओबरा तहसील के 6 गांवों को मोबाइल नेटवर्क से जोड़ने के लिए टॉवर स्थापित किए जाने के संबंध में प्रस्ताव तैयार किया गया है। जल्द ही बीएसएनएल द्वारा दुद्धी के सोढ़ो, बिच्छी, कोटा, जोरकहू व ओबरो के पकरी, झरिया, कंधौरा, भरमहोरी, कनेहरा व बैरपुर में भी मोबाइल टॉवर स्थापित किए जाएंगे।

राइस मिल में चोरी करने वाला श्रमिक गिरफ्तार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर की एक राइस मिल से ग्राइंडर और बिजली की केबिल चोरी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक श्रमिक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान राइस मिल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर हुई। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी का सामान बरामद करने के साथ उसकी निशानदेही पर पंजाबी कॉलोनी से चोरी हुई टिल्लू मोटर भी बरामद कर उसके स्वामी को सौंप दी।

पुलिस के अनुसार मोहम्मदी रोड स्थित एक राइस मिल से कुछ दिन पहले ग्राइंडर और बिजली की केबिल चोरी हो गई थी। मिल संचालक सत्य प्रकाश अग्रवाल ने सामान गायब होने पर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी, जिसमें मिल में कार्यरत एक श्रमिक संदिग्ध गतिविधियों में शामिल दिखाई दिया। इसके बाद मामले की सूचना नानक चौकी पुलिस को दी गई। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान उसने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली, जिसके बाद उसके कब्जे से राइस मिल से चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया गया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने पंजाबी कॉलोनी निवासी संजय साहनी की चोरी हुई टिल्लू मोटर भी बरामद कर ली, जिसे आवश्यक कार्रवाई के बाद उसके मालिक को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस अब आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि यह पता लगाया जा रहा है कि उसने नानक पुलिस चौकी क्षेत्र या आसपास की अन्य चोरी की घटनाओं में भी भूमिका निभाई है या नहीं। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

बरैले मंदिर प्रांगण में लगाया पौधा पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

सोनभद्र। इनर व्हील क्लब ऑफ रॉबर्ट्सगंज आर्या की महिलाओं ने बरैले मंदिर परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रीतु अग्रवाल ने कहा कि सभी महिलाओं को आगे आकर अपने घर, घर के आसपास या जहां भी खाली जमीन हो वहां एक-दो पेड़ लगाना चाहिए। इसे इस संकल्प के साथ लगाएं कि वह मेरे घर का एक सदस्य है और उसकी देखभाल भी करें। तभी पर्यावरण के साथ-साथ समाज में भी सच्चा परिवर्तन हो सकता है। प्रकृति को साफ और सुंदर बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है, इसलिए घर से बाहर निकलकर एक-दो पेड़ अवश्य लगाएं। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने पर चर्चा की गई। क्लब की पदाधिकारियों ने भी उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित रहीं उपाध्यक्ष पूजा गहरी, पूर्व अध्यक्ष वन्दना वर्मा, सचिव नीलू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष परनीता सिंह, आईएसओ कीर्ति त्रिवेदी, संपादक दीपा मेहता, डॉ. नेहा राणा सहित क्लब की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।

चोरों ने लाखों के आभूषण व नगदी पर किया हाथ साफ

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के रतेह चौराहा के पास सेमरा कलां गांव में शुक्रवार की देर रात मकान के पीछे से घुसे हौसला बुलंद चोरों ने लाखों रुपए के सोने चांदी के आभूषण व पचास हजार रूपए नगद उठा ले गए। घटना की जानकारी होने पर गृहस्वामी सीताराम केसरवानी व स्वजनों के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। सेमरा कलां गांव निवासी सीताराम केसरवानी ने अपने रिहायशी मकान के आगे के हिस्से में किराने की दुकान खोल रखी है। शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद परिवार के अन्य सदस्य मकान के ऊपरी हिस्से में सोने चले गए। वहीं गृहस्वामी मकान के सामने वाले हिस्से में सो रहे थे। रात दो बजे के करीब घर के पीछे लगे लकड़ी के दरवाजे की कुंडी तोड़कर चोर मकान के भीतर घुस गए। चोरों ने घर में घुसने से पहले सीसीटीवी कैमरे का तार तोड़कर अलग कर दिया। लेकिन सीसीटीवी कैमरे में घर में घुस रहे दोनों चोर कैद हो गए। चोर घर के पिछले हिस्से के कमरे में घुसकर आलमारी का लाक तोड़कर उसमें रखे लाखों रुपए के सोने चांदी के आभूषण उठा ले गए। चोर किराने की दुकान में दराज में रखे पचास हजार नकद भी उठा ले गए। गृहस्वामी सीताराम केसरवानी के अनुसार चोर आलमारी में रखे पत्नी स्वगीर्या सीता केसरवानी मां गुलाब कली और बेटे अनुज की पत्नी रूबी के करीब 52 लाख रुपए की कीमत के सोने चांदी के आभूषण उठा ले गए। चोर दुकान में रखा पचास हजार रूपए नगद भी ले गए। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज राजेश कुमार, एसआई रमेश यादव, पुनीत गुप्ता व रघुवर शरण राय ने घटना की जांच की। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे को खंगाला और दोनों चोरों की पहचान कराने में जुट गई है। प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज राजेश कुमार ने बताया कि घटना की हर पहलुओं से जांच की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे में कैद गमछे से मुंह ढके दोनों चोरों की पहचान करवाई जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

जितेंद्र ने नीट में लहराया परचम, राज्यमंत्री सुरेश राही ने किया सम्मानित

सीतापुर। हरगांव विकासखंड के ग्राम विष्णूपुर निवासी छात्र जितेंद्र सिंह ने नीट परीक्षा में 99.72 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र और जनपद का नाम रोशन किया है। उन्होंने ऑल इंडिया रैंक 5426 तथा कैटेगरी रैंक 549 हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय विधायक एवं कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही स्वयं उनके गांव पहुंचे और माल्यार्पण व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में रहकर भी मेहनत, अनुशासन और लगन से राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने जितेंद्र को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। जितेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने गांव में रहकर मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन कक्षाओं की सहायता से नीट की तैयारी की। उनकी सफलता से पूरे गांव में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, चेयरमैन गफ्फार खान, प्रधान अमित सिंह, अनुपम सिंह सहित अनेक लोगों ने उन्हें बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

शराब पीने से रोकने पर युवक ने अपनी बुजुर्ग मां को पीट-पीटकर मार डाला

सीतापुर। जिले में शराब पीने से रोकने पर गुस्साए एक युवक ने अपनी 65 वर्षीय मां की कथित तौर पर डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के बेनियापुर गांव की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस के अनुसार, विधवा सावित्री देवी (65) अपने बेटे त्रिभुवन के साथ रहती थीं। त्रिभुवन शराब का आदी था और कोई काम नहीं करता था, जिस कारण अक्सर वह अपनी मां से झगड़ा करता था। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक, वह पहले भी कई बार अपनी बुजुर्ग मां की पिटाई कर चुका था और शनिवार सुबह जब त्रिभुवन शराब के नशे में घर पहुंचा तो सावित्री देवी ने उसे डांटा, जिससे नाराज होकर आरोपी बेटे ने घर में रखे एक डंडे से अपनी मां पर हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार, सिर समेत शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोट लगने के कारण सावित्री देवी की मौके पर ही मौत हो गई। सीतापुर के अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि शराब पीने का विरोध करने पर एक युवक ने अपनी बुजुर्ग मां की पीट-पीटकर हत्या कर दी। शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

कानपुर में म्यूल बैंक खातों पर साइबर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 35 आरोपी गिरफ्तार

कानपुर। साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से साइबर मुख्यालय के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत कानपुर पुलिस ने म्यूल (फर्जी अथवा किराये के) बैंक खातों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कमिश्नरेट के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 35 म्यूल अकाउंट धारकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में इन बैंक खातों के माध्यम से लगभग 30 करोड़ रुपये के संदिग्ध वित्तीय लेन-देन का पता चला है। साथ ही, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर दर्ज 100 से अधिक साइबर शिकायतों का संबंध भी इन्हीं खातों से सामने आया है।

संचारी व दस्तक अभियान को मिली रफ्तार

जिला संवाददाता

सोनभद्र। जिले में संक्रामक रोगों की रोकथाम एवं जन स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 01 जुलाई,2026 से संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 जुलाई,2026 से दस्तक अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है।

जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले ग्रामों में माइक्रोप्लान के अनुरूप व्यापक साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के अंतर्गत गांवों एवं शहरी क्षेत्रों में झाड़ियों की कटाई, नालियों की सफाई, खराब हैंडपंपों का चिन्हीकरण एवं मरम्मत, फॉगिंग, शौचालय निर्माण, कृतंक नियंत्रण तथा सूकर पालकों का संवेदीकरण किया जा रहा है। साथ ही आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, पंचायत सहायकों, सफाईकर्मियों एवं ग्राम प्रधानों के सहयोग से लोगों को संचारी रोगों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। संचारी अभियान के अंतर्गत अब तक 2,008 विद्यालयों में जागरूकता रैलियां, 367 प्रभात फेरियां एवं 416 ग्राम सभा बैठकों का आयोजन किया जा चुका है। इसके अलावा 1,612 स्थानों पर झाड़ियों की कटाई, 1,520 हैंडपंपों की मरम्मत, 646 हैंडपंप चबूतरों का सुधार, 445 शौचालयों का निर्माण, 856 ग्रामीण एवं 887 शहरी नालियों की सफाई, 78 नगरीय वार्डों में फॉगिंग, 143 सूकर पालकों का संवेदीकरण तथा 349 कृतंक नियंत्रण गोष्ठियों का आयोजन किया गया है। दस्तक अभियान के अंतर्गत घर-घर स्वास्थ्य सर्वेक्षण कर बुखार, मलेरिया, कुष्ठ, क्षय रोग, आईएलआई (खांसी-जुकाम), डायरिया, कुपोषण एवं अन्य संक्रामक रोगों के संभावित मरीजों का चिन्हीकरण किया जा रहा है। अब तक 1,914 बुखार के रोगियों का चिन्हीकरण तथा 1,828 आरडीटी जांचें की जा चुकी हैं। इसके अतिरिक्त मलेरिया, कुष्ठ, क्षय रोग, आईएलआई, डायरिया एवं कुपोषित बच्चों की पहचान कर आवश्यक उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, जलभराव न होने दें, मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाएं तथा बुखार या अन्य संक्रामक रोगों के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जांच एवं उपचार कराएं। जनसहभागिता से ही संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

समाधान दिवस पर फरियादियों की सुनी समस्याएं

जिला संवाददाता(vol)

- 158 शिकायतें आईं, मौके पर 6 का निस्तारण
- शिकायतकर्ताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण करें
- प्रकरण को गम्भीरता से लेकर जॉच कर निस्तारण आख्या प्रस्तुत करें

सोनभद्र। सरकार के निदेर्शानुसार जिले की चारों तहसीलों में जुलाई महीने के तृतीय शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल में जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त हुए, मामलों को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों की स्थलीय जॉच कर निस्तारण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। उन्होने के कहा कि प्रत्येक प्रकरण को गम्भीरता से लेकर जॉच कर निस्तारण आख्या प्रस्तुत की जाये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वार्मा ने 158 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 06 मामलें निस्तारित किये गये और 06 टीम को क्षेत्र में भेजकर 06 प्रकरण को निस्तारित किया गया। इस प्रकार तहसील दिवस घोरावल में कुल 12 मामले निस्तारित हुए, बाकी 146 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इस मौके पर तहसीलदार घोरावल, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

इसी प्रकार से सम्पूर्ण समाधान दिवस रावट्र्सगंज में उप जिलाधिकारी आशीष त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके 61 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 07 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस रावट्र्सगंज में कुल 07 मामले निस्तारित हुए, बाकी 54 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

इसी तरह से सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा का आयोजन तहसीलदार एवं नायब तहसीदार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया, इस मौके पर तहसीलदार ने 60 शिकायतों को सुनते हुए, मौके पर ही 03 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 03 मामले निस्तारित हुए, बाकी 57 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

इसी क्रम में सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी का आयोजन उप जिलाधिकारी दुद्धी रवि पासवान के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील दिवस में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी दुद्धी रवि पासवान, तहसीलदार दुद्धी, सी0ओ0 दुद्धी व पिपरी आदि ने 65 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 03 मामलें निस्तारित किये गये और बाकी 62 प्रार्थना पत्रों को समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। चारों तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल शिकायतें-344 प्राप्त हुयी, जिसमें से 19 शिकायतों का निस्तारण टीम भेजकर और मौके पर किया गया।

संक्षेप

रबी फसलों के बीज को ऑनलाइन बुकिंग जारी

बांदा। आगामी रबी सीजन हेतु फसलों की बुवाई के लिए 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज प्राप्त करने की बात जिला कृषि अधिकारी ने कही है। कहा कि मिनीकिट के रूप में बीज प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन बुकिंग कृषि विभाग के पोर्टल के माध्यम से जारी है। इच्छुक किसान कृषि विभाग की वेबसाइट पर स्वयं बुकिंग कर सकते हैं। रबी सत्र 2026-27 में राजकीय कृषि बीज भंडारों से अनुदान पर मिनीकिट के रूप में बीज प्राप्त करने के लिए किसान तोरिया एवं सरसों के लिये 2 जुलाई से 16 अगस्त, चना, मटर एवं मसूर तथा तिलहनी फसलों में राई, सरसों एवं अलसी के लिए 10 जुलाई से 10 सितंबर गेंहू, जौ बीज के लिए 10 जुलाई से 10 सितंबर तक बुकिंग कर सकते हैं। तोरिया के लिए लॉटरी के माध्यम से 17 अगस्त, दलहनी एवं तिलहनी फसलों के लिए 11 सितम्बर, गेंहू एवं जौ के लिए 10 जुलाई से 30 सितम्बर तक ई-लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जायेगा।

खरीफ फसलों की बुवाई के लिए उर्वरक उपलब्ध

बांदा। जनपद में खरीफ सीजन की बुवाई चल रही है। जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार फसलों की बुवाई एवं बाद में उर्वरकों के उपयोग को जनपद में पर्याप्त यूरिया, डी०ए०पी० एवं अन्य उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी है। वर्तमान में जनपद में यूरिया 16,851 मी०टन, डी०ए०पी० 2513 मी०टन, एन०पी०के० 3106 मी०टन, एस०एस०पी० 864 मी०टन उपलब्ध है।

इसका वितरण सहकारिता एवं निजी फुटकर विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को कराया जा रहा है। मांग के अनुसार सभी समितियों एवं निजी फुटकर विक्रेताओं को लगातार उर्वरक की उपलब्धता कराई जा रही है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि साथ ही निजी एवं सहकारी क्षेत्र एवं फुटकर विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि, सभी विक्रेता एवं समितियों सुनिश्चित करें कि अपने यहां उर्वरक की उपलब्धता बनाये रखे, किसी भी दशा में बिना सूचना के कोई भी समिति या फुटकर विक्रेता की दुकान बंद नहीं रहनी चाहिए।

आकाशवाणी एफएम रेडियो के प्रसारण में वृद्धि की मांग

बांदा। आकाशवाणी एफएम रेडियो बांदा का प्रसारण दोपहर 12 बजे से रात्रि 11 बजे तक संचालित होता है। इसके कारण प्रातःकालीन समय में आम नागरिक, किसान, विद्यार्थी, वरिष्ठ नागरिक एवं अन्य श्रोता समाचार, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा व जनहित के उपयोगी कार्यक्रमों का लाभ नहीं ले पाते हैं। एफएम रेडियो की प्रसारण क्षमता (ट्रांसमीटर पावर कवरेज) सीमित होने के कारण इसका प्रसारण मुख्यतः बांदा नगर तक ही स्पष्ट रूप से उपलब्ध हो पाता है। जनपद के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के लाखों श्रोता इस महत्वपूर्ण जनसंचार सेवा से वंचित हैं। सपा के जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद गुप्ता राजा ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को पत्र भेजकर कहा है कि आकाशवाणी एफएम रेडियो बांदा का प्रसारण समय प्रातः 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक किए जाए। एफएम रेडियो की प्रसारण क्षमता (कवरेज ट्रांसमीटर पावर) में वृद्धि हो।

आयुक्त और डीआईजी ने मौदहा में सुनी समस्याएं

जिला संवाददाता

बांदा। आयुक्त अजीत कुमार व पुलिस उपमहानिरीक्षक ने हमीरपुर जिले के मौदहा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की।

जेसीबी बुलाकर कराई सफाई, बीएसए से मांगा स्पष्टीकरण

उन्होंने कहा कि अधिकारी प्रत्येक शिकायत को संवेदनशीलता के साथ लें, शिकायतकर्ता की संतुष्टि के अनुरूप उसका गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें।

इसके उपरांत आयुक्त ने पीसीएफ मौदहा का निरीक्षण किया। गोदाम में यूरिया, डीएपी एवं एनपीके उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाए गए। इसके पश्चात आयुक्त ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर, मकराव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय दोनों एएनएम उपस्थित मिली। उनके द्वारा तीन मरीजों का उपचार किया जाना अभिलेखों में दर्ज पाया गया। स्वास्थ्य केंद्र पर आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध थीं। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंच मार्ग पर कूड़े का ढेर, सड़क किनारे नालियों में गंदगी पाई गई। इस पर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल जे0सी0बी0 बुलाकर साफ-सफाई कार्य प्रारम्भ कराया।

उपजिलाधिकारी मौदहा को निर्देशित किया कि अपनी उपस्थिति में उक्त साफ-सफाई कार्य पूर्ण कराकर मय फोटोग्राफ सहित अनुपालन आख्या शाम तक आयुक्त कार्यालय भेजी जाए। पूर्व माध्यमिक विद्यालय, मकराव के निरीक्षण में अध्यापिकाएं अध्यापन कार्य में संलग्न पाई गईं। विद्यालय का शौचालय गंदा मिलने, बाउंड्रीवाल एवं पोर्च की कुछ टाइलें क्षतिग्रस्त मिलीं।

इस पर आयुक्त ने गहरी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये बेसिक शिक्षा अधिकारी, हमीरपुर से स्पष्टीकरण मांगा है।

तहसील दिवस में डीएम की गैरहाजिरी से फरियादी मायूस

जिला संवाददाता

बांदा। जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस पैलानी तहसील में आयोजित हुआ। जिलाधिकारी के नहीं पहुंचने से अधिकांश फरियादी मायूस लौट गए है। तहसीलदार राधेश्याम सिंह ने बताया कि लगभग 122 शिकायतें दर्ज की गई 20 का मौके पर निस्तारण किया गया है।

वहीं सदर तहसील में तहसीलदार विकास पांडेय व सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला ने दिवस की अध्यक्षता की। राजस्व व कई अन्य प्रकरण की शिकायत लिए फरियादी दोबारा आए। जमीन में कब्जा की शिकायत संख्या ....471 सहित कई प्रकरण ऐसे रहे कि राजस्व टीम ने अब तक निस्तारण ही नहीं किया। लेखपाल व कानूनगो गोमती प्रसाद ने फरियादी को बताया कि उन्होंने आख्या दे दी है अब फीडिंग नहीं हुई तो वह क्या करें। ग्राम त्रिवेणी व कनवारा के किसानों ने खेत व मेड़ में अतिक्रमण की शिकायत की इस पर अधिकारी नियमानुसार कार्यवाही करें, आवश्यक कार्यवाही करें टिप्पणी लिखकर पल्ला झाड़ते रहे। दिवस में राशनकार्ड, पेयजल, पुलिस आदि की लगभग 87 शिकायतें दर्ज की गई है। बबेरू तहसील सभागार में सीडीओ अजय कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में हुआ। 133 मामले आए मौके पर 11 मामले का निस्तारण किया गया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी अवनीश त्यागी, सीओ कृष्णकांत त्रिपाठी, तहसीलदार हेमराज आदि रहे।

समाधान दिवस में 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

महोबा। संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील कुलपहाड़ में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ आदेश सिंह सागर द्वारा समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर तहसील कुलपहाड़ से कुल 120 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील चरखारी में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सूर्यकान्त त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं उपजिलाधिकारी चरखारी अवनीश कुमार तिवारी की उपस्थिति में 46 में से 2 तथा तहसील महोबा में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज की अध्यक्षता एवं उपजिलाधिकारी शिवध्यान पांडे की उपस्थिति में 30 में से 4 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए। शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। यह भी कहा कि अधिकारीगण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी, यदि निस्तारण में फजीर्वाड़ा मिला तो निस्तारण करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएं तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

अंडरपास निर्माण की मांग गौ सेवक बलराम ने पाठक ने की

बहराइच। जनपद के गौ सेवक एवं वरिष्ठ समाजसेवी बलराम पाठक ने चांदमारी बख्शीपुरा और घसियारीपुरा में वर्षों से बनी जलभराव की समस्या तथा रेलवे अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बहराइच सांसद डॉ. आनंद गोंड, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल और जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी से शीघ्र समाधान की मांग की है।

बलराम पाठक, जो हजारों निराश्रित, घायल एवं बीमार गोवंशों का उपचार कर उनके संरक्षण का कार्य करते हैं तथा मानव सेवा संगठन के अध्यक्ष भी हैं, ने कहा कि बरसात के मौसम में चांदमारी बख्शीपुरा और घसियारीपुरा में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण लोगों के घरों में पानी भर जाता है। इससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो जाता है और नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि चांदमारी बख्शीपुरा के लोगों के लिए आवागमन भी एक गंभीर समस्या है। बच्चों, बुजुर्गों, दिव्यांगों और महिलाओं को विशेष परेशानी होती है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए रेलवे के 41-सी क्रॉसिंग पर अंडरपास का निर्माण अत्यंत आवश्यक है, लेकिन वर्षों बाद भी इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है।

बलराम पाठक ने कहा कि स्थानीय निवासी कई बार ज्ञापन और प्रार्थना पत्र देकर प्रशासन को अपनी समस्याओं से अवगत करा चुके हैं, लेकिन जलभराव और अंडरपास निर्माण दोनों ही मुद्दे आज तक लंबित हैं। उन्होंने शासन और प्रशासन से जनहित में इन दोनों समस्याओं का शीघ्र एवं स्थायी समाधान कराने की मांग की

महसी तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

जिला संवाददाता

बहराइच । आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह जुलाई के द्वितीय शनिवार को तहसील महसी में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी प्रकाश सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, डीडीओ राज कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम ने क्षेत्र के व्यक्तियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होनें स्पष्ट किया कि जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समाधान पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायत के निस्तारण से शिकायतकर्ता को भी अनिवार्य रूप से अवगत कराया जाए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि आईसीडीएस विभाग के स्टाल के निरीक्षण के दौरान डीएम ने 05 गर्भवती महिलाओं अंजू, शशी, सोनी, अल्का व अंजली देवी की गोद भराई की तथा 02 बच्चे अंजनी व मंजू देवी को अन्प्रासन कराया।

उल्लेखनीय है कि तहसील महसी में प्राप्त 75 प्रार्थना-पत्रों में से 05 का निस्तारण मौके पर किया गया। तहसील कैसरगंज में प्राप्त 52 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 07, तहसील सदर बहराइच में प्राप्त 33 के सापेक्ष 02, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 15 के सापेक्ष 01, नानपारा में प्राप्त 40 के सापेक्ष 06 व पयागपुर में प्राप्त 31 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 04 का मौके पर निस्तारण किया गया।

तहसील महसी के ग्राम टिकुरी का डीएम और एसपी ने किया भ्रमण

बहराइच । तहसील महसी के परगना फखरपुर अन्तर्गत ग्राम टिकुरी में वहस्पतिवार को अपरान्ह लगभग 03:30 बजे घाघरा नदी में मगरमच्छ के हमले में 12 वर्षीय बालक सुनील सिंह पुत्र स्व. बुधराम सिंह की मृत्यु हो गई है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्वत व अन्य अधिकारियों के साथ ग्राम टिकुरी स्थित घटना स्थल का भ्रमण कर घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने मृतक बालक के शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतक बालक के छोटे भाई संजय सिंह आयु लगभग 11 वर्ष व छोटी बहन सीमा सिंह आयु लगभग 07 वर्ष को परिजनों की सहमति से अच्छे स्कूल में शिक्षा दिलाये जाने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि मृतक बालक के हिताधिकारियों को अहेतुक सहायता प्रदान करने हेतु कार्यवाही की जा रही है। जल्द ही सरकार द्वारा अनुमन्य धनराशि रू. पांख लाख हस्तगत करा दी जायेगी। डीएम श्री त्रिपाठी ने घटना स्थल मौजूद ग्रामवासियों से अपील की कि सर्तकता बनाये रखें। विशेषकर छोटे बच्चों को नदी व पोखरों के आस-पास न जाने दें।

सरकार पर कांग्रेस का तीखा प्रहार

फतेहपुर। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा सरकार को एक संवेदन हीन सरकार करार देते हुए उसकी लोकतंत्र विरोधी नीतियों की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि आज देश का कोई व्यक्ति अपनी नीतिगत सोच को खुले मंच पर रखने से घबरा रहा है क्योंकि आर एस एस व भाजपा ने मिलकर लोकतन्त्र को निगल लिया है जिससे देश बड़ी विषम स्थिति पर पहुंच चुका है। उन्होंने आगे कहा कि देश की सेना के लिए अपना अतुलनीय योगदान देने वाले सोनम वांगचुक की मांगो को दरकिनार करते हुए उन्हें अनशन से जिस प्रकार पुलिस द्वारा ले जाया गया यह भारत के लोकतंत्र पर असहनीय प्रहार है एवं शिक्षा के प्रति सरकार की घृणित मंशा को उजागर करता है। उन्होंने यह भी कहा कि एक शिक्षा मंत्री के आगे पूरे देश के बच्चों का भविष्य नगण्य है यह भी ताज्जुब का विषय है इसका सीधा अर्थ है कि भाजपा देश के बच्चों को अशिक्षित रखना चाहती है जिससे रोजगार की समस्या उत्पन्न ही न हो परंतु अब जनता गुमराह न होकर इनसे आर पार लड़ने को तैयार बैठी है जो भविष्य में इनके लिए बहुत घातक परिणाम देने वाला है।

नहर किनारे मिले अमृत गोवंश जांच तेज

फतेहपुर। थाना हथगांव इलाके में ग्राम अमिलिहा पाल जाने वाले नहर मार्ग पर कुछ मृत गोवंश पाए जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद थाना हथगांव व थाना हुसैनगंज की पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई कराकर मृत जानवरों का नियमानुसार दफन कराया गया। घटना की तहरीर चौकी प्रभारी छिवलहा द्वारा दी गई है और उसी के आधार पर थाना हथगांव पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। घटना के शीघ्र एवं सफल अनावरण हेतु उन्होंने पाँच पुलिस टीमों का गठन किया है। ये टीमें जिले के विभिन्न बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही हैं तथा संदिग्धों और अभियुक्तों की तलाश में जुटी हुई हैं। इस घटना का शीघ्र अनावरण करते हुए इसमें संलिप्त सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाएगा तथा उनके विरुद्ध विधि के अनुसार कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

बाढ़ सुरक्षा कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के साथ महसी तहसील क्षेत्र में बेलहा-बेहरौली तटबंध पर संचालित बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सरयू ड्रेनेज खंड-प्रथम तथा तहसीलदार महसी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि परियोजना अन्तर्गत स्पर निर्माण हेतु बेलहा-बेहरौली तटबंध के किलोमीटर 49.100 पर लगभग 450.00 मीटर लम्बाई में मिट्टी का शैंक बनाकर नोज भाग में 18.00 मीटर, अपस्ट्रीम भाग में 120.00 मीटर तथा डाउनस्ट्रीम में 60.00 मीटर लम्बाई में वायर क्रेट में बोल्डर का लांचिग एप्रन एवं 0.30 मीटर मोटाई का वायर क्रेट में स्लोप पिंचिग का कार्य प्रस्तावित था। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत मिट्टी का शैक, बोल्डर लॉन्चिंग एप्रन तथा वायर क्रेट में स्लोप पिचिंग का कार्य कराया जा रहा है। यह कार्य 8 मई 2026 से प्रारंभ होकर 3 नवंबर 2026 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।

अधिशासी अभियंता सरयू ड्रेनेज खंड-प्रथम के अनुसार वर्तमान में परियोजना का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष स्लोप पिचिंग का कार्य अंतिम चरण में है। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए शेष कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अभियंताओं को निर्देशित किया कि वषार्काल को देखते हुए तटबंधों एवं बाढ़ प्रभावित गांवों की सतत निगरानी की जाए तथा आवश्यक सुरक्षा एवं बचाव संबंधी सभी कार्य प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किए जाएं, ताकि किसी भी संभावित बाढ़ की स्थिति में जन-धन की हानि से बचा जा सके।

बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की तैयारी पर हुई चर्चा

बहराइच । जिले भर के सातों विधानसभा के सभी मंडलों में एक साथ 22 जुलाई को आयोजित होने वाली बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की तैयारी को लेकर कार्य योजना बैठक की गई मंडल बैठक में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की तैयारियों, संगठनात्मक कार्यों, बूथ स्तर की रणनीति और कार्यकत्ताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई बैठक के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष, जिलापदाधिकारी व मंडल प्रभारी रहे इसी निमित्त जरवल मंडल में जिला अध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडेय ने उपस्थित होकर सभी शक्ति केंद्र संयोजक से सत प्रतिशत बूथ अध्यक्ष की उपस्थिति व डीएलपी सहित बैठक से संबंधित अन्य विषयों पर चर्चा किया कहा कि सभी बूथ अध्यक्षों की उपस्थिति अनिवार्य होगी सभी बूथ अध्यक्षों का पंजीकरण डिजिटल माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा।

बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में जीत का आधार मजबूत बूथ संगठन होगा मंडल बैठक में मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष व मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे

अतिक्रमण मुक्त करके 20 फीट चौड़ा नाला बनाने की मांग

बांदा। नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर-20 सेढू तलैया नाला थोड़ी देर की बारिश में ही पूरी तरह से टापू बन जाता है। अधिकतर मकानों के अंदर पानी भर जाता है। राहगीरों एवं कोचिंग जाने वाले बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद बाकर ने कहा कि यह वार्ड प्रदेश सरकार द्वारा नागरिकों को दी जाने वाली सभी मूलभूत सुविधाओं से पूरी तरह से वंचित है। इस वार्ड में दर्जनों कच्ची सड़के हैं। नालियां कच्ची हैं, किसी भी गली में पानी की पाइपलाइन नहीं है, मार्ग प्रकाश विभाग के द्वारा कोई भी बुझी लाइटें सही नहीं की जा रही हैं। यहां पर दो दर्जन से अधिक लाइटें बंद हैं। दो दर्जन से अधिक लाइटें खराब हैं। क्षेत्र वासियों के द्वारा मार्ग प्रकाश प्रभारी से पिछले तीन महीने से लगातार कहने के बावजूद पोड़ाबाग, बसंत नगर, सेढू तलैया आदि मोहल्ले की लाइटें नहीं जलवाई जा रही है। वार्ड में भारी गंदगी व्याप्त है। कई जगहों पर कूड़े के बड़े-बड़े अंबार लगे हैं। वार्ड में कहीं पर भी सफाई नहीं दिखती है। हुसैनगंज, शंकर नगर, आजाद नगर, कालूकुआं, ईदगाह रोड के हजारों घरों का पानी 20 वर्ष पुराने चार फिट चैड़े जर्जर नाले से बहाया जाता है। वार्ड की स्थिति बहुत ही दयनीय है। जहरीले कीड़े नालों से निकलकर सड़कों एवं घरों में जा रहे हैं। कई घरों में पानी भर जाता है। जिलाधिकारी के द्वारा 9 जुलाई को मुख्यमंत्री कार्यक्रम के बाद हुई भारी बारिश से शहर में जलभराव होने के कारण बैठक की गई थी परंतु आज हुई भारी बारिश से यह नतीजा निकला कि बिना कार्य करे जलभराव की समस्या से छुटकारा नहीं पाया जा सकता है। सेढू तलैया नाले का चैड़ीकरण करने के लिए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को पत्र दिया गया। छोटी काली देवी मंदिर के पास चोक पुलिया की सफाई नहीं कराई जा रही है। वार्ड के सैकड़ो नागरिकों ने जिलाधिकारी से लोहिया पुल से लेकर निम्मी पार नाले को अतिक्रमण से मुक्त करते हुए 20 फिट चैड़ा नाला बनाने की मांग की है।

आदमखोर मगरमच्छ पकड़ा गया, फ्रेंड्स ऑफ कतर्नियाघाट ने ग्रामीणों को किया सतर्क

बहराइच। महसी तहसील के बौंडी थाना क्षेत्र के टिकुरी गांव में 12 वर्षीय मासूम सुनील को अपना शिकार बनाने वाले मगरमच्छ को वन विभाग की टीम ने आज पकड़ लिया। मगरमच्छ के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है, लेकिन हाल की घटनाओं को देखते हुए पूरे तराई क्षेत्र में नदी और तालाबों के आसपास रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। बीते कल घाघरा नदी के किनारे मौजूद 12 वर्षीय सुनील पर मगरमच्छ ने अचानक हमला कर दिया था। बच्चे के चाचा ने करीब दस मिनट तक मगरमच्छ से संघर्ष कर उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन मगरमच्छ उसे नदी में खींच ले गया। लगभग पांच घंटे की तलाश के बाद मासूम का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ था। इस दर्दनाक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और दहशत फैल गई थी। घटना के बाद वन विभाग ने मगरमच्छ को पकड़ने के लिए अभियान चलाया। लगातार निगरानी और तलाश के बाद आज उसी मगरमच्छ को पकड़ लिया गया। वन विभाग ने उसे सुरक्षित कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे बच्चों को अकेले नदी के किनारे न जाने दें तथा किसी भी जंगली जीव के दिखाई देने पर तत्काल सूचना दें। इधर, फ्रेंड्स ऑफ कतर्नियाघाट की ओर से मगरमच्छ के बढ़ते हमलों को देखते हुए श्रमिक बालिकाओं को जागरूक किया गया।

संस्था के संस्थापक बी.डी. लखमानी ने कहा कि नेपाल और कतर्नियाघाट में घड़ियाल संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों के साथ-साथ मगरमच्छों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। वर्तमान में घाघरा, सरयू समेत क्षेत्र की अधिकांश नदियों और कई तालाबों में मगरमच्छ मौजूद हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे स्वयं और अपने बच्चों को नदी, तालाब और पोखरों के किनारे अनावश्यक न जाने दें। मछली पकड़ने, स्नान करने, हाथ-पैर धोने या मवेशियों को नहलाने जैसे कार्य भी अत्यधिक सावधानी के साथ करें।

अधिवक्ता ने की चौकी प्रभारी की एसपी से शिकायत, जांच के आदेश

बांदा। अधिवक्ता ने चौकी प्रभारी पर रिश्वतखोरी के आरोप लगाए हैं। अधिवक्ता संदीप वर्मा व अन्य अधिवक्ताओं ने कृषि विश्वविद्यालय पुलिस चैकी में तैनात उपनिरीक्षक पर जमानतदार के सत्यापन के नाम पर पांच हजार रुपये की रिश्वत मांगने की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। अधिवक्ता का कहना है कि विरोध करने पर मारपीट, जातिसूचक गालियां, मोबाइल छीनने, जबरन वीडियो बनवाने और घंटों चैकी में बैठाए रखा।

पीड़ित ने एसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। कृषि विश्वविद्यालय पुलिस चैकी में तैनात उपनिरीक्षक दीपक कुमार सैनी के खिलाफ अधिवक्ता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया हैं। अधिवक्ता का दावा है कि 15 जुलाई को वह एक आरोपी के जमानतदार का सत्यापन कराने चैकी पहुंचा था। आरोप है कि सत्यापन के नाम पर पांच हजार रुपये की रिश्वत मांगी गई। जब उन्होंने पैसे देने से इनकार किया और नियमानुसार सत्यापन की बात कही, तो उनके साथ अभद्रता की गई।

शिकायत के मुताबिक, जमानतदार के साथ मारपीट की गई। मोबाइल फोन छीन लिया गया और सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चैकी में बैठाकर रखा गया। आरोप यह भी है कि दबाव बनाकर उनका वीडियो बनवाया गया और उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई।

पीड़ित अधिवक्ता ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित उपनिरीक्षक और पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इस मामले पर पुलिस अधीक्षक पलाश बसंल ने मामले का संज्ञान लेते हुए सीओ सिटी को जांच के आदेश दिए हैं।

सिलीगुड़ी को मिली 77 करोड़ की सौगात

अमित शाह ने सिलीगुड़ी के पास बीएसएफ चौकी पर सीमा सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की

एजेंसी

सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को उत्तर बंगाल में संवेदनशील अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़ से लगे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के लिए 77.06 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, शाह उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी शहर के बाहरी इलाके में फुलबाड़ी सीमा चौकी के जुमागाछ क्षेत्र स्थित बीएसएफ की 18वीं बटालियन की सीमा चौकी पहुंचे। वहां उन्होंने बीएसएफ के जवानों से बातचीत की, सीमा बाड़ के पास स्थित निगरानी मीनार का दौरा किया और एक पौधा भी लगाया। केंद्रीय गृहमंत्री शाह राज्य के तीन दिवसीय दौरे पर शुक्रवार शाम बागडोगरा पहुंचे थे।

यह इस महीने उनका दूसरा पश्चिम बंगाल दौरा है। उन्होंने बीएसएफ के प्रहरी सम्मेलन में भी हिस्सा लिया। उनके साथ पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी थे। इस दौरान मुख्य सचिव मनोज कुमार अग्रवाल, गृह सचिव संगमित्रा घोष, बीएसएफ महानिदेशक प्रवीण कुमार, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) महानिदेशक राकेश अग्रवाल और राज्य के पुलिस



महानिदेशक सिद्ध नाथ गुप्ता सहित वरिष्ठ नौकरशाह और पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। शाह का यह दौरा ऐसे समय हुआ है जब चिकन नेक कहलाने वाले सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। 17 से 22 किलोमीटर चौड़ी यह भूमि पट्टी मुख्य भूमि भारत को पूर्वोत्तर के आठ राज्यों से जोड़ने वाला एकमात्र स्थलीय संपर्क मार्ग है और सीमा सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। यह कॉरिडोर उत्तर में नेपाल, दक्षिण में बांग्लादेश और उत्तर-पूर्व में भूटान की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के बीच स्थित है। हाल में राज्य की नवनिर्वाचित शुभेंदु अधिकारी सरकार ने इस क्षेत्र में सीमा बाड़बंदी के लिए 120 एकड़ भूमि बीएसएफ को हस्तांतरित की थी। साथ ही, पहले राज्य के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के राष्ट्रीय राजमार्ग प्रकोष्ठ के अधीन आने वाले इस क्षेत्र के सात महत्वपूर्ण राजमार्गों का प्रबंधन केंद्र सरकार को सौंप दिया था।

विक्रम-1 का प्रक्षेपण सुलभ अंतरिक्ष की दिशा में एक ठोस कदम है : अमित शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को देश में निजी क्षेत्र द्वारा विकसित पहले कक्षीय रॉकेट विक्रम-1 के सफल प्रक्षेपण के लिए स्काईरूट को बधाई दी। उन्होंने इसे अंतरिक्ष को और अधिक सुलभ बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम बताया। शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षा एक नए मुकाम पर पहुंच गई है। भारत के पहले निजी तौर पर विकसित कक्षीय रॉकेट, विक्रम-1 के सफल प्रक्षेपण पर स्काईरूट एरोस्पेस को हार्दिक बधाई।

पुरी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, भगवान जगन्नाथ बलभद्र और सुभद्रा संग पहुंचे गुंडिचा मंदिर

पुरी (ओडिशा)। पुरी में रथ यात्रा के पहले चरण के समापन के तहत शनिवार को भगवान जगन्नाथ, उनके भाई भगवान बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा को गुंडिचा मंदिर में प्रवेश कराया जाना है तथा इस अवसर पर अडापा बीजे अनुष्ठान में शामिल होने के लिए रातभर हुई भारी बारिश की परवाह नहीं करते हुए बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं। रथ यात्रा के एक दिन बाद, शुक्रवार दोपहर तीनों देवी-देवताओं के रथ श्री गुंडिचा मंदिर पहुंच गए थे। परंपरा के अनुसार, उनकी प्रतिमाएं रातभर रथों पर ही विराजमान रहीं।

इसके बाद अडापा बीजे अनुष्ठान संपन्न होगा, जिसके तहत भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की प्रतिमाओं को भव्य शोभायात्रा के साथ गुंडिचा मंदिर ले जाया जाएगा। इस मंदिर को इन तीनों भाई-बहनों का जन्मस्थान माना जाता है। वापसी की रथ यात्रा, जिसे बहुदा यात्रा कहा जाता है, 24 जुलाई को आयोजित होगी। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण पुरी जाने वाली सड़कों पर लंबा जाम लग गया। वहीं, भारी बारिश के कारण हुए जलभराव ने लोगों की परेशानियां और बढ़ा दीं। जलभराव की समस्या से निपटने के लिए स्थानीय प्रशासन ने उच्च क्षमता वाले पंप की मदद से पानी निकालने का काम शुरू कर दिया है। रथ यात्रा की

सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) सौमेंद्र प्रियदर्शी ने बताया कि शुक्रवार रात से ही पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने कहा, हम यातायात की स्थिति को लेकर मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार अलर्ट जारी कर रहे हैं।

संक्षेप

कोटक महिंद्रा बैंक का शुद्ध लाभ बढ़कर 5,480 करोड़

मुंबई। निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 22.55 प्रतिशत बढ़कर 5,480.46 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कोटक महिंद्रा बैंक का शुद्ध लाभ 4,472.18 करोड़ रुपये था। एकल आधार पर, जून 2026 को समाप्त तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 4,122.96 करोड़ रुपये रहा, जबकि 2025-26 की समान तिमाही में 3,281.68 करोड़ रुपये था। बैंक की शुद्ध मुख्य ब्याज आय आलोच्य तिमाही में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़कर 7,928 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 7,259 करोड़ रुपये थी। हालांकि, जून तिमाही में बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन घटकर 4.53 प्रतिशत हो गया, जो पिछले साल इसी तिमाही में 4.65 प्रतिशत और पिछली मार्च तिमाही में 4.67 प्रतिशत था।

एक्सिस बैंक का शुद्ध लाभ बढ़कर 7,632 करोड़

मुंबई। निजी क्षेत्र के तीसरे सबसे बड़े बैंक एक्सिस बैंक का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 22.23 प्रतिशत बढ़कर 7,632.31 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ 6,243.72 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में बैंक का एकल आधार पर शुद्ध लाभ 23 प्रतिशत बढ़कर 7,114 करोड़ रुपये हो गया। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बैंक की मुख्य शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) आठ प्रतिशत बढ़कर 14,646 करोड़ रुपये हो गई। ऋण वितरण में 19 प्रतिशत की वृद्धि से इसे बल मिला। हालांकि, बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) सालाना आधार पर 3.80 प्रतिशत से घटकर 3.46 प्रतिशत रह गया। जनवरी-मार्च, 2026 तिमाही में बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन 3.73 प्रतिशत था।

सरकार ने नेट मीटरिंग की छूट अवधि दिसंबर तक

नयी दिल्ली। सरकार ने एएलएमएम-दो के तहत नेट मीटरिंग और खुली पहुंच नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए छूट की समयसीमा बढ़ाकर 31 दिसंबर, 2026 कर दी है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने स्पष्ट किया कि सौर पीवी सेल के लिए मॉडल और विनिर्माता की स्वीकृत सूची (एएलएमएम)-दो के क्रियान्वयन को लेकर कोई बदलाव नहीं किया गया है। नेट मीटरिंग एक बिलिंग प्रणाली है जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली से उत्पन्न बिजली में से अतिरिक्त बिजली ग्रिड को वापस भेजने के लिए क्रेडिट मिलती है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एएलएमएम नीति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। सरकार ने केवल कुछ चुनिंदा सौर परियोजनाओं के लिए दिसंबर 2026 तक अतिरिक्त राहत अवधि उपलब्ध कराई है। एमएनआरई ने कहा कि सौर पीवी सेल के लिए एएलएमएम सूची-द्वितीय लागू करने संबंधी केंद्र सरकार की नीति में कोई बदलाव नहीं किया गया है और सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए एएलएमएम सूची-द्वितीय की अनिवार्यता में कोई व्यापक छूट नहीं दी जाएगी।

सीतारमण ने तमिलनाडु में किसान उत्पादक संगठन का किया उद्घाटन

एजेंसी

विरुधुनगर (तमिलनाडु)। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को एक किसान उत्पादक संगठन (ग्लोबल चिली एग्रो प्राइवेट लिमिटेड) का उद्घाटन किया। सीतारमण ने तिरुचुली गांव में आयोजित कार्यक्रम में कहा, यह किसान उत्पादक संगठन को भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) की वित्तीय सहायता से स्थापित किया गया है।

यह भौगोलिक संकेतक (जीआई)-दर्जे वाले सांबा मिर्च और उनसे बने मूल्य-वर्धित उत्पाद तैयार

करता है। उन्होंने इस बात की सराहना की कि सिडबी इस क्षेत्र के किसानों को केवल ऋण देने तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि सभी आवश्यक सहायता भी प्रदान करता है, जो पूरे देश के लिए एक मिसाल है। मंत्री ने कहा, चूंकि इस क्षेत्र में उगाई जाने वाली मिर्च में कीटनाशकों का उपयोग बहुत कम होता है, इसलिए ये विदेशों में निर्यात के लिए बहुत उपयुक्त हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत, सरकार इस जिले में मिर्च की खेती, मूल्य संवर्धन और विपणन के लिए सभी आवश्यक सहायता प्रदान कर रही है। इसके अलावा, मंत्री ने इस किसान उत्पादक संगठन द्वारा उत्पादित सांबा मिर्च और उनसे बने मूल्य-वर्धित उत्पादों को ले जाने वाले निर्यात वाहनों के पहले जत्थे को श्रीलंका, आंध्र प्रदेश और हरियाणा सहित भारत के विभिन्न हिस्सों और ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए रवाना किया।

असत्य और हिंसा मोदी सरकार के मूल सिद्धांत : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन स्थल से हटाने को लेकर शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और पार्टी नेता राहुल गांधी ने कहा कि असत्य और हिंसा नरेन्द्र मोदी सरकार के मूल सिद्धांत हैं। विपक्षी दल कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि यह शर्म की बात है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में दुनिया की सबसे अलोकतांत्रिक और लोकतंत्र विरोधी राजनीतिक पार्टी शासन कर रही है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट करके कहा, 111 दिन तक मां गंगा को बचाने के लिए आमरण अनशन पर बैठे प्रो जी. डी. अग्रवाल हों या हरियाणा की ओलंपिक पहलवान हों, हमारे 750 अन्नदाता किसान हों, दलित-आदिवासी हों, या फिर पेपर लीक की बलि चढ़े 25 बच्चे और उनके

परिजन, इस तानाशाह सरकार ने किसी को नहीं बख्शा। उन्होंने भाजपा नीत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, इनकी नजर में कोई भी अगर आवाज उठाता है, तो वह राष्ट्र विरोधी है, परजीवी है। जंतर-मंतर पर आज जो हुआ वह लोकतंत्र और संविधान के ऊपर एक और काला धब्बा है। खरगे ने कहा, कोटा और देहरादून से छात्रों की गूंज का आगाज हो चुका है। यह दिल्ली की दहलीज तक जरूर पहुंचेगी। गांधी ने कहा कि जब सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक शांतिपूर्ण तरीके से अनशन पर थे, तब उन्हें जंतर-मंतर से हटाया जाना गलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के मूल सिद्धांत असत्य और हिंसा हैं।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सोनम वांगचुक जी को जंतर-मंतर से उस समय हटाया जाना गलत है, जब वह शांतिपूर्ण तरीके से अनशन पर बैठे थे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने कहा कि प्रश्न पत्र लीक, शिक्षा की बढ़ती लागत और विद्यार्थियों की आत्महत्याएं भारत के भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी ताकत भारत के विद्यार्थियों और उन लोगों को, जो उनसे प्रेम करते हैं और उन पर विश्वास करते हैं, इन मुद्दों को उठाने से रोक नहीं सकती। कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने एक्स कहा, हमारा संविधान हर नागरिक को अपनी आवाज उठाने और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करने का बुनियादी अधिकार देता है।

पाकिस्तान और चीन सीमा सुरक्षा व आव्रजन नियंत्रण को करेंगे मजबूत : अधिकारी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान और चीन ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए आव्रजन, सीमा प्रबंधन और संस्थागत सहयोग आदि बढ़ाने पर आधिकारिक रूप से सहमति जताई है। चीन के राष्ट्रीय आव्रजन प्रशासन के महानिदेशक की. जिंगयांग के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी से मुलाकात की और दोनों देशों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में पाकिस्तान के गृह राज्य मंत्री तलाल चौधरी भी मौजूद थे। पाकिस्तान के गृह मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, नए द्विपक्षीय समझौते का उद्देश्य अवैध आव्रजन, हथियारों की तस्करी और सीमा पार अपराधों के खिलाफ संयुक्त अभियानों की प्रभावशीलता बढ़ाना है।

सोनम वांगचुक की रिपोर्ट अस्पताल नहीं दे रहा : पत्नी गीतांजलि आंग्मो

एजेंसी

नयी दिल्ली। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. आंग्मो ने शनिवार को दावा किया कि वांगचुक पूरी तरह ठीक हैं, लेकिन सफदरजंग अस्पताल बार-बार अनुरोध करने के बावजूद उनकी मेडिकल रिपोर्ट की प्रतियां उपलब्ध नहीं करा रहा है। आंग्मो ने यह भी कहा कि 20 जुलाई को प्रस्तावित संसद मार्च तय कार्यक्रम के अनुसार होगा और वांगचुक भी उसमें हिस्सा लेंगे। आंग्मो ने अस्पताल प्रशासन को लिखित रूप से कहा है कि उनकी अनुमति के बिना सोनम वांगचुक को कोई भी दवा या चिकित्सकीय उपचार न दिया जाए। उन्होंने अस्पताल में पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाते हुए वांगचुक को अस्पताल से छुट्टी देने की भी मांग की। वांगचुक को शनिवार सुबह भूख हड़ताल के 21वें दिन, जंतर-मंतर से सफदरजंग अस्पताल लाया गया था।

उन्होंने अस्पताल के बाहर भारी पुलिस बल की मौजूदगी पर भी सवाल उठाए और कहा कि परिवार के लोगों को मोबाइल फोन अंदर ले जाने की अनुमति नहीं दी जा रही, जिससे ऐसा लग रहा है कि वे जेल में हैं। आंग्मो ने कहा कि डॉक्टरों ने परिवार को बताया कि वांगचुक के शरीर में पोटैशियम का स्तर एक दिन पहले के 4.3 से घटकर 2.9 हो गया लेकिन उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल

ने मेडिकल रिपोर्ट साझा करने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा, कल सफदरजंग अस्पताल के चिकित्सकों ने उनकी जांच की थी और सभी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संकेतक सामान्य थे। पोटैशियम 4.3 था। अब कहा जा रहा है कि यह 2.9 हो गया है और यह जानलेवा है। लेकिन जब हमने रिपोर्ट मांगी, तो उन्होंने केवल रिपोर्ट दिखाई, उसकी प्रति नहीं दी गई। पारदर्शिता की कमी के कारण हमें भरोसा नहीं हो रहा है। आंग्मो ने कहा कि परिवार ने निर्णय लिया है कि किसी भी उपचार की अनुमति देने से पहले वांगचुक की स्वतंत्र जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा, मैंने अस्पताल से कहा है कि उन्हें पोटैशियम या कोई अन्य दवा न दी जाए। पहले हम दूसरी लैब से जांच कराएंगे, उसके बाद ही कोई दवा दी जाएगी। सोनम बिल्कुल ठीक हैं और हम जल्द ही उन्हें ऐसे अस्पताल में ले जाएंगे, जिस पर हमें भरोसा हो। आंग्मो ने सफदरजंग अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को दो पत्र लिखे हैं जिसमें इनमें उन्होंने स्पष्ट किया है कि उनकी अनुमति के बिना वांगचुक को न तो कोई दवा दी जाए और न ही नस के माध्यम से कोई दवा या तरल पदार्थ चढ़ाया जाए।

एक अन्य पत्र में उन्होंने पारदर्शिता की कमी और अस्पताल पर भरोसा नहीं होने का हवाला देते हुए वांगचुक को डिस्चार्ज कर परिवार की पसंद के अस्पताल में स्थानांतरित करने की अनुमति मांगी। भारी पुलिस तैनाती पर सवाल उठाते हुए आंग्मो ने कहा, अगर यह सिर्फ चिकित्सकीय मामला है, तो अस्पताल में इतनी पुलिस क्यों तैनात है? हमें मोबाइल फोन अंदर क्यों नहीं ले जाने दिया जा रहा? ऐसा लग रहा है कि यह सफदरजंग अस्पताल नहीं, बल्कि सफदरजंग जेल है। उन्होंने कहा कि वांगचुक को प्रदर्शन स्थल से हटाए जाने से आंदोलन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा, वह बिल्कुल ठीक हो जाएंगे और संसद मार्च में शामिल होंगे। युवाओं ने इस आंदोलन को आगे बढ़ाया है।

ईरान ने कुवैत पर फिर किया हमला, जल विलवणीकरण संयंत्र को बनाया निशाना

दुबई। कुवैत के जल एवं बिजली मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि ईरान ने देश के एक जल विलवणीकरण और बिजली उत्पादन संयंत्र पर हमला किया, जिससे वहां आग लग गई। पिछले दो दिनों में यह दूसरी बार है जब ईरान ने खाड़ी देश कुवैत के जल विलवणीकरण से जुड़े बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया है। कुवैती अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को भी ईरान ने एक अन्य बिजली और जल विलवणीकरण संयंत्र पर हमला किया था, जिससे आग लग गई और संयंत्र को नुकसान पहुंचा। सुरक्षा के मद्देनजर अधिकारियों ने एहतियातन संयंत्र की कई इकाइयों को बंद कर दिया है। कुवैत में करीब 90 प्रतिशत पेयजल समुद्री पानी को शुद्ध करने वाले विलवणीकरण संयंत्रों से प्राप्त होता है।

पेज एक का शेष

सुरक्षा में सेंध

प्रयागराज की दूरी कम हो पाएगी। अब अमरोहा से हरिद्वार की दूरी भी आसान बनाएंगे और किसानों को जमीन का अच्छा दाम देंगे। विकास के नए प्रतिमान पर स्थापित हो रहा अमरोहा अपनी नई पहचान बनाएगा। औद्योगिक विकास के लिए हसनपुर में बन रहा पार्क जनपद को नई ऊंचाई देगा। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में आगामी 50-100 वर्ष की योजना को लेकर विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है। अब नौजवान बेरोजगार नहीं होगा, पलायन नहीं करेगा। 2017 के बाद से यूपी में सुरक्षा, सुशासन के साथ समृद्धि बरस रही है। सरकार तिगरी व गढ़ के लिए काम कर रही है। मां गंगा तिगरी की तरफ कुछ बढ़ रही हैं, इसलिए सिंचाई विभाग को निर्देश दिया गया है कि गंगाजी को चैनलाइज कर तिगरी व गढ़ मेले के स्वरूप को और भव्य करो, जिससे यह पश्चिमी उप्र में माघ व कुंभ मेले की तरह चमकता दिखे। सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले आस्था पर प्रहार होता था। कांवड़ यात्रा, दुर्गा पूजा, रामनवमी की शोभायात्रा, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर रोक लगाई जाती थी। जयश्रीराम कहने पर लाठी-डंडे चलते थे और सरकारें मौन रहती थीं लेकिन अब किसी त्योहार पर रोक नहीं है, बल्कि सरकार आस्था का सम्मान करते हुए हरसंभव सहयोग करती है।

सीएम ने कहा कि यूपी अब सुरक्षा का मॉडल दे रहा है। सुरक्षा सुशासन लाती है। सुशासन निवेश और निवेश समृद्धि लेकर आता है। अब हर भर्ती में अमरोहा-धनौरा का नौजवान भी नियुक्ति पत्र पाता है, लेकिन पहले रामपुर व सैफई का सिंडिकेट नौकरियों में डकैती डालता था। अब आपकी अपनी सरकार है, कोई हक पर डकैती नहीं डाल सकता। 2017 में महेंद्र खड़गवंशी के प्रचार में आया था तो लोग एक मंत्री के आतंक से भयभीत थे। तब मैंने कहा था कि भाजपा सरकार आएगी तो ये सभी दुम दबाकर बिल में घुसकर ही खुद को सुरक्षित कर पाएंगे। अब यहां किसी का भय या आतंक नहीं। मुख्यमंत्री ने पूर्व क्रिकेटर व पूर्व मंत्री चेतन चौहान को भी याद किया। कहा कि वह नौगावां सादात व जनपद में खेल, विकास को बढ़ाने के लिए समर्पित थे। एनडीए सरकार चौधरी चरण सिंह के सपनों को साकार कर रही है। हर तबके को बिना भेदभाव सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है, जबकि 2017 के पहले यह संभव नहीं था। सीएम ने कहा कि कांग्रेस के एक प्रधानमंत्री ने अपनी लाचारगी जताते हुए कहा था कि 100 में से 85 पैसे ही नीचे जनता तक पहुंचते हैं। यह छात्रवृत्ति, किसान सम्मान निधि, गरीब के राशन, आवास, पेंशन, शौचालय का पैसा था, जिस पर सपा व कांग्रेस वाले डकैती डालते थे। अब डबल इंजन सरकार में गरीब को पूरी रकम सीधे उसके बैंक खाते में मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हर वर्ग के लिए योजनाएं हैं। सीएम ने कहा कि किसानों-नौजवानों के हित में सरकारें आती हैं तो हर वर्ग के विकास के लिए कार्य होता है। जहां खानदान का कब्जा हो और एक ही परिवार सभी पदों पर काबिज हो, वहां विकास नहीं हो सकता। आपने राजीव तरारा व महेंद्र सिंह खड़गवंशी जैसे अच्छे विधायकों व कंवर सिंह तंवर को सांसद चुना तो विकास कार्य हो रहे हैं। हमारे विधायक निरंतर विकास के प्रस्ताव लेकर लखनऊ आते हैं। अमरोहा सदर व नौगावां सादात वाले शासन में पैरवी नहीं करते, वे जीतने के बाद रजाई तानकर सो गए। जनता ने इन दोनों क्षेत्रों में भी कमल खिलाया होता तो विकास की गति कई गुना बढ़ जाती। सीएम ने अमरोहावासियों को आश्वस्त किया कि डबल इंजन सरकार हर हित का ध्यान रखेगी। उन्होंने पैरोकारी के लिए अच्छे विधायक व सांसद चुनने की अपील करते हुए आमजन को आश्वस्त किया कि जल्द ही वे नौगावां सादात व हसनपुर भी आएंगे।

अब यूपी

वालों के लिए केवल दो ही जगह हैं-जेल या जहन्नुम।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बुलंदशहर व सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र में 574 करोड़ से अधिक की 57 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास किया। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लैपटॉप, चेक, चाबी, थर्मल प्रिंटर, आयुष्मान कार्ड, छात्रवृत्ति, सब्सिडी, टूलकिट एवं प्रमाण पत्र वितरित किये। इससे पहले प्रदर्शनी का अवलोकन करने के दौरान सीएम ने छोटे बच्चों को खिलौना देकर दुलार किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर भी पूरी तरह बदल चुका है। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव के दौरान जब वह बुलंदशहर आए थे, तब यहां भय और दहशत का माहौल था, लेकिन आज बुलंदशहर निर्भय होकर विकास की प्रक्रिया से मजबूती के साथ जुड़ चुका है। देश का सबसे बड़ा गंगा एक्सप्रेसवे बुलंदशहर से होकर गुजर रहा है, जिससे प्रयागराज तक की यात्रा करीब पांच घंटे में पूरी होगी। उन्होंने बताया कि जनप्रतिनिधियों की मांग पर गंगा एक्सप्रेसवे को जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से जोड़ने वाले लिंक एक्सप्रेसवे को भी स्वीकृति दे दी गई है। किसानों के मुआवजे में बढ़ोतरी की मांग को भी सरकार ने स्वीकार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी के साथ बुलंदशहर औद्योगीकरण के नए युग में प्रवेश करेगा, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट का संचालन शुरू हो चुका है और यह केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश की समृद्धि का आधार बनने जा रहा है। करीब 14 हजार एकड़ में विकसित हो रहा यह एयरपोर्ट एयरक्राफ्ट रिपेयर एंड मेंटिनेंस (एमआरओ) का बड़ा केंद्र बनने के साथ-साथ कार्गो संचालन तथा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए उत्कृष्ट एयर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लिंक एक्सप्रेसवे बनने के बाद बुलंदशहर और जेवर एयरपोर्ट के बीच की दूरी इतनी कम हो जाएगी कि वह वॉकिंग डिस्टेंस जैसी महसूस होगी।

उन्होंने बताया कि हाल ही में जनप्रतिनिधियों ने बुलंदशहर के लिए रिंग रोड की मांग रखी थी। उसी समय प्रस्ताव को तत्काल आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया था और अब यह बताते हुए प्रसन्नता है कि रिंग रोड का प्रस्ताव भी स्वीकृत हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बुलंदशहर में विकास, सुरक्षा और समृद्धि एक साथ दिखाई देती है। खुर्जा की क्रॉकरी को वैश्विक पहचान मिली है, युवाओं को छात्रवृत्ति और रोजगार मिल रहा है। उन्होंने बताया कि वह श्रद्धेय रज्जू भैया सैनिक विद्या मंदिर से आ रहे हैं और बुलंदशहर देश को सबसे अधिक सैनिक देने वाले जनपदों में शामिल है। यहां लगभग हर गांव में पूर्व सैनिक या सैन्य अधिकारी मिल जाएंगे, इसलिए बुलंदशहर में 'जय जवान, जय किसान' का भाव साकार होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बुलंदशहर में बाबू जी के नाम पर कल्याण सिंह मेडिकल कॉलेज स्थापित हो चुका है। खुर्जा की क्रॉकरी और क्षेत्र के गन्ना किसानों की पहचान अब बेहतर कनेक्टिविटी के साथ देश-दुनिया तक पहुंचेगी। जेवर क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के साथ इंटरनेशनल फिल्म सिटी, अपैरल पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, टॉय पार्क, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी और फिनटेक सिटी का भी विकास किया जा रहा है, जिसका सबसे अधिक लाभ बुलंदशहर को मिलेगा।

अमेरिका और

को कमजोर करने के उद्देश्य से हमले किए। शनिवार तड़के जारी बयान में कहा गया कि इन हमलों में निगरानी केंद्रों, सैन्य साजोसामान, भूमिगत हथियार भंडार और समुद्री सैन्य क्षमताओं को निशाना बनाया गया। कुवैत ने शनिवार को कहा कि वह ईरान की मिसाइलों और ड्रोन को नष्ट कर रहा है, लेकिन एक विलवणीकरण संयंत्र पर हमला हुआ जिससे आग लग गई। रेगिस्तान में स्थित इस छोटे से देश में दो दिनों में यह दूसरा ऐसा हमला था।

यह देश अपने पेयजल का 90 प्रतिशत हिस्सा विलवणीकरण से ही हासिल करता है। कुवैत फायर फोर्स के अनुसार, ईरान के हमलों से दो अन्य स्थानों पर लगी आग पर काबू पाने की कोशिश में कई कर्मचारी घायल हो गए। मिसाइल के खतरे के कारण कुवैत ने सुबह कुछ समय के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था और कुवैत एयरवेज ने कहा कि वह राजधानी आने-जाने वाली जूयादातर उड़ानों का समय बदल रहा है। इराक ने कहा कि उसने एरबिल शहर के ऊपर हमला करने वाले ड्रोन को मार गिराया है। जॉर्डन की सरकारी समाचार एजेंसी पेट्रा ने बताया कि देश की हवाई रक्षा प्रणाली ने ईरान की मिसाइलों को मार गिराया है, वहीं बहरीन सरकार के अनुसार, वहां कई बार हवाई सायरन बजे। ईरानी अधिकारियों के अनुसार, हाल के अमेरिकी हमलों में दर्जनों लोगों की मौत हुई है और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। दूसरी ओर, अमेरिकी सेना ने भी अपने कई और सैनिकों के घायल होने की पुष्टि की है। ईरान ने युद्ध शुरू होने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही प्रभावी रूप से बाधित कर दी, जिससे वैश्विक तेल बाजार प्रभावित हुआ। शुक्रवार को कच्चे तेल की कीमत 86 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई, जबकि इस मार्ग से गुजरने वाले जहाजों की संख्या तीन सप्ताह के न्यूनतम स्तर पर आ गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा, ईरान में भी हम बड़ी सफलता की ओर बढ़ रहे हैं और इसके नतीजे बहुत जल्द दुनिया के सामने होंगे।

देश का पहला

से जुड़ी संभावित समस्या के कारण प्रक्षेपण को अस्थायी रूप से रोक दिया गया था, जिसके कारण प्रक्षेपण निर्धारित समय पूर्वाह्न 11:30 बजे के बजाय 12 बजकर पांच मिनट पर किया गया। उड़ान भरने के बाद ग्राहा स्पेस, कॉसमोसर्व, डीक्यूब्ड और स्काईरूट के स्कोप के तकनीकी परीक्षण के लिए तैयार छोटे उपग्रहों और उपकरणों को क्रमवार 450 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की निचली कक्षा (एलईओ) में स्थापित किया गया। रॉकेट ने एक सूक्ष्म कलाकृति, 18 कैरेट सोने से बना एक सूक्ष्म रॉकेट, तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हाथों से लिखा वंदे मातरम संदेश वाला पोस्टकार्ड भी सफलतापूर्वक कक्षा में पहुंचाया। इसके साथ ही इंजीनियरों, वैज्ञानिकों और भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के पोस्टकार्ड भी भेजे गए।

अवैध पटाखा

कहा इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है और कई अन्य घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती हैं। कुछ घायलों की हालत गंभीर होने के कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है संयुक्त पुलिस आयुक्त जयपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि खुले खेत में स्थापित यह इकाई बिना वैध लाइसेंस के संचालित की जा रही थी। इस घटना की सूचना मिलते ही त्वरित कार्वाई बल (आरए

लॉर्ड्स पर निर्णायक वनडे में नजरें रोहित पर

भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ निर्णायक तीसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच के लिए निर्णायक मुकाबला आज

एजेंसी

लंदन। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ निर्णायक तीसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच के लिये जब रविवार को लॉडर्स पर उतरेगी तो समूचे क्रिकेट जगत की नजरें हिटमैन रोहित शर्मा पर लगी होंगी जिनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही है। तमाम अटकलों के बीच बीसीसीआई ने साफ तौर पर कहा है कि यह रोहित के कैरियर का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं होगा लेकिन पहले दो मैचों में नाकाम रहे भारत के पूर्व कप्तान खुद को साबित जरूर करना चाहेंगे। फ्रंटफुट पर बेहतरीन पुल शॉट खेलने और स्पिनरों को मैदान के चारों ओर खेलने वाले रोहित इस श्रृंखला में उस लय में नहीं दिखे जिससे इन अटकलों को बल मिला कि 39 वर्ष का यह दिग्गज अगले साल दक्षिण अफ्रीका में होने वाला वनडे विश्व कप नहीं खेल सकेगा।

कार्डिफ की कठिन पिच पर रोहित ने नौ डॉट गेंदें खेली जिसके बाद आउट हो गए। क्रिकेट का घर कहे जाने वाले लॉडर्स पर बल्लेबाजों की मददगार पिच पर शायद उन्हें लय हासिल करने में मदद मिले। बतौर कप्तान रोहित ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए हमेशा पावरप्ले में जोखिम भरे शॉट्स खेले हैं। उनके प्रशंसक रविवार को उसी रोहित को देखना चाहते हैं। पहले दस ओवर में उन्हें जोफ्रा आर्चर की तूफानी गेंदों का सामना करना होगा। कप्तान शुभमन गिल भी बड़ी पारी खेलना चाहेंगे जो सोफिया गार्डंस पर आसानी से आउट हो गए थे। दूसरी ओर विराट कोहली का शानदार फॉर्म बरकरार है। वह बृहस्पतिवार को दूसरे शतक की ओर बढ रहे थे लेकिन आर्चर की गेंद पर आउट हो गए जिसके बाद भारत का मध्यक्रम ढह गया और टीम को पराजय का सामना करना पड़ा। अब भारतीय टीम उससे सबक लेकर उतरेगी। केएल राहुल की जगह उतरे ईशान किशन शॉर्ट गेंद पर विकेट गंवा बैठे। उछलती गेंदों के सामने भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी जाहिर हो गई। श्रेयस अय्यर ने मध्यक्रम में अच्छा खेला और आदिल रशीद के साथ स्पिनरों का बखूबी सामना किया। गेंदबाजी में कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है क्योंकि वॉशिंगटन सुंदर चोटिल हैं। रविंद्र जडेजा की गैर मौजूदगी में अक्षर पटेल ने स्पिन हरफनमौला का काम अच्छे से किया है। टीम प्रबंधन आठवें नंबर तक बल्लेबाजी में गहराई चाहता है लेकिन सुंदर की चोट के कारण योजना बदलनी पड़ी। उनकी जगह बायें हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे को विकल्प के तौर पर शामिल किया गया है।

भारतीय गेंदबाजों को जो रूट के बल्ले पर अंकुश लगाना होगा जो कोहली की तरह रन बनाये जा रहे हैं। रूट के अलावा इंग्लैंड के बाकी बल्लेबाजों ने कुछ खास नहीं किया है। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3.30 बजे शुरू होगा। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ निर्णायक तीसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच के लिये जब रविवार को लॉडर्स पर उतरेगी तो समूचे क्रिकेट जगत की नजरें हिटमैन रोहित शर्मा पर लगी होंगी। तमाम अटकलों के बीच बीसीसीआई ने साफ तौर पर कहा है कि यह रोहित के कैरियर का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं होगा लेकिन पहले दो मैचों में नाकाम रहे भारत के पूर्व कप्तान खुद को साबित जरूर करना चाहेंगे। फ्रंटफुट पर बेहतरीन पूल शॉट खेलने और स्पिनरों को मैदान के चारों ओर खेलने वाले रोहित इस श्रृंखला में उस लय में नहीं दिखे जिससे इन अटकलों को बल मिला कि 39 वर्ष का यह दिग्गज अगले साल दक्षिण अफ्रीका में होने वाला वनडे विश्व कप नहीं खेल सकेगा।

कार्डिफ की कठिन पिच पर रोहित ने नौ डॉट गेंदें खेली जिसके बाद आउट हो गए। क्रिकेट का घर कहे जाने वाले लॉडर्स पर बल्लेबाजों की मददगार पिच पर शायद उन्हें लय हासिल करने में मदद मिले। बतौर कप्तान रोहित ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए हमेशा पावरप्ले में जोखिमभरे शॉट्स खेले हैं। उनके प्रशंसक रविवार को उसी रोहित को देखना चाहते हैं। पहले दस ओवर में उन्हें जोफ्रा आर्चर की तूफानी गेंदों का सामना करना होगा। कप्तान शुभमन गिल भी बड़ी पारी खेलना चाहेंगे जो सोफिया गार्डंस पर आसानी से आउट हो गए थे। दूसरी ओर विराट कोहली का शानदार फॉर्म बरकरार है। वह बृहस्पतिवार को दूसरे शतक की ओर बढ रहे थे लेकिन आर्चर की गेंद पर आउट हो गए जिसके बाद भारत का मध्यक्रम ढह गया और टीम को पराजय का सामना करना पड़ा। अब भारतीय टीम उससे सबक लेकर उतरेगी। केएल राहुल की जगह उतरे ईशान किशन शॉर्ट गेंद पर विकेट गंवा बैठे। उछलती गेंदों के सामने भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी जाहिर हो गई। श्रेयस अय्यर ने मध्यक्रम में अच्छा खेला और आदिल रशीद के साथ स्पिनरों का बखूबी सामना किया।

खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिप के गीत, शुभंकर का किया अनावरण

नयी दिल्ली। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने अगले महीने इंदिरा गांधी स्टेडियम पर होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिप के आधिकारिक शुभंकर पीको का शनिवार को अनावरण किया। इस मौके पर भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के अध्यक्ष और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा भी मौजूद थे। मांडविया ने 17 से 23 अगस्त तक होने वाली विश्व चैम्पियनशिप का गीत भी लांच किया। इस गीत में भारत की पूरी 16 सदस्यीय टीम नजर आयेगी जिसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू, लक्ष्य सेन, सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शामिल हैं। मांडविया ने इस मौके पर कहा, भारत में खेल संस्कृति का विकास हो रहा है और भारत खेलों का देश बनने की ओर अग्रसर है। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है और रोडमैप भी तैयार है।

हम 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी कर रहे हैं और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के इच्छुक हैं। उन्होंने कहा, इसके पहले देश को खेलों के बेहतरीन मेजबान के तौर पर स्थापित करने के लिये यहां बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित किये जा रहे हैं। पिछले दो साल में भारत में 36 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित हुए और इस साल की अगली छमाही में हम नौ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की मेजबानी करने जा रहे हैं। मांडविया ने कहा, अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की मेजबानी से हमारे खिलाड़ियों को अपने देश में खेलने का मौका तो मिलता ही है, साथ ही विश्व स्तरीय आयोजनों के मेजबान के तौर पर भारत की क्षमता का भी दुनिया को पता चलता है। भारत में 17 साल बाद हो रही बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप इस दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य भारत को 2036 में दुनिया के दस खेल देशों और 2047 में आजादी की सौवीं वर्षगांठ पर शीर्ष पांच खेल देशों में शामिल करना है। सरकार की ओर से पूरी तैयारी है और रोडमैप के हिसाब से काम चल रहा है। भारत के राष्ट्रीय पक्षी मोर से प्रेरित पीको की स्कर्ट शटलकॉक के जैसी बनाई गई है। विश्व चैम्पियनशिप के 30वें संस्करण में 50 से अधिक देशों के 400 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। भारत की चुनौती की अगुवाई पांच बार की विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता सिंधू करेंगी जो छठी बार पोडियम पर रहने पर चैम्पियनशिप की सबसे कामयाब खिलाड़ी बन सकती है।

विश्व चैम्पियनशिप के पूर्व पदक विजेता लक्ष्य सेन और पुरूष युगल सात्विक साइराज और चिराग भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगे। टीम में आयुष शेट्टी, उन्नति हुड्डा, गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली जैसे प्रतिभाशाली युवा भी हैं। सरमा ने कहा, 17 साल बाद भारत में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिप की वापसी भारतीय बैडमिंटन के लिये बड़ा कदम है। हमारे पास विश्व स्तरीय चैम्पियनशिप की मेजबानी के साथ भारत के बैडमिंटन के सुनहरे सफर का जश्न मनाने और नयी पीढी को खेल से जोड़ने का भी मौका है। उन्होंने कहा, पीको और आधिकारिक गीत इस सफर का पहला कदम है और मुझे यकीन है कि हमारे देश में बैडमिंटन पर यह चैम्पियनशिप अमिट छाप छोड़ेगी।

संक्षेप

स्पेन ने बरसों की मेहनत के बाद यह टीम तैयार की : रौड्री

न्यूयॉर्क। स्पेन फीफा विश्व कप में दूसरी बार ही फाइनल तक पहुंची है और कप्तान रौड्री का मानना है कि इस सफर में बरसों की मेहनत लगी है। नेशंस लीग 2023 और यूरोपीय चैम्पियनशिप 2024 जीतने वाली स्पेन टीम ने पिछले कुछ बरसों में यूरोप में अपनी बादशाहत साबित की है। अब उसके सामने अर्जेंटीना के रूप में रविवार को होने वाले फाइनल में सबसे कठिन चुनौती है लेकिन कप्तान रौड्री चाहते हैं कि उनकी टीम हारने के डर की बजाय जीत की चाह के साथ उतरे। उन्होंने शुक्रवार को कहा, हम धीरे धीरे आगे बढ रहे हैं। हम अपने अंदाज में खेलते रहेंगे क्योंकि पिछले पांच साल से इसी प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं। पहले मैच में केप वर्दे से गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद स्पेन ने टूर्नामेंट में अभी तक एक ही गोल गंवाया है। रौड्री ने कहा, हमारा लक्ष्य यह विश्व कप जीतना है और हमें यकीन है कि हम ऐसा कर सकते हैं। हमने दिखा दिया है कि यह टीम दिग्गजों को हरा सकती है। उन्होंने कहा, रविवार का मैच काफी अलग होगा और हमें इसके लिये तैयार रहना होगा। मेरा मानना है कि हमें अलग अलग हालात और प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खेलना आना चाहिये। हमें उसके मुताबिक डिफेंस, हमले और जवाबी हमले करने होंगे। हम काफी मुकम्मिल टीम हैं और उसी वजह से यहां तक हैं। उन्होंने कहा फ्रांस के खिलाफ मैच एक टीम के रूप में हमारे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में से एक था। लेकिन अर्जेंटीना के खिलाफ और बेहतर करना होगा क्योंकि वे चैम्पियन हैं। मुझे यकीन है कि हम ऐसा कर सकेंगे।

ओलिवर कान का कहना है, वीएआर में सुधार की जरूरत

मुंबई। महान गोलकीपर ओलिवर कान का कहना है कि वीएआर (वीडियो असिस्टेंट रेफरी) का मौजूदा स्वरूप खेल में अधिक निष्पक्षता और स्पष्टता लाने के उद्देश्य से बनाया गया है लेकिन वह चाहते हैं कि यह प्रणाली और तेज हो। कान ने कहा कि वीएआर को बेहतर बनाने के लिए मैदान पर मौजूद रेफरी को बार-बार स्क्रीन देखने के लिए जाने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। इसके बजाय वीडियो रूम में बैठे अधिकारियों को उनकी मदद करनी चाहिए। जर्मनी के पूर्व गोलकीपर कान ने जी5 द्वारा आयोजित एक बातचीत में पत्रकारों से कहा, जब मैं खेलता था, तब वीएआर नहीं था। कभी-कभी किस्मत आपके साथ होती है और कभी-कभी आपके खिलाफ।

सोबर्स में वह सब कुछ था, जैसा हम बनने का सपना देखते थे : गावस्कर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि सर गारफील्ड सोबर्स इस धरती पर महानतम क्रिकेटर थे और उनमें वह सब कुछ था जैसा एक बच्चे के रूप में बल्ला या गेंद उठाते हुए हम बनने क सपना देखते थे। क्रिकेट के इतिहास के महानतम हरफनमौला माने जाने वाले सोबर्स का शुक्रवार को बारबाडोस में 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।

वह 11 दिन बाद अपना 90वां जन्मदिन मनाने वाले थे। गावस्कर ने कहा, यह क्रिकेट के लिये सबसे दुखद दिन है। इस धरती के सबसे महान क्रिकेटर ने हमसे विदा ली। कोई भी शब्द क्रिकेटर सर गारफील्ड सोबर्स के बारे में बयां करने के लिये काफी नहीं है। उन्होंने कहा, जब बच्चे के रूप में हमने बल्ला या गेंद पकड़ा था तो जैसा बनने का हम सपना देखते थे, वह वैसे ही थे। उन्होंने कहा, सारी यादें जेहन में घूम रही है और हमेशा मेरे दिल में रहेंगी।

ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दे सर गारफील्ड। आप हमारे दिलों में हमेशा रहेंगे।

प्रखर बने यूपी हैंडबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष

लखनऊ। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन ने संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वाराणसी हैंडबॉल संघ के कोषाध्यक्ष एवं समाजसेवी प्रखर शुक्ला को उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन का नया उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय के निदेर्शानुसार यह नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही एके सिंह, जो अब तक उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे, को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त कर दिया गया। इस संबंध में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के कार्यकारी महासचिव अमित पाण्डेय ने बताया कि संगठन की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, अनुशासित और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है।

विश्व कप में 64 टीमें होने से भारत के मौके बढ़ेंगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय फुटबॉल के दिग्गज बाइचुंग भूटिया का मानना है कि फीफा अगर पुरुष फुटबॉल विश्व कप में टीमों की संख्या 48 से बढ़ाकर 64 कर

लेकिन क्वालीफिकेशन की गारंटी नहीं : भूटिया

देता है तो भारत के लिए विश्व कप में जगह बनाने की संभावना बढ़ जाएगी। उन्होंने हालांकि इस बात पर चिंता जताई कि इससे टूर्नामेंट की गुणवत्ता और रोमांच प्रभावित हो सकता है। दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल महासंघ ने अप्रैल 2025 में 2030 विश्व कप में 64 टीमों को शामिल करने का प्रस्ताव रखा था। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा है कि मौजूदा विश्व कप के बाद इस प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। रविवार को न्यूयॉर्क में अर्जेंटीना और स्पेन के बीच फाइनल खेला जाएगा। अगले विश्व कप (2030) की मेजबानी मुख्य रूप से स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को करेंगे जबकि टूर्नामेंट के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुरुआती तीन मुकाबले अर्जेंटीना, उरुग्वे और पराग्वे में खेले जाएंगे। पहला विश्व कप 1930 में उरुग्वे में आयोजित हुआ था। भूटिया ने विशेष बातचीत में कहा, भारतीय फुटबॉल प्रशंसक के नजरिए से देखें तो ज्यादा टीमों का शामिल होना स्वागतयोग्य कदम है। मैं यह नहीं कह रहा कि भारत निश्चित रूप से क्वालिफाई करेगा, लेकिन 48 की जगह 64 टीमें होने पर भारत के पास विश्व कप में जगह बनाने का बेहतर मौका होगा। उन्होंने कहा टीमों की संख्या बढ़ने के बावजूद भारत को विश्व कप के सपने को पूरा करने के लिए अपनी फुटबॉल व्यवस्था, ढांचा और जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों के विकास पर लगातार काम करना होगा।

लॉर्ड्स वनडे रोहित का आखिरी मैच नहीं : बीसीसीआई सचिव सैकिया

नयी दिल्ली। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने ने शुक्रवार को खास बातचीत में रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को लॉडर्स पर तीसरा वनडे उनका आखिरी मैच नहीं है। ऐसी अटकलें थी कि चयनकर्ताओं ने 39 वर्ष के पूर्व भारतीय कप्तान से कह दिया है कि वे उनसे आगे की सोच रहे हैं और यशस्वी जायसवाल को मौका देना चाहते हैं। सैकिया ने हालांकि कहा कि भारतीय क्रिकेट के चहेते हिटमैन कहीं नहीं जा रहे हैं। उन्होंने कहा, रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर मीडिया में काफी अटकलें लगाई जा रही है।

पी वी सिंधू जापान ओपन के फाइनल में

एजेंसी

तोक्यो। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू दो साल से अधिक समय में पहली बार फाइनल में पहुंच गई जब तोक्यो ओलंपिक चैम्पियन जापान की चेन युफेइ ने जापान ओपन महिला एकल सेमीफाइनल में शनिवार को बीच में ही कोर्ट छोड़ दिया। सिंधू उस समय 21-19, 15-10 से आगे थी जब चेन को मांसपेशी की चोट के कारण पीछे हटना पड़ा। यह लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल के बाद सिंधू का पहला फाइनल होगा।

वह 2024 मलेशिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भी उपविजेता रही थी। आखिरी बार उन्होंने 2022 में सिंगापुर ओपन सुपर 500 खिताब जीता था। मैच के बाद सिंधू ने कहा, मुझे खुशी है कि फाइनल में पहुंच सकी। उन्होंने कहा, मेरे लिये हर मैच पहले मैच की तरह है, खासकर आज का मैच। शुरू से ही फोकस बनाये रखना जरूरी था क्योंकि शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ियों के खिलाफ हर अंक मायने रखता है। फाइनल में रविवार को सिंधू का सामना जापान की अकाने यामागुची से होगा जिन्होंने इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वरदानी को दूसरे सेमीफाइनल में हराया।

यामागुची का सिंधू के खिलाफ रिकॉर्ड 14-10 का है जिनमें पिछले छह में से पांच मैच उन्होंने जीते हैं। सिंधू ने सेमीफाइनल मैच के बाद कहा, मैंने अपना फोकस बनाये रखा था और मेरे कोच भी बार बार यही कह रहे थे। पहले गेम में मैने बढत बना ली थी लेकिन वह काफी करीब आ गई जिसके बाद फोकस बनाये रखना जरूरी था। कई बार आगे चलने के बाद अंक गंवाने से निराशा आ जाती है। दिमाग में काफी कुछ चल रहा होता है।

ओलंपियन मनु ने परीक्षा पेपर कथित तौर पर लीक होने के विरोध प्रदर्शन पर जतायी चिंता

एजेंसी

नयी दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर ने परीक्षा पेपर कथित तौर पर लीक होने का विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और जीवन में निष्पक्ष अवसर मिलने का अधिकार है। इस स्टार निशानेबाज ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह मुद्दा राजनीति से कहीं बड़ा है और छात्रों के भविष्य की रक्षा के लिए अधिक जवाबदेही की आवश्यकता है। मनु ने लिखा, इस समय बात हमारे देश के भविष्य से जुड़ी ज़िंदगियों की है। बात हम सबकी है। उन्होंने कहा, मैं एक छात्रा हूं और एक समय हम सभी छात्र रहे हैं। हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और जीवन में निष्पक्ष अवसर मिलना चाहिए। ये कोई विशेषाधिकार नहीं, बल्कि उनके मौलिक अधिकार हैं।द जिन छात्रों और बच्चों ने अपनी जान गंवाई है, उनकी बात करते हुए उन्होंने कहा, वे हमारे देश का भविष्य बनने वाले थे। उनके सपनों, उनकी काबिलियत और उनके भविष्य की रक्षा की जानी चाहिए थी। मनु ने इस बात पर जोर दिया कि इस मुद्दे को राजनीतिक नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए।

एसोसिएट देशों और डब्ल्यूसीए ने आईसीसी की आलोचना की

दुबई। अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप के प्रारूप में किए गए बदलावों को लेकर एसोसिएट देशों और विश्व खिलाड़ी संघ ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि यह फैसला पहले उपलब्ध कराए गए अवसरों की मूल प्रकृति को ही बदल देता है। आईसीसी ने 2027 वनडे विश्व कप में भाग लेने वाली टीमों की संख्या 14 ही बरकरार रखी है। यह फैसला 2021 में लिया गया था जबकि 2019 और 2023 के विश्व कप में केवल 10-10 टीमें शामिल थीं। हालांकि, अब टूर्नामेंट के प्रारूप में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होने वाले 2027 वनडे विश्व कप में अब 12वीं, 13वीं और 14वीं रैंकिंग वाली टीमों के बीच सुपर सीरीज खेली जाएगी।

फीफा : मेस्सी की अर्जेंटीना के सामने स्पेन की दीवार

एजेंसी

न्यूयॉर्क। एक ओर लियोनेल मेस्सी का करिश्मा है तो दूसरी तरफ टूर्नामेंट में सिर्फ एक गोल गंवाने वाली स्पेन का अभेद डिफेंस। विश्व फुटबॉल की बादशाहत के लिये मौजूदा चैम्पियन अर्जेंटीना का सामना रविवार को स्पेन से होगा तो आक्रमण और बचाव की रोचक जंग देखने को मिलेगी। 2010 की चैम्पियन स्पेन ने टूर्नामेंट में फाइनल तक के सफर में सिर्फ एक गोल क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम के खिलाफ गंवाया है जबकि अर्जेंटीना ने अब तक इस टूर्नामेंट में सात मैचों में सबसे ज्यादा 19 गोल दागे हैं। यह मुकाबला केवल दो टीमों के बीच नहीं, बल्कि दो अलग अलग फुटबॉल शैलियों का भी है।

अर्जेंटीना ने पूरे टूर्नामेंट में दबाव के क्षणों से निकलकर जीत हासिल की है, जबकि स्पेन ने गेंद पर नियंत्रण, मजबूत रक्षापंक्ति और सामूहिक खेल के दम पर फाइनल तक का सफर तय किया है। स्पेन ने सेमीफाइनल में खिताब की सबसे प्रबल दावेदार कीलियन एमबाप्पे की फ्रांस को 2 . 0 से हराकर जाहिर कर दिया कि वह किसी के रसूख से घबराने वाली टीम नहीं है। खिताबी मुकाबले को बार्सीलोना के पूर्व नंबर 10 मेस्सी और वर्तमान में 10 नंबर जर्सी पहनने वाले स्पेन के लामिन यमाल के बीच मुकाबले के तौर पर भी देखा जा रहा है। फाइनल से पहले मेस्सी और यमाल की वायरल हुई दो दशक पुरानी तस्वीर ने इसे और रोचक मोड़ दे दिया है जिसमें मेस्सी बाथटब में बेबी यमाल को नहलाते दिख रहे हैं।

अब देखना यह है कि अर्जेंटीना 1958 और 1962 में ब्राजील के बाद लगातार दूसरी बार विश्व कप जीतने वाली टीम बनती है या स्पेन एक बार फिर जाइंटकिलर साबित होता है। पहली बार 48 टीमों के इस विश्व कप में यूरोपीय चैम्पियन स्पेन और दक्षिण अमेरिका की चैम्पियन टीम अर्जेंटीना का सफर एक सा नहीं रहा। छह बार की चैम्पियन अर्जेंटीना और मेस्सी को इस सफर में पक्षपात की भी तोहमतें झेलनी पड़ी लेकिन मेस्सी ने अब तक आठ और विश्व कप कैरियर में 21 गोल दागकर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। इस टूर्नामेंट में उनके और एमबाप्पे के आठ गोल हैं लेकिन चार में सहायता करके मेस्सी गोल्डन बूट की दौड़ में फिलहाल आगे हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में दूसरे गोल में जिस तरह से उन्होंने सूत्रधार की भूमिका निभाई, उससे विरोधी भी दंग रह गए। ग्रुप चरण में लगातार तीनों मैच जीतकर अर्जेंटीना की शुरूआत अच्छी रही। वहीं पहले नॉकआउट मैच में पांच लाख की आबादी वाले केप वर्दे ने उसे खासा परेशान किया और आखिरकार अतिरिक्त समय में जाकर अर्जेंटीना को 3-2 से जीत मिली। इसके बाद मिस्र ने 79वें मिनट में उसे दो गोल से पीछे रखा और आखिरी 13 मिनट में तीन गोल करके लियोनेल स्कालोनी की टीम जीती लेकिन रैफरिंग पर सवाल उठे। क्वार्टर फाइनल में स्विटजरलैंड को अतिरिक्त समय में 3-1 से हराया और सेमीफाइनल में पिछड़ने के बाद आखिरी मिनटों में एंजो फर्नांडिस और मार्तिनेज के गोल के दम पर अर्जेंटीना अंतिम चार में पहुंचा। दूसरी ओर पहले ही ग्रुप मैच में स्पेन को केप वर्दे ने गोलरहित ड्रॉ पर रोककर सभी को चौंका दिया था।

इसके बाद दो मैच जीतकर नॉकआउट में पहुंची स्पेन ने आस्ट्रिया को 3-0 से हराया और अंतिम 16 में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल को रवाना किया। बेल्जियम को हराने के बाद स्पेन ने सेमीफाइनल में फ्रांस के एमबाप्पे को बांधे रखा और अर्जेंटीना को इसी गलती से बचना होगा चूंकि अब स्पेन के निशाने पर मेस्सी होंगे। मेस्सी ने फाइनल से पहले इतना ही कहा, अर्जेंटीना अपना सब कुछ झोंक देगी। वहीं रौड्री ने कहा, हम विश्व कप जीतने के इरादे से ही आये हैं और हमें खुद पर यकीन है कि हम जीत सकते हैं। हमने दिग्गजों को हराया है और उसी लय को कायम रखना होगा। उन्होंने कह, फ्रांस के खिलाफ मैच एक टीम के रूप में हमारे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में से एक था।

लेकिन अर्जेंटीना के खिलाफ और बेहतर करना होगा क्योंकि वे चैम्पियन हैं। मुझे यकीन है कि हम ऐसा कर सकेंगे। कागजों पर बराबरी के दिख रहे इस मुकाबले में यदि अर्जेंटीना का अनुभव और मेस्सी का जादू चलता है तो ट्रॉफी दक्षिण अमेरिका जा सकती है, लेकिन यदि स्पेन ने अपनी लय और अनुशासित खेल बरकरार रखा तो यूरोप की नई बादशाहत स्थापित हो सकती है। यही अनिश्चितता इस फाइनल को यादगार बनाने के लिए काफी है।

जस्टिस डीपी गुप्ता का सेवा भाव युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत : श्रीमती अलका दास गुप्ता



लखनऊ। बीबीडी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के तत्वावधान में शनिवार को जस्टिस डीपी गुप्ता पूर्व मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय राजस्थान, पूर्व कार्यवाहक राज्यपाल व पूर्व कार्यवाहक लोकायुक्त राजस्थान का जन्म शताब्दी समारोह शनिवार को बीबीडी कैंपस के डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में मनाया गया। यह समारोह जस्टिस डीपी गुप्ता के जीवन, उनकी विरासत और उनके बहुमूल्य योगदान को याद करने के लिए किया गया है। साथ ही उनके जीवन और विरासत पर आधारित यादगार किताब का विमोचन गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जस्टिस दिनेश माहेश्वरी, पूर्व न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया एवं भारत के 23वें लॉ कमीशन के चेयरमैन ने जस्टिस डीपी गुप्ता को याद करते हुए कहा कि मैं उन सौभाग्यशाली में से हूं जिन्होंने महान विचारक न्यायमूर्ति जस्टिस डीपी गुप्ता के न्यायालय का अनुशासन को न केवल देखा बल्कि उसी के अनुरूप कार्य भी किया और उसी का प्रतिफल रहा कि न्यायिक क्षेत्र में मैंने उन ऊंचाइयों को हासिल किया। पिन ड्रॉप साइलेंस जिसे कहा जाता है वह जस्टिस डीपी गुप्ता के कोर्टरूम में देखा जा सकता था। उनकी कोर्ट में युवा वकील हमारे जैसे हो या वरिष्ठ हो, उन सभी से यह अपेक्षा रहती थी कि वह अपने केस पैरोकारी के लिए पूरी तरह से तैयारी करके आयें और तर्कसंगत रूप से केस का प्रस्तुतीकरण करें। उन्होंने कहा कि न्याय की गुणवता उदाहरण से नहीं, सिद्धांतों से होती है, जो सभी के लिए अनुकरणीय है। बीबीडी यूनिवर्सिटी की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता ने कहा कि उनकी बेटी होने के नाते मैं यह कह सकती हूं कि जस्टिस डीपी गुप्ता का मानना था कि ज्यूडिशियरी की ताकत ईमानदारी, स्पष्टवादी और संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता पर टिकी है। एक संस्थान के तौर पर, हमें उनकी विरासत को एक शुरुआत के जरिए सम्मान देने का मौका मिला है जो युवाओं को उनके विचारों को आगे बढ़ाते हुए नयी ऊंचाइयों पाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जस्टिस दिनेश माहेश्वरी, पूर्व न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया एवं भारत के 23वें लॉ कमीशन के चेयरमैन, विशिष्ट अतिथि के रूप में जस्टिस एमएन भंडारी, पूर्व मुख्य न्यायाधीश मद्रास हाईकोर्ट एवं सेफमा एक्ट के तहत अपीलीय ट्रिब्यूनल के चेयरमैन, जस्टिस शमीम अहमद, न्यायाधीश, मद्रास हाईकोर्ट, बीबीडी यूनिवर्सिटी की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, डिप्टी चांसलर विराज सागर दास, सोनाक्षी दास और दिव्यांशी दास, वरिष्ठ अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट अरुणेश्वर गुप्ता समेत कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। साथ ही प्रथम जस्टिस डीपी गुप्ता मूट कोर्ट प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीबीडी यूनिवर्सिटी की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता ने सम्मानित सभी न्यायाधीशों का स्वागत किया और कहा कि जस्टिस डीपी गुप्ता पूर्व मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय राजस्थान, पूर्व कार्यवाहक राज्यपाल व पूर्व कार्यवाहक लोकायुक्त राजस्थान की जन्म शताब्दी समारोह करना महज एक अवसर नहीं बल्कि यह न्यायपालिका और समाज के लिए उनकी शानदार सेवा को वर्तमान पीढ़ी के सामने लाना ताकि सभी उनके कार्यों के प्रति लगन और अनुशासन जाने, समझे और उससे प्रेरित हो, जिससे समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साबित कर सकें।

जस्टिस डीपी गुप्ता के विचार प्रेरणादायक : विराज सागर दास

बीबीडी यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर विराज सागर दास ने कहा कि उनके नाना जी जस्टिस डीपी गुप्ता के बारे में न्याय के क्षेत्र की विभूतियों का वक्तव्य सुनकर खुद को गर्व महसूस हो रहा है कि मैं ऐसे व्यक्तित्व और विरासत का अंग हूं। मैं अपनी मां श्रीमती अलका दास गुप्ता की ओर से न्याय क्षेत्र में चौथी पीढ़ी में हूं। अपने नाना जी के लिए जो भी मंच पर उपस्थित वरिष्ठ विभूतियों की ओर से कहा गया उससे केवल हमें हीं नहीं बल्कि विधि क्षेत्र की पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक भाषण रहा। इस प्रतियोगिता को अनुभवी न्यायिक शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक जरूरी कदम बताते हुए उन्होंने कहा कि देश भर के इंस्टीट्यूशन्स से जोश के साथ हिस्सा लेना उन प्लेटफॉर्म्स की बढ़ती अहमियत को दिखाता है जो क्लासरूम लर्निंग को कोर्टरूम प्रैक्टिस से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा, न्यायिक शिक्षा में छात्रों को कानून समझने और उसे साफ तौर पर, ज़िम्मेदारी और पक्के यकीन के साथ लागू करने के लिए तैयार करना चाहिए।

पेज 1 का शेष

जस्टिस डीपी गुप्ता

को गर्व महसूस हो रहा है कि मैं ऐसे व्यक्तित्व और विरासत का अंग हूं। विजेताओं को लगभग एक लाख रूपये का नगद ईनाम व ट्रॉफी दी गयी। इस अवसर पर प्रथम जस्टिस डीपी गुप्ता मूट कोर्ट प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इसमें बेस्ट रिसर्चर के लिए 5100 रुपये कैश प्राइज और ट्रॉफी ईशानी मोहन को दी गयी। बेस्ट स्पीकर के लिए 5100 रुपये कैश प्राइज व ट्रॉफी और रनर टीम के रूप में 31000 रुपये कैश प्राइज व ट्रॉफी श्रेया शुक्ला, अविरल द्विवेदी व अनुष्का शर्मा को दिया गया जबकि विनर के रूप में 51000 रुपये का कैश प्राइज व ट्रॉफी चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, पटना के समृद्धि, प्रगति व आदित्य को दिया गया।

इंटरटेनमेंट...

72वें नेशनल अवॉर्ड का एलान

मुंबई। आदित्य धर की फिल्म आर्टिकल 370 को शनिवार को 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में वर्ष 2024 की सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार मिला। वहीं, फिल्म 'श्रीकांत' को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का पुरस्कार मिला और यामी गौतम को लीडिंग रोल में बेस्ट एक्ट्रेस का पुरस्कार दिया गया। वहीं, 'ब्रमायुगम' के लिए ममूटी और 'चंदू चैंपियन' के लिए कार्तिक आर्यन को संयुक्त रूप से लीडिंग रोल में बेस्ट एक्टर का पुरस्कार दिया गया। घोषित विजेताओं में तमिल फिल्म 'रायन' को सर्वश्रेष्ठ तमिल फिल्म, 'कमेटी कुर्रोल्लू' को सर्वश्रेष्ठ तेलुगु फिल्म, 'लाहरी' को सर्वश्रेष्ठ ओड़िया फिल्म, 'मुक्काम पोस्ट बॉम्बिलवाड़ी' को सर्वश्रेष्ठ मराठी फिल्म और 'सुनीता' को सर्वश्रेष्ठ मणिपुरी फिल्म का पुरस्कार मिला। गैर-फीचर फिल्मों की श्रेणी में 'भंगार को सर्वश्रेष्ठ गैर-फीचर फिल्म चुना गया। हिंदी फिल्म 'मैं निदा' को सर्वश्रेष्ठ कला एवं संस्कृति फिल्म का पुरस्कार मिला, जबकि 'हमसफर' को सर्वश्रेष्ठ शॉर्ट फिल्म का सम्मान दिया गया।

स्लम रिहैबिलिटेशन अथॉरिटी के ऑफिस पहुंचे सलमान खान, बुजुर्गों को चाबियां दीं

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान शुक्रवार को एसआरए (स्लम रिहैबिलिटेशन अथॉरिटी) के दफ्तर पहुंचे, जहां उन्होंने कई बुजुर्गों को उनके सपनों के घर की चाबियां सौंपीं। एक्टर टाइट सिक्योरिटी के साथ पहुंचे थे, इसके बावजूद भीड़ ने उन्हें घेर लिया। सलमान खान के पर्सनल सिक्योरिटी हैड शेरा भी उनके साथ मौजूद रहे। सलमान ने वहां मौजूद बुजुर्ग महिलाओं को उनके घरों की चाबियां दीं और मुस्कुराते हुए हाथ मिलाया। ऑफिस में सलमान खान के साथ मौजूद टीम ने वहां पहुंचे लोगों से कहा कि वो चाहें तो सवाल पूछ सकते हैं।

आमिर को लॉरेंस गैंग से जान से मारने की धमकी

मुंबई। एक्टर आमिर खान को तीसरी शादी करने पर अब लॉरेंस गैंग की तरफ से जान से मारने की धमकी मिलने की खबर है। रिपोर्ट के अनुसार गैंग ने आमिर खान की 5 जुलाई को हुई गौरी स्प्रैट से शादी को लव जिहाद बताया है। आज तक की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को लॉरेंस गैंग की तरफ से एक लेटर और ऑडियो नोट जारी किया गया है। हमारे देश में आमिर खान जैसे लोग लव जिहाद को बढ़ावा दे रहे हैं, हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसका जवाब बहुत जल्द इसको दिया जाएगा। ये चीज हमारे सनातन धर्म में और देश के खिलाफ है। ये जो स्टारडम के नाम पर इस चीज को बढ़ावा दे रहे हैं, इनकी हम सांसें दबा लेंगे। खबर लिखे जाने तक मुंबई पुलिस की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। आमिर की टीम की तरफ से भी कोई बयान नहीं आया है। तीसरी शादी करने के बाद एक्टर आमिर खान को सोशल मीडिया पर लव जिहाद का ब्रांड एंबेसडर कहा जा रहा है। आमिर ने रेडिफ के साथ बातचीत में इन आरोपों पर आमिर ने मेरी तीनों शादियों में किसी भी पत्नी ने धर्म परिवर्तन नहीं किया, क्योंकि शादियां सिविल मैरिज थीं।

अक्षय कुमार को ओएमजी-2 से दूर रखना चाहते थे परेश रावल

मुंबई। फिल्म 'ओएमजी-2' के निमार्ता अश्विन वर्दे ने अभिनेता परेश रावल के आरोपों पर चुप्पी तोड़ी है। अश्विन ने परेश के दावों को पूरी तरह गलत और निराधार बताया है। हाल ही में परेश रावल ने एक पॉडकास्ट में आरोप लगाया था कि ओह माय गॉड 2 उन्होंने लिखी थी, लेकिन उन्हें इसका क्रेडिट नहीं दिया गया। इस पर पलटवार करते हुए अश्विन ने कहा कि परेश रावल इस स्क्रिप्ट को किसी दूसरे नाम से बनाना चाहते थे और वे अक्षय कुमार को इस प्रोजेक्ट से दूर रखना चाहते थे। अश्विन ने पूरी कहानी को सबके सामने रखा है।

अश्विन वर्दे के मुताबिक, फिल्म 'ओएमजी' के कॉपीराइट और बौद्धिक संपदा (आईपी) अधिकार केवल अक्षय कुमार के पास हैं। लेखक अमित राय ने 'ओएमजी-2' की मूल स्क्रिप्ट लिखी थी। परेश रावल इस स्क्रिप्ट को किसी दूसरे नाम से बनाना चाहते थे ताकि अक्षय कुमार को इस प्रोजेक्ट से पूरी तरह दूर रखा जा सके। अश्विन ने परेश की इस कोशिश को सीधे-सीधे स्क्रिप्ट चोरी और अनैतिक काम बताया है, क्योंकि वे बिना अक्षय कुमार की मंजूरी के उनकी फिल्म के फॉर्मेट का इस्तेमाल करना चाहते थे। फिल्म इंडस्ट्री के अन्य अभिनेताओं ने भी इसमें काम करने से इसीलिए मना कर दिया था क्योंकि वे जानते थे कि यह अक्षय कुमार की फिल्म है और उनकी अनुमति के बिना इसे बनाना गलत होगा।



इस चोरी को रोकने और स्क्रिप्ट को सुरक्षित करने के लिए अश्विन वर्दे की कंपनी ने अमित राय से इसके अधिकार खरीद लिए। इसके बाद जब अश्विन ने परेश रावल से कहा कि नैतिकता के नाते वे यह स्क्रिप्ट सबसे पहले अक्षय कुमार को दिखाएंगे, तो परेश अड़ गए कि फिल्म 'ओएमजी' के नाम से नहीं बननी चाहिए। अक्षय कुमार और अश्विन के काफी समझाने के बाद भी परेश रावल फिल्म में काम करने को तैयार नहीं हुए और वे फिल्म से अलग हो गए।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com